भोपाल

शुक्रवार, 21 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 11, अंक : 328
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 16

हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**पीएम मोदी ने दी 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी**

## सरकारी कर्मचारियों की 50 प्रतिशत तक बढ़ेगी सैलरी!



**नई दिल्ली।** आठवें वेतन आयोग के ऐलान के साथ ही केंद्रीय सरकारी कर्मचारी अब अपनी सैलरी में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 8वें वेतन आयोग के गठन के संबंध में जनवरी में बहुप्रतीक्षित अपडेट मिला। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025: मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने 'हरिभूमि' से कहा

# प्रदेश में विकास को गति मिलेगी और लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश देश के प्रमुख औद्योगिक गलियारों से जुड़ा हुआ है, जिससे यहां से उत्पादों का सुगम और कम लागत में परिवहन संभव है।

यह रणनीतिक बढ़त उन कंपनियों के लिए लाभदायक होगी, जो अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं। लेकिन, मैं एक बात स्पष्ट रूप से कहूंगा कि मध्यप्रदेश में बड़े- बड़े औद्योगिक इकाइयों का स्थापित होना अच्छी बात है। कोई भी बड़ा उद्योग अपने आप में पूर्ण नहीं होता। उसे कई सहायक इकाइयों से उनके द्वारा उत्पादित वस्तु लेनी ही पड़ती है। स्थानीय रूप से ऐसी एंसलरीज ही बड़े उद्योगों की उत्पादन लागत में कमी लाती है जिससे उद्योगों को फलने- फूलने का बेहतर अवसर मिलता है। पुणे स्थित पिंपरी, चिंचबड़, चाकन इसका जीता-जागता उदाहरण है। जीआईएस से प्रदेश में विकास को गति मिलेगी और लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। यह बात मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में 'हरिभूमि' से चर्चा करते हुए कही।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



**यह समिट मध्य प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे राज्य में निवेश बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी**

## निवेशक मध्यप्रदेश की क्षमता को जान सकेंगे

सिंह ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 इस औद्योगिक परिवर्तन को नई दिशा देगा। फिलहाल, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भोपाल को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इससे शहर की खूबसूरती में चार चांद लग गए हैं। सड़कों की मरम्मत की गई है और शहर को रोशनी से जगमगाया जा रहा है। इस भव्य आयोजन के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। यह समिट मध्य प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे राज्य में निवेश बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस समिट में दुनिया भर के निवेशक मध्य प्रदेश की क्षमता को देखेंगे और समझेंगे। यह भी जान सकेंगे कि मप्र एक दमदार स्टेट है।

### अब तो हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद

सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है। नवाचार और उद्योगों के लिए उपयुक्त केंद्र भारत के हृदय प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मध्यप्रदेश में 300 से अधिक औद्योगिक पार्क मौजूद हैं। प्रदेश की 8 करोड़ से अधिक की जनसंख्या के साथ, यह प्रतिभाओं का एक विशाल केंद्र है। *इंपैक्ट फीचर*




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



रविंद्र कुमार इंद्राज — मंत्री, समाज कल्याण, एससी एसटी मामले, श्रम
कपिल मिश्रा — मंत्री, जल, पर्यटन, संस्कृति
प्रवेश वर्मा — मंत्री, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, परिवहन
वीके सक्सेना — उपराज्यपाल (एलजी)
नरेंद्र मोदी — प्रधानमंत्री
रेखा गुप्ता — मुख्यमंत्री, गृह, वित्त, सेवाएं सतर्कता और योजना
मनजिंदर सिंह सिरसा — मंत्री, स्वास्थ्य शहरी विकास, उद्योग
आशीष सूद — मंत्री, राजस्व, पर्यावरण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति
पंकज कुमार सिंह — मंत्री, विधि, विधायी कार्य एवं आवास

**खबर संक्षेप**

### ब्लैकटी पीने के बाद बच्ची की मौत, 6 लोग बीमार

**रतलाम।** यहां ब्लैक-टी पीने के बाद एक ही परिवार के 6 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी-दस्त लग गए। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से उन्हें रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान तीन साल की एक बच्ची की मौत हो गई। घटना बुधवार को रावटी थाना क्षेत्र के पीपलीवाड़ा की है। यहां बेरमबाई (60) पति जीवला सिंघाड़ ने घर में काली चाय बनाकर घर के सदस्यों को दी थी।



### सोनिया गांधी दिल्ली के अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोनिया को रूटीन चेकअप के लिए भर्ती किया गया है। उन्हें शुक्रवार सुबह तक अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकता है। बता दें कि सोनिया गांधी की उम्र 78 वर्ष हो गई है। हालांकि भर्ती होने का सही समय अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि उन्हें गुरुवार सुबह भर्ती कराया गया।



### केंद्र सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना के अश्लील टिप्पणियों का मामला जैसे ही तूल पकड़ा, केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई। केंद्र ने अब सोशल मीडिया पर फैली अश्लीलता और अश्लील चुटकुलों को लेकर उठे विवाद के बीच सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। केंद्र ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को कानून द्वारा बैन सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ चेतावनी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आईटी नियम-2021 का पालन करने को कहा है।



*रामलीला मैदान पर प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ ली शपथ*

# दिल्ली की भाग्य 'रेखा' का उदय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रामलीला मैदान के मंच पर मुख्यमंत्रियों का जमावड़ा, खुद प्रधानमंत्री की मौजूदगी और समर्थकों से भरा-पूरा मैदान। दिल्ली की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में रामलीला मैदान भगवामय हो गया। भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे बरबस हवा में तैरते रहे। इस बीच राष्ट्रगान हुआ तो जनसैलाब में भारी अनुशासन देखा गया। फिर उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना माइक पर आए और शुरू हो गया शपथ ग्रहण का सिलसिला। परंपरा के अनुसार ▶▶ शेष पेज 6 पर



## रामलीला मैदान 'भारत माता की जय' और 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा



**पीएम मोदी ने रेखा गुप्ता को दी बधाई**

**उनका सफर दिल्ली के लिए एक अहम मोड़ साबित होगा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी। उन्होंने रेखा गुप्ता की लंबी राजनीतिक यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

एनडीए के घटक दलों को पीएम मोदी का साफ संदेश

# 'एक हैं तो सेफ हैं...अगले दो साल में जहां भी चुनाव, वहां विपक्ष को हराएंगे

## सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे

## बैठक में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और घटक दल के सभी पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की। दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों बाद यह उच्च स्तरीय ▶▶ शेष पेज 6 पर




### एनडीए में एकता का दिया संदेश

एनडीए की बैठक में शामिल होने वाले नेताओं में वरिष्ठ नेताओं में केंद्रीय गृह मंत्री शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ विभिन्न एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस आदि मौजूद रहे। इस बैठक के माध्यम से एनडीए में एकता का संदेश दिया गया।

**खाते में सीधे पहुंचेंगे 224 करोड़ रुपए**

# मुख्यमंत्री आज 89 हजार 700 विद्यार्थियों को भेजेंगे लैपटॉप राशि



कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा।*

*स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रुपए की राशि अंतरित करेंगे। यह विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपए की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है। कार्यक्रम में भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर और सांसद आलोक शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।*

नवनियुक्त प्रभारी चौधरी का मप्र दौरा

## अनुशासन की दी नसीहत, बोले 'मिशन एमपी' पर काम करूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के गुरुवार को पहली बार भोपाल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट से लेकर पीसीसी तक उनका भव्य स्वागत किया। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उनको एयरपोर्ट लेने पहुंचे। खास बात यह है कि पटवारी स्वयं प्रदेश प्रभारी वाली कार को स्वयं ड्राइव करते हुए पीसीसी पहुंचे। प्रदेश प्रभारी ने इस दौरान कांग्रेस के ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की

मुनाफे के लालच में गंवाई पूंजी

## इंदौर में रिटायर्ड प्रिंसिपल से 1.70 करोड़ रु. की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जहां 85 वर्षीय रिटायर्ड प्रिंसिपल को निवेश पर अधिक मुनाफा देने का लालच देकर 1 करोड़ 70 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने वॉट्सएप पर मैसेज कर बुजुर्ग को अपने जाल में फंसाया और अलग-अलग नौ से ज्यादा ट्रांजेक्शन के जरिए यह रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा ली। बुजुर्ग की यह जीवन भर की पूंजी जो कि उन्होंने ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ पुलिस की चेतावनी को भी अनसुना किया

केंद्र के मुख्य आर्थिक सलाहकार

## नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च 2027 तक बढ़ा, मंजूरी मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को सरकार द्वारा सीईए का पदभार ग्रहण किया था। सीईए का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले संसद में पेश किए जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करता है। अब उनका कार्यकाल मार्च 2027 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ उन्होंने बजट का आर्थिक सर्वेक्षण तैयार किया था

यह 30 साल पुराना मामला

## महाराष्ट्र: कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को दो साल की सजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे एक धोखाधड़ी के मामले में दोषी पाए गए हैं। उन्हें नासिक की एक अदालत ने दो साल की कैद की सजा सुनाई है और 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। सहायक लोक अभियोजक पूनम घोटके ने कहा कि हमने इस मामले में कुल 10 गवाहों की जांच की थी। सभी 10 गवाहों की जांच के बाद अदालत ने माणिकराव कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ फ्लैट मामले में धोखाधड़ी का केस

*निवेश पर ज्यादा रिटर्न देने व डबल करने का लालच दिया*

# ईडी ने उप्र व मप्र में दो कंपनियों की करीब 5 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कॉ-ओपरेटिव सोसाइटी घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कंपनियों भास्कर इंफ्राकॉन व कैसल हाइट्स की 4.80 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। ये संपत्तियां झांसी (उत्तर प्रदेश) और भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित हैं। इनमें भूमि और इमारतें शामिल हैं। इन कंपनियों ने लोगों ▶▶ शेष पेज 6 पर

निवेश जब ज्यादा हुआ तो अधिकारी और एजेंट पैसा लेकर फरार हो गए




### कंपनी के अधिकारी और एजेंट पैसा लेकर फरार

घोटालेबाजों ने शुरुआती सालों में कुछ निवेशकों को पैसे लौटाकर विश्वास जीतने की कोशिश की, जिससे और ज्यादा लोग इन योजनाओं में पैसा लगाने लगे, लेकिन जब निवेश की रकम बहुत ज्यादा हो गई तो अधिकारी और एजेंट पैसा लेकर फरार हो गए।

*8 साल के बेटे का जबरन खतना कराया और बदला नाम*

# महिला, उसके प्रेमी व सहयोगी को 10-10 साल की 'सजा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जिला कोर्ट ने शहर के चर्चित धर्म परिवर्तन के मामले में प्रेमी-प्रेमिका और उसके एक सहयोगी को दस-दस साल की सजा सुनाई है। पहले पति से हुए बच्चे का महिला ने मुस्लिम प्रेमी के साथ मिलकर खतना करवाया था। साथ ही मदरसे में पढ़ाई के लिए भेज दिया था। इस मामले में जैन समाज के साथ जैन मुनियों ने भी काफी विरोध दर्ज करवाया था। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी इस संबंध में चिंता जाहिर ▶▶ शेष पेज 6 पर



आरोपी



### 18 महीने बाद सजा का ऐलान

करीब 18 महीने चली सुनवाई के दौरान पुलिस ने धर्म परिवर्तन करने, बच्चे की खतना करने की मेडिकल रिपोर्ट और आरोपी बनाई गई महिला प्रार्थना के धर्म परिवर्तन करने के सबूत पेश किए थे। इसी आधार पर अदालत ने तीनों आरोपियों इलियास, प्रार्थना और जफर को सजा सुनाई है।

## दादाजी धाम मंदिर में धूमधाम से मनाई गई श्रीसंत गजानन महाराज की जयंती

रायसेन रोड पटेल नगर स्थित मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शेगांव महाराष्ट्र के संत श्री गजानन महाराज का 147वां प्राकट्य दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से श्री संत गजानन महाराज के भक्त दादाजी धाम मंदिर पहुंचे। शाम 5 बजे से गर्भग्रह प्रक्रिमा में स्थापित श्री संत गजानन महाराज का अभिषेक पूजन, अर्चना, आरती, हवन भक्तों द्वारा किया गया। बाद में गजानन महाराज को भोग में झुणका, भाकर, मोदक, बूंदी एवं फल में केले का भोग लगाया गया।





### त्रिवेणी के पवित्र जल से भक्तों का कराया जाएगा आचमन बनाया जाएगा अस्थाई कुंड

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड की ओर से 26 फरवरी को शिवरात्रि के महापर्व पर भोजपुर में 22वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मोरधन की खीर, साबूदाने की खिचड़ी, साबूदाने के बड़े, आलू चाट, सिंघाड़े का हलवा, फल चाय शामिल हैं। जिन भक्तों का व्रत नहीं होगा, उनके लिए स्पेशल कढ़ी चावल की व्यवस्था की जाएगी। रिंकू भटेजा ने बताया कि जो भक्त कुंभ नहीं जा सके हैं। उनके आचमन के लिए विशाल फाउंटेन के माध्यम से प्रयाग राज त्रिवेणी संगम से लाए गए पवित्र जल से स्थाई कुंड का निर्माण किया जाएगा।

## अंगूरों से सजाया बंगला, प्रभु श्रीनाथ का किया श्रृंगार

राजधानी के लखेपुरा श्रीजी मंदिर में श्रीनाथजी एवं श्रीजी मंदिर का 26वां पाटोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पुराने शहर लखेरापुरा श्रीजी मंदिर में गुरुवार को श्रीनाथजी एवं श्रीजी मंदिर का 26वां पाटोत्सव मनाया गया। प्रभु श्रीनाथ के लिए हरे व काले अंगूरों से बंगला सजाया गया। उसमें प्रभु को विराजित किया गया। प्रभु श्रीनाथजी का पीले वस्त्र के साथ सिर्फ मां चंद्रिका एवं सोने के मीनाकारी आभूषणों से श्रृंगार किया गया। प्रातः काल में प्रभु को इत्र वाला चंदन से स्नान कराया गया। दापेहर प्रभु अंगूर की मंडली विराजमान होकर प्रभु ने श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। श्रद्धालुओं ने होली खेली। गुलाल व फूल प्रभु पर उड़ाए। महिलओं ने भजन गाए। मंदिर के मुखिया पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि 27 फरवरी से श्री यमुनाष्टक के पाठ के साथ होली उत्सव शुरू होगा।



राजधानी स्थित मॉडल स्कूल रहेगा केंद्र

## एमपी बोर्ड: आज होगा उत्तर पुस्तिका सहित शैक्षणिक सामग्री का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 25 फरवरी से शुरू हो रही मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं को लेकर माशिमं ने तैयारियां पूरी कर ली है। शुक्रवार से परीक्षा के लिए उत्तरपुस्तिकाओं सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण शुरू हो जाएगा।

राजधानी भोपाल में मॉडल स्कूल को केंद्र बनाया गया है। सुबह 10 बजे शिक्षकों को पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जाएगा। फिलहाल यह सामग्री स्थानीय थानों में सुरक्षित रखी जाएगी, जिसे परीक्षा के दिन निकाला जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि इन परीक्षाओं में करीब 16.60 लाख स्टूडेंट शामिल हो रहे हैं। इसमें 10वीं में करीब 9.53 लाख और 12वीं में 7.06 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड ने परीक्षा के लिए 3887 केंद्र बनाए हैं। इनमें करीब 500 से अधिक संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्र हैं।

### अराजकता फैलाने वालों पर विशेष नजर

पिछले पेपर लीक मामलों को देखते हुए इस बार माशिमं अलर्ट मोड में है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामकता फैला रहे कथित लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भी बोर्ड साइबर पुलिस को पत्र लिखा है। माशिमं ने टेलीग्राम चौनल से पेपर उपलब्ध कराने का वादा कर भोले विद्यार्थियों को ठगने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए साइबर क्राइम कार्यालय को पत्र लिखा है। साइबर पुलिस ने इस संबंध में ठगों के खिलाफ जांच कार्रवाई प्रारंभ करते हुए विद्यार्थियों से ऐसे लोगों के बहकावे में न आने की अपील की है।

## सीबीएसई: 10वीं का हुआ साइंस का पेपर, आज 12वीं का पेपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की मुख्य परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को दसवीं कक्षा के साइंस का पेपर हुआ। विद्यार्थियों ने पेपर कठिन बताया। विद्यार्थियों ने कहा, 'हमने पूरी मेहनत से तैयारी की थी, लेकिन पेपर में कई ऐसे सवाल थे, जिनका हमें बिल्कुल अंदाजा नहीं था। कुछ विद्यार्थियों ने कहा कि उन्होंने जैसी तैयारी की थी, पेपर भी उसी के अनुरूप आया हुआ था। वहीं अब सीबीएसई 12वीं फिजिक्स सब्जेक्ट की परीक्षा 21 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

## पीएम के दौरे के चलते 24 को बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

**जीआईएस समिट में प्रधानमंत्री होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के चलते राजधानी की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। दरअसल, सुबह 10 से 11 बजे तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में जीआईएस समिट का आयोजन किया जा रहा है। पीएम इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके चलते प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राजभवन, पुराना मछलीघर, केएन प्रधान तिराहा से प्रोफेसर कॉलोनी, पॉलीटेक्निक चौराहा, किलोल पार्क, भारत भवन,बोट क्लब आदि क्षेत्र का सामान्य यातायात प्रभावित होगा। इसी दौरान 10वीं व 12वीं की परीक्षा का आयोजन भी होगा। इसके चलते यातायात पुलिस द्वारा छात्रों व अभिभावकों को आने-जाने को लेकर गाइडलाइन व रूट जारी किया है।

### छात्र ऐसे आ-जा सकेंगे

यातायात पुलिस के अनुसार सुबह से ही मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं भी विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर परीक्षा केंद्र तक जाए। इसके तहत मुख्य रूप से रेतघाट, मोती मस्जिद, बुधवारा, तलैया, कंट्रोल रूम, रोशनपुरा मार्ग उपयोग किया जाए। इसी प्रकार इस दौरान नए शहर से पुराने शहर में जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा भी प्रतिबंधित मार्गों पर स्कूल वाहनों तथा विद्यार्थियों के आने पर पालीटेक्निक चौराहा से केएन प्रधान, पुराना मछली घर होकर वीवीआईपी आगमन के समय के पूर्व उनके वाहनों को आने जाने के लिए रास्ता दिया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थियों के वाहनों को अनावश्यक नहीं रोका जाएगा। किसी भी विपरीत परीस्थितियों में इन स्थानों पर वाहनों के फंसने पर या किसी प्रकार की यातायात समस्या होने पर वाट्सएप हेल्पलाइन नबंर 7587602055 व कंट्रोल रूम पर सूचना दी जा सकती है, जिससे विद्यार्थियों की मदद की जा सके।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



जीआईएस को लेकर राजधानी में सजावट का काम जारी है। रविंद भवन के पास फव्वारों को आकर्षक रूप दिया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी में यह लोगों का मन मोह रहे हैं।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल

# एसपीजी ने संभाली कमान, भोपाल में पीएम मोदी की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की टीम भोपाल पहुंच गई है।

गुरुवार को एसपीजी के अफसरों ने एडीजी संजीव शमी के साथ भोपाल के पुलिस आयुक्त कार्यालय में बैठक कर राजभवन और आयोजन स्थल मानव संग्रहालय की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी की रात भोपाल पहुंचेंगे और राजभवन में ठहरेंगे। अगले दिन पीएम मानव संग्रहालय में आयोजित जीआईएस के उद्घाटन सत्र में भाग लेकर रवाना हो जाएंगे। इसके अगले दिन समापन सत्र में देश के गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे।

**एडीजी ने एसपीजी अफसरों के साथ बैठक लेकर की चर्चा**

## गुरुवार को मेहमानों की संख्या में 3 हजार का इजाफा

इधर, जीआईएस में आने वाले मेहमानों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। गुरुवार को जीआईएस में आने वाले मेहमानों की संख्या में 3000 का इजाफा हो गया। अब जीआईएस में भाग लेने के लिए कुल 25 हजार मेहमान भोपाल आएंगे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों की संख्या 31 हजार हो जाने के कारण रजिस्ट्रेशन पोर्टल को बंद कर दिया गया था। मंगलवार को इनमें से कुल 18 हजार लोगों को चयनित कर आमंत्रित करने का फैसला हुआ था। बाद के दो दिनों में 7000 लोगों के नाम बढ़ा दिए गए। गुरुवार तक इस आयोजन में आने वाले 13 हजार लोगों को पास भी जारी किए जा चुके हैं।

### थ्री लेयर सिक्योरिटी को लेकर हुई चर्चा

दोनों स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए गुरूवार को भोपाल पुलिस की बैठक हुई। इसके बाद शाम को एसपीजी के आईजी की मौजूदगी में राजभवन और मानव संग्रहालय की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि पीएम के प्रवास और जीआईएस के दौरान थ्री लेयर सिक्योरिटी रहेगी। इस पीएम जहां एनएसजी कमाडों के सुरक्षा घेरे में रहेंगे, वहीं एसपीजी दूसरे घेरे की सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। इसके बाहर तीसरे घेरे की सुरक्षा का जिम्मा एमपी पुलिस के पास रहेगा।



## 'निरोगी काया' में युवाओं की मधुमेह, बीपी व फैटी लिवर की होगी जांच

**भोपाल।** असंचारी रोगों यानी नॉन कम्यूनिकेबल डिजीज (एनसीडी) की स्क्रीनिंग के लिए निरोगी काया अभियान की शुरूआत गुरुवार से हुई। 31 मार्च तक चलने वाले अभियान में 30 साल से अधिक आयु के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप व नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज स्क्रीनिंग की जाएगी। पीड़ित पाए जाने पर निःशुल्क उपचार दिया जाएगा। अभियान के पहले दिन गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक सलोनी सिडाना, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी, एनसीडी उप संचालक डॉ. आशीष सक्सेना समेत अन्य अधिकारियों ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पहुंचकर अभियान में दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। अभियान के तहत स्क्रीनिंग के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जांच और उपचार की रिपोर्ट एनसीडी पोर्टल में दर्ज कि जा रहा है। रोगों की पहचान होने पर त्वरित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों अथवा जिला चिकित्सालय में उपचार प्रारंभ किया जाएगा। इससे युवाओं को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

### टक्कर लगने के बाद सामने से आ रही कार पर गिरा था सॉफ्टवेयर डॉवलपर्स

# आंबेडकर सेतु पर ईको स्पोर्ट्स कार ने बाइक सवार को कुचला, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंबेडकर ब्रिज पर गुरुवार रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार इको स्पोर्ट्स कार ने बाइक सवार सॉफ्टवेयर डेवलपर्स को कुचल दिया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इको स्पोर्ट्स कार का ड्राइवर मौके पर कर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची एमपी नगर पुलिस में मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। आज शुक्रवार को मृतक का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार निरंजन प्रजापति (26) मंडीदीप में रहता था और सॉफ्टवेयर डेवलपर्स था। करीब 10 दिन पहले ही उसकी नौकरी लगी थी।

गुरुवार रात वह कोहेफिजा स्थित कंपनी से काम करने के बाद बाइक से अपने घर मंडीदीप जा रहा था। एमपी नगर थाने के पास से गुजरने के बाद वह अंबेडकर ब्रिज होते हुए जा रहा था, तभी डीबी मॉल के सामने ब्रिज के तिराहे पर पीछे से आ रही इको स्पोर्ट्स कार ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगते ही सामने से आ रही बलेनो कार से टकराकर सड़क पर गिरा था। सड़क पर गिरते ही इको स्पोर्ट्स कार के ड्राइवर ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए निरंजन को कुचल दिया। इस हादसे में निरंजन की मौके पर ही मौत हो गई।



### ओवर स्पीड थी ईको स्पोर्ट्स कार

*सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एमपी नगर पुलिस ने लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि इको स्पोर्ट्स कार तेज रफ्तार में थी। टक्कर मारने के बाद वह निरंजन को कुचलते हुए आगे बढ़ी। कुछ दूरी पर कार के ड्राइवर ने कर खड़ी की और निकलकर भाग गया। उल्लेखनीय की ब्रिज पर खामियां होने के कारण दो इंजीनियर पर कार्रवाई की गई थी।*

### फ्लाईओवर की कमियां दूर करने की जरूरत

*भोपाल में एमपी के सबसे लंबे डॉ. भीमराव आंबेडकर फ्लाईओवर (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) का लोकार्पण हो गया है। एमपी नगर की मेन सड़क का 60 फीसदी ट्रैफिक ब्रिज के ऊपर से गुजर रहा है और जाम से बड़ी राहत मिली है। हालांकि, ब्रिज पर 3 ऐसी बड़ी चुनौतियां हैं, जो लोगों को भारी पड़ रही है। ब्रिज की लंबाई पौने 3 किमी है, जो गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक जाता है। एक लेन अरेरा पहाड़ी (शौर्य स्मारक चौराहा) तक जाता है। जब ये तीनों लेग एक-दूसरे से जुड़ती हैं तो यहां पर सिग्नल नहीं लगे हैं। ऐसे में तेज रफ्तार में टर्न लेने पर गाड़ियां एक-दूसरे से भिड़ सकती है। हालांकि, बीच में छोटी सी रोटरीनुमा जगह जरूर है।*

### गणेश मंदिर पर कट पाइंट नहीं

*फ्लाईओवर का एक सिरा गणेश मंदिर पर उतरता है। इसके आगे वीर सावरकर ब्रिज है। पहले सड़क के बीच में डिवाइडर नहीं बना था। इसलिए लोग राइट टर्न लेकर अरेरा कॉलोनी, 10 नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट, कोलार रोड, शाहपुरा की ओर मुड़ जाते थे, पर अब बीचों बीच डिवाइडर बना दिया गया है। इसके साथ ब्रिज की कुल 3 लेग है। इनमें पहली गणेश मंदिर, दूसरी गायत्री मंदिर और तीसरी भोपाल हाट के पास शौर्य स्मारक चौराहे पर है। तीसरी लेग पर गाड़ियों को उतरने और टर्निंग में दिक्कतें आ रही हैं। यहां बीच में रोटरी बनाए जाने की जरूरत है।*

### प्रस्तुत आवेदन पर फैसला सुरक्षित

## लोकायुक्त एवं ईडी की कोर्ट ने किया सौरभ का जमानत आवेदन खारिज

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल



आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के जमानत आवेदन को ईडी और के लोकायुक्त कोर्ट ने अपराध की गंभीरता और अपराध की प्रकृति के आधार पर सुनवाई के बाद गुरुवार को निरस्त कर दिया। सौरभ के जमानत आवेदन पत्र पर ईडी के न्यायालय में बुधवार को सुनवाई हुई थी। विशेष न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद गुरुवार के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। लोकायुक्त के न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। सौरभ के अधिवक्ता राकेश पाराशर ने दोनों ही जांच एजेंसियों पर सौरभ शर्मा के ऊपर पंजीबद्ध किए गए अपराध को ग़लत बताते हुए कहा कि एजेंसी ने सौरभ के बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। खाते फ्रीज कर दिए जाने से उनके परिवार के भरण पोषण के लाले पड़ गए हैं। अधिवक्ता ने सौरभ को सेवानिवृत्त लोक सेवक बताते हुए कहा कि उसके द्वारा स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ली जा चुकी है। उसने कोई अपराध नहीं किया है। सौरभ से कोई भी संपत्ति अथवा राशि जप्त नहीं की गई है। झूठे और मनगढ़ंत आधार पर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जमानत आवेदन पत्र पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश और लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश ने सौरभ शर्मा के जमानत आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से सौरभ,चेतन और शरद से पूछताछ को लेकर प्रस्तुत आवेदन पर लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। संभवतः शुक्रवार को न्यायाधीश इस पर आदेश पारित करेंगे।

### आईटी ने जेल में 20 दिन तक पूछताछ की अनुमति मांगी

कोर्ट में आवेदन पर सुनवाई के दौरान आयकर विभाग ने अपने तर्क रखते हुए यह भी कहा कि गोल्ड और सोने से भरी कार, मनी ट्रांजेक्शन, बेमानी प्रॉपर्टी, तीनो के नाम पर बनी कंपनियों जैसे अहम राज को सुलझाने के लिए तीनो से जेल में 20 दिन तक पूछताछ की अनुमति दी जाए। इसका सौरभ, चेतन और शरद के अधिवक्ताओं ने विरोध किया। साथ ही कहा कि जेल में पूछताछ करने से इनकम टैक्स को क्या मिलेगा, क्योंकि वहां तो इनके पास रिकार्ड नहीं है।

### सरकारी सिस्टम के आगे बीमार हुए डॉक्टर, हाथों में काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

प्रदेश भर के डॉक्टरों ने शुरू किया आक्रोश आंदोलन

# डॉक्टर्स बोले: अफसरशाही हावी, कैबिनेट की मंजूरी फिर भी अटका सातवां वेतनमान और डीएसपी,न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी समेत प्रदेश भर के 15 हजार से अधिक चिकित्सकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार से आक्रोश आंदोलन का आगाज कर दिया है। चिकित्सक महासंघ के नेतृत्व चिकित्सकों ने अस्पताल में काली पट्टी बांधकर काम अपना विरोध जताया। हमीदिया अस्पताल में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि प्रदेश में अफसरशाही हावी है।

कैबिनेट की मंजूरी के बाद भी डॉक्टरों को सातवें वेतनमान और डीएसपी का लाभ नहीं मिल रहा है। हमने इस संबंध में कई बार सरकार को पत्र भी लिखा। सरकार को बताया कि कैबिनेट से पारित होने के बाद भी हमें सातवां वेतनमान सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, इसलिए विवश होकर आंदोलन करना पड़ रहा है। इस आंदोलन में मप्र के सभी सरकारी चिकित्सक शामिल हैं। अपनी मांगों को लेकर एकजुट हुए डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर 24 फरवरी तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो वह 25 फरवरी से कामबंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

**25 से स्वास्थ्य सेवाएं ठप करने की चेतावनी**





### आज जलाएंगे नकली दवाइयों की होली

काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे डॉक्टरों का कहना है कि हमारा यह आंदोलन सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं है, बल्कि हम सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं भी सुधारना चाहते हैं। कई मेडिकल कॉलेजों के अस्पतालों में नकली दवाओं की सप्लाई का मामला सामने आया है। भ्रष्टाचार के चलते सरकारी अस्पतालों में अमानक दवाओं की सप्लाई हो रही है। यदि इसे नहीं रोका गया तो मरीजों को नुकसान होगा। इसलिए आंदोलन के दूसरे दिन शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान भोपाल सहित पूरे मप्र में अमानक दवाईयों की होली जलाई जाएगी।

### जूडा भी आया समर्थन में

चिकित्सकों के आंदोलन को मप्र के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने समर्थन दिया है। गुरुवार को जूडा ने भी काली पट्टी बांधकर काम किया। यदि 25 फरवरी तक सरकार ने चिकित्सकों की मांगें नहीं मानी तो प्रदेश में हड़ताल शुरू हो सकती है। इसमें जूडा भी हड़ताल पर चला जाएगा। जिससे मप्र के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने की आशंका है।

**प्रशासनिक अफसरशाही के कारण नहीं मिल रहा लाभ**

*हमारी मांगें बीते कई वर्षों से लंबित हैं। पिछली बार डेढ़ साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हमारी ज्यादातर मांगों को पूरा करने की घोषणा कर चुके थे। उन्होंने सातवें वेतनमान और डीएसपी के संबंध में बकायदा कैबिनेट से प्रस्ताव पारित भी कर दिया था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग में बैठे प्रशासनिक अधिकारियों की अफसरशाही के चलते लाभ नहीं मिला है।*

### आंदोलन में शामिल संगठन

- प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन
- मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन
- ईएसआई डॉक्टर्स एसोसिएशन
- एसोसिएशन ऑफ मेडिकल ऑफीसर्स इन मेडिकल एजुकेशन
- मेडिकल ऑफीसर्स एसोसिएशन गैस राहत विभाग
- मेडिकल ऑफीसर्स एसोसिएशन गृह विभाग
- प्रांतीय संविदा मेडिकल ऑफीसर्स एसोसिएशन
- जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन

### डॉक्टरों की मुख्य मांगें

- डीएसपी, सातवें वेतनमान का मिले लाभ।
- चिकित्सकीय कार्य में प्रशासनिक दखलंदाजी रुके।
- उच्च स्तरीय समिति का गठन हो।
- एनपीए का सही क्रियान्वयन हो।

**खबर का असर**

### हमीदिया अस्पताल एवं गांधी मेडिकल कॉलेज में एक दर्जन से ज्यादा जरूरी जांच बंद, आयोग ने मांगा जवाब

*भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलो में संज्ञान लिया है। पहले मामले में हमीदिया अस्पताल एवं गांधी मेडिकल कॉलेज में एक दर्जन से ज्यादा जरूरी जांचें बंद पड़े होने का मामला सामने आया है। जरूरी जांचें बंद पड़े होने के कारण मरीजों को ऑपरेशन कराने के लिये परेशान होना पड़ रहा है मामले में आयोग ने डीन/अधीक्षक गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) हमीदिया अस्पताल, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। दूसरा मामला जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में पेंशनर्स को इलाज नहीं मिलने का है। मामले में आयोग ने जिला आयुष अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट भी मांगी है।*

### हलालपुरा पटाखा बाजार की घटना

## पटाखा दुकान में लगी आग मचा हड़कंप, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हलालपुरा पटाखा बाजार में गुरुवार शाम पौने पांच बजे कालु पटाखा की दुकान में अचानक आग लग गई। आग के लगते ही पटाखा बाजार में चारो तरफ अफरा-तफरी मच गई। अन्य पटाखा दुकानदारों ने तुरंत अपनी-अपनी दुकानों के शटर गिराए और कालू पटाखा की दुकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास करने लगे।

इस दौरान हलालपुरा बस स्टैंड के रैन बसेरे के केयर टेकर दिलीप कुमार अड़वानी जो मार्ग जा रहे थे, तभी अचानक उनके कान के पास से राकेट निकला तो वह घबरा गए और उन्होंने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को पटाखा दुकान में लगी आग की सूचना दी। सूचना मिलते ही बैरागढ़ फायर स्टेशन से दमकलें रवाना हुई। हालांकि आग को अन्य पटाखा दुकानों में पहुंचने से पहले दमकल कर्मियों ने काबू कर लिया। आग को काबू करने में दमकल कर्मियों को करीब एक घंटे से अधिक का समय लगा। वहीं बिट्ठल मार्केट रोड पर भारतीय रिजर्व बैंक कालोनी के पास भी चलती कार में गुरुवार रात करीब आठ बजे अचानक आग लग गई। इस दौरान कार में दो महिलाएं बैठी हुईं थीं, जो कार में आग लगते ही तुरंत बाहर आ गईं।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम संख्या 25 (2009) के तहत स्थापित)
जांट-पाली , महेंद्रगढ़-123029

ह.के.वि/ सं.स. प्र. अ/2025/4950(डी) दिनांक: 17/02/2025

**अल्पावधि निविदा सूचना**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में दिनांक 08.03.2025, 09.03.2025 एवं 10.03.2025 को आयोजित होने वाले **"हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह-2025 तथा स्पंदन-2025"** के लिए **"वाटर प्रूफ एवं फायर प्रूफ हैंगर , टेंट , साउंड, लाइटिंग तथा संबद्ध सेवाएं"** उपलब्ध कराने हेतु दो-भागों (बोली) प्रणाली के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पूर्ण भरी हुई निविदाएं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक खण्ड में संपदा एवं सामान्य प्रशासन अनुभाग के कक्ष संख्या 123 में दिनांक **27.02.2025 को अपराह्न 2:00** बजे तक जमा की जा सकती है। निविदा के संबंध में अधिक विवरण / नियम एवं शर्तों / शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / इत्यादि के लिए, कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव (प्रभारी)

# महिला ने जहर पीकर दी जान, सुसाइड नोट में लिखा 'जिंदगी से हो चुकी हूं परेशान'

## पति से अनबन के चलते अलग कमरा लेकर रह रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में 24 साल की महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर जान दे दी।



महिला निजी फाइनेंस का काम करती थी। बुधवार को वह ड्यूटी नहीं पहुंची तो साथी कर्मचारी उनके घर पहुंची थी। इस दौरान वह बेसुध मिली। हमीदिया अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें महिला जिंदगी से परेशान होर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट जांच के लिए हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार लांबाखेड़ा ईंटखेड़ी निवासी आरती कुशवाह (24) अकेली रहती थीं और निजी फाइनेंस कंपनी में नौकरी करती थीं। करीब 4 साल पहले शादी हुई थी, लेकिन पति से उसकी नहीं बनती थी। वह कुछ दिन बाद ही अलग किराए से कमरा लेकर रह रही थी। बुधवार सुबह वह ड्यूटी नहीं गई थी। हालचाल पूछने उनके साथ काम करने वाले कर्मचारी ने उन्हें कॉल किया, लेकिन बार-बार कॉल करने पर भी आरती ने कॉल रिसीव नहीं किया। देर शाम साथ में काम करने वाली महिला कर्मचारी आरती के घर पहुंची, तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखने पर आरती बेसुध पड़ी दिखी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर महिला को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने बताया कि आरती की मौत हो चुकी है। थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें जिंदगी से तंग आकर आत्महत्या करने और कोई भी जिम्मेदार नहीं होने की बात लिखी है।

## घर छोड़ने के बहाने बाइक से खेत पर ले जाकर छात्रा से की अश्लील हरकत


नजीराबाद थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की छात्रा से खेत पर ले जाकर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। परिचित उसे घर छोड़ने का कहकर अपने साथ बाइक पर ले गया था और अपने दोस्त के खेत पर ले जाकर उससे अश्लील हरकत की। छात्रा ने विरोध किया तो परिचित के दोस्त ने उसे थप्पड़ मार दिया। छात्रा ने बचाव के लिए चीख पुकार की तो आरोपी उसे घर छोड़ आया। पुलिस ने उक्त मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, अपहरण, पाक्सो सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 17 साल की किशोरी इलाके में रहती हैं और दसवीं कक्षा में पढ़ती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार को वह स्कूल गई थी। स्कूल छूटने पर शाम करीब चार बजे उसे परिचत अभिषेक पाल मिला। अभिषेक कहने लगा कि तुम्हें घर छोड़ देता हूं। परिचित होने के कारण छात्रा उसके साथ बाइक पर बैठ गई। आरोपी उसे घर ले जाने की बजाय सूरज गुर्जर के खेत पर ले गया और वहां अश्लील हरकत करने लगा। छात्रा ने उसका विरोध किया तो सूरज गुर्जर ने छात्रा को थप्पड़ मार दिया। वह रोने लगी और चिल्लाचोट करने लगी तो आरोपी अभिषेक पाल डर गया और उसे बाइक पर बिठाकर घर छोड़ आया। छात्रा ने घर पहुंचकर परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी अभिषेक पाल और सूरज गुर्जर के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित उड़िया बस्ती में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार शंकर नगर उड़िया बस्ती निवासी काजल गुप्ता पत्नी गोलू गुप्ता (21) गृहणी थीं। पति ऑटो चलाता है। काजल और गोली की शादी चार मार्च 2024 को हुई थी। अभी 13 दिन बाद ही उनकी शादी की सालगिरह थी। बुधवार रात गोलू ने अपनी सास को कॉल कर कहा कि आरती कुछ बोल नहीं रही है। उसकी तबियत बहुत खराब है। सूचना मिलते ही साला और मायके पक्ष के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो पता चला कि काजल की मौत हो चुकी है। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। अस्पताल से मिली सूचना पर छोला मंदिर पुलिस भी पहुंच गई थी। मृतका की मां ने बताया कि शादी के बाद से ही दामाद उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। वह कोई न कोई डिमांड करता था। कुछ दिन पहले उसे मोबाइल दिलाया था। अब वह गाड़ी दिलाने की मांग कर उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहा था। बुधवार शाम को घटना से पूर्व भी दंपती के बीच विवाद हुआ था। काजल ने कॉल कर अपनी मां को विवाद की बात बताई थी।



## खबर संक्षेप



### भोजपुर महोत्सव 26 से होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के समीपस्थ संस्कृति विभाग द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव धाम भोजपुर में भोजपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर विभाग ने जिला प्रशासन के साथ बैठक कर तैयारी शुरू कर दी है। इस बार यह आयोजन 26 फरवरी से प्रारंभ होगा, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन के होने से संस्कृति एवं कला प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

### व्यापारी महासंघ के सदस्य राकेश का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** व्यापारी महासंघ के सदस्य राकेश वासवानी बिट्टू का जन्मदिन गुरुवार को उत्साह के साथ मनाया। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, अमित राय, पंकज नागरानी आदि ने बधाई दी। वहीं पंकज नागरानी की दुकान पर केक कटवा कर युवा साथियों ने भी बधाई दी और जन्मदिन बनाया।

### लेबर कांट्रेक्टर ने डैम में कूदकर दी जान

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित हथाईखेड़ा डैम में कूदकर लेबर कांट्रेक्टर ने आत्महत्या कर ली। वे बुधवार को परिवार से अनबन होने के बाद घर से स्कूटर लेकर निकले थे। इसके बाद उनका शव गुरुवार शाम पिपलानी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने मर्ग कायम शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गौरव चौकसे पिता लीला किशन चौकसे (36) गांव हथाईखेड़ा, पिपलानी में रहते थे। वे लेबर कांट्रेक्टर थे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2749 | | |
| दिनः | 399 | 17 | 179 |
| रातः | 567 | 84 | 130 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 299 | 07 | 368 |
| रातः | 127 | 04 | 356 |

### निशातपुरा स्थित बृज कॉलोनी की घटना, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

# दुकान में घुसकर दुकानदार पर चाकू से हमला, आरोपी की पत्नी भी घायल

◆ गले और सीने पर चाकू लगने से दुकानदार को आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित बृज कॉलोनी करोंद में एक युवक ने दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे के आसपास की है। गले और सीने पर चाकू लगने से दुकानदार को गंभीर चोट आई है। दुकानदार पर जानलेवा हमला होता देख आरोपी की पत्नी ने बीच बचाव किया तो उसे भी हाथ में चाकू लगा है। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 50 साल के अशोक कुमार शाक्य, शिव नगर छोला में रहते हैं। उनकी बृज कॉलोनी करोंद में साड़ियों की दुकान हैं। अशोक कुमार शाक्य ने बताया कि उनकी दुकान पर करीब ढाई महीने से स्वाती बघेल



काम कर रही है। स्वाती का पति रामराज बघेल गांव में रहता था। अभी दो तीन दिन पहले ही भोपाल आया है। वह शराब पीने का आदी है और चाहता है कि पत्नी बाहर काम न करें। इस बात को लेकर दंपती में आए दिन विवाद होने लगा था।

#### पत्नी पर करता है चरित्र संदेह

हमले में गंभीर रूप से घायल हुए अशोक कुमार ने गले और सीने पर कपड़ा बांधा और थाने पहुंच गए। पुलिस ने हालत नाजुक देख आरक्षक की मदद से उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने अस्पताल में उनके बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ शिकातय दर्ज कर ली है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी रामराज बघेल पत्नी के चरित्र पर संदेह करता है।

#### दुकान में घुसते ही हमला

अशोक कुमार शाक्य ने बताया कि बुधवार शाम वह दुकान पर थे। स्वाती भी दुकान में थी। इस दौरान आरोपी चाकू लेकर दुकान में घुस गया। उसने गाली-गलौज की और एकाएक चाकू से हमला कर दिया। चाकू अशोक कुमार के गले और सीने में बाएं ओर लगा है। अशोक कुमार पर चाकू से जानलेवा हमला होता देख स्वाती ने बीच बचाव किया तो उसके बाएं हाथ की अंगूली कट गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए।

### शराबी बेटे ने मारपीट करते हुए बुजुर्ग मां के गले पर मारा चाकू

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित आचार्य नरेन्द्र देव नगर में शराब के नशे में धुत बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू गले पर लगने से उन्हें गंभीर चोट आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, शराबी बेटा शराब पीने घर का सामान बेचने लगा था। मां ने उसे समझाइश दी तो वह भड़क गया और मां पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आचार्य नरेन्द्र देव नगर निवासी लक्ष्मी बाई ठाकुर (64) छोटी बेटी सुनीता चंद्रवंशी के साथ रहती हैं और घर पर ही किराने की दुकान चलाती हैं। प्रताप सिंह ठाकुर उनका इकलौता बेटा है, जबकि तीन बेटियां है। प्रताप सिंह ठाकुर जुन्नारदेव छिंदवाड़ा में पत्नी के साथ रहता है और अक्सर भोपाल आता है। गत 2 फरवरी को प्रताप मां के घर आया था। वह प्रतिदिन शराब पीकर घर आ रहा था। शराब के लिए पैसे नहीं होने के कारण वह घर का सामान बेचने लगा था। गत 18 फरवरी की रात करीब साढ़े 8 बजे प्रताप शराब के नशे में घर लौटा। मां ने उसे समझाने का प्रयास तो वह मां से गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान किचिन में रखा सब्जी काटने का चाकू ले आया और लक्ष्मी बाई के गले पर हमला कर दिया। उसने मां को जोरदार धक्का दे दिया। इससे मां अलमारी से टकराकर जमीन पर गिर गईं। शोर सुनकर लक्ष्मी बाई की बेटी सुनीता चन्द्रवंशी व मोहल्ले के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने बीच बचाव किया तो प्रताप वहां से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही महिला के भाई राकेश भी मौके पर पहुंच गए थे। वे इलाज के लिए लक्ष्मी बाई को जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल से इलाज कराने के बाद फरियादिया लक्ष्मी बाई ठाकु ऐशबाग थाने पहुंची और बेटे प्रताप सिंह ठाकुर की शिकायत की।

**शराब पीने के लिए घर का सामान बेचने लगा था बेटा**

### ईओडब्ल्यू ने बीआरसी को किया 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप

**भोपाल।** ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने कटनी में शिक्षा विभाग के बीआरसी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। दरसल स्कूल की मान्यता दिलाने की एवज में उसने स्कूल संचालक से डिमांड की थी। आवेदक राघवेन्द्र सिंह ने ईओडब्ल्यू कार्यालय में शिकायत कर बताया कि स्कूल की नवीन मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। बीआरसी मनोज गुप्ता के पास पूरी फाइल जमा कर दी। इस दौरान बीआरसी ने कहा कि पैसे खर्च करेंगे तब काम होगा। शिकायत का सत्यापन करते हुए ईओडब्ल्यू की टीम ने आरोपी के लिए ट्रैप प्लान बनाया। प्लान के तहत शुक्रवार को आरोपी बीआरसी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए उसके कार्यालय में रंगे हाथ पकड़ लिया।



## अवॉर्ड सेरेमनी में स्कूली बच्चों ने दी शानदार रंगारंग प्रस्तुति

**संतनगर।** विजय श्री एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित लाइफ लाइन स्कूल का अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम द लायन सिटी मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुआ। गार्डन के संचालक कमलेश रायचंदानी, स्कूल संचालिका किरण वाधवानी, महेश खटवानी, कैलाश शर्मा, विजय नगर पंचायत के अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य किरण वाधवानी ने स्वागत भाषण में स्कूल की गति विधियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसके बाद सालभर में होने वाली गतिविधियों में अवाल रहे बच्चों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

सिंधु नव जागरण समिति के पदाधिकारियों का कार्यकाल बढ़ा

## पदाधिकारियों की बैठक में राम को अध्यक्ष, नरेश को महासचिव बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर





प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति के पदाधिकारियों की बैठक समिति अध्यक्ष राम पारदासानी की अध्यक्षता में स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला में सम्पन्न हुई। जिसमें पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए पदाधिकारियों के चयन पर विचार किया गया। समिति के संविधान के अनुसार समिति के चुनाव का कार्यकाल दो वर्ष का होता है। पदाधिकारियों का चयन समिति के संरक्षक द्वारा किया जाता है।

समिति संरक्षक आसनदास वाधवानी व माधु चांदवानी समस्त पदाधिकारियों से चर्चा कर एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ाया गया। जिसमें राम पारदासानी अध्यक्ष, नरेश चोटरानी महासचिव, मुख्य सलाहाकार घनश्याम लालवानी, उपाध्यक्ष महेश खटवानी, मुरली गुरबानी, हरीश वलेचा, कोषाध्यक्ष हीरो आडवाणी, सचिव दिलीप दीनानी, सहसचिव मनोहर सतानी, सामाजिक सचिव राम लेखवानी, सह कोषाध्यक्ष इन्द्र जनयानी, ऑडिटर अनिल टेकचंदानी, प्रवक्ता महेश दादलानी, सलाहाकार कमलेश छुगानी व कन्हैयालाल नागदेव को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दयाल सतानी, सीतल चेलानी, रमेश जनयानी, त्रिलोक दीपानी, भगवानदास चंदानी, डॉ. हरिकिशन पेसवानी, नारायण लालवानी, रमेश हिमथानी, हरदास पेसवानी, महेश हासानी शामिल है।



### व्यक्तित्व विकास एवं कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण शुरू

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में राजा भोज महाविद्यालय में अल्पावधि स्वरोजगारोंमुखी प्रशिक्षण के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं कौशल विकास के लिए कंप्यूटर एमएस वर्ल्ड, एक्सल आदि का एक माह के प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया।

महाविद्यालय में अध्यनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए यह निःशुल्क प्रशिक्षण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीजे स्करिया ने कहा कि प्रशिक्षण व्यक्तित्व विकास एवं कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. एसके भदोरिया ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर ने प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा वर्तमान युग में कंप्यूटर से संबंधित ज्ञान आवश्यक है।

## नगर परिषद के अधिकारी नहीं करवा पा रहे काम

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मंडल अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष के पति सोनू चौकसे का नगर परिषद में भारी



दबदबा हैं, क्योंकि पार्षदों, उपाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष को दरकिनार करके वे नगर परिषद का सीएमओ एक बाबू को बना दिया है। सोनू चौकसे के इशारे पर नगर परिषद में काम होते हैं, चौकसे के बगैर मर्जी के बिना कोई काम नहीं होता। पार्षद दीपू परमार, वार्ड 2 के पार्षद नरेश सेठी भी अपने-अपने वार्डों में सफाई नहीं करा पा रहे है। ये दोनों पार्षद चौकसे के विरोधी माने जाते हैं।

विधायक सुरेंद्र पटवा ढाई साल से कह रहे हैं कि औबेदुल्लागंज को स्वच्छ सुंदर और विकसित बनाया जाए, लोगों को जाम की परेशानी से मुक्ति दिलाई जाए, नगर के अतिक्रमण हटाए जाएं, इसके बावजूद नगर परिषाद के जिम्मेदार अधिकारी कोई काम नहीं करा पा रहे हैं। सोनू चौकसे कांग्रेस नेता हैं और पटवा के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे काम तो नगर परिषद से जल्दी हो जाते हैं। एसडीएम ने अतिक्रमण हटाने के लिए सात बार मुनादी की, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटा, क्योंकि सोनू चौकसे कैसे और कब अतिक्रमण हटाना है यह जानते हैं।



### भाजपा के वरिष्ठ नेता पचौरी ने गंगा में लगाई डुबकी

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने पहुंचे। मां गंगा नदी में डुबकी लगाकर रायसेन जिला, मध्य प्रदेश एवं भोजपुर क्षेत्र के सभी के लिए सुख, समृद्ध और स्वस्थ जीवन की कामना की। देवेंद्र सिंह राजू ने बताया कि संयोग से सुरेश पचौरी की शादी की सालगिरह भी है। वहीं बजेश अग्रवाल, पार्षद नरेश सेठी, लड्डू अग्रवाल और गोलू अग्रवाल भी प्रयागराज पहुंचकर गंगा में डुबकी लगाई।



समित के सदस्यों ने शॉल-श्रीफल से किया स्वागत

## श्रीराम कथा में सुनाए कई प्रसंग, विधायक पटवा पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



महिला भजन मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा आयोजित श्री राम कथा के नौवें दिन गुरुवार को कथा व्यास पं. सद्‌भव तिवारी (मानस सुमन) ने माता शबरी की भक्ति, बाली वध, लंका दहन, कुंभकरण, मेघनाथ, रावण वध और भगवान श्री राम का राजतिलक का प्रसंग सुनाया।

व्यास पीठ ने कहा कि आज के समय में भाई-भाई से लड़ रहा है, अगर सब प्रेम-भाव से रहें तो पुनः रामराज्य आ जाएगा। गुरुवार को कथा सुनने के लिए विधायक सुरेंद्र पटवा भी पहुंचे। वहां समिति के लोगों ने शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पटवा ने कहा भगवान श्री राम के जीवन से प्रत्येक व्यक्ति को सीख लेनी चालिए। भगवान श्रीराम के बताए मार्ग पर सभी लोग चले तो पूरे भारत में राम राज्य की जो कल्पना की है वह पूरी हो सकती है। भगवान श्री राम के बताए हुए मार्ग पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं उन्होंने विशाल राम मंदिर भी बनवाया है। मोदी जी भगवान राम के सच्चे उपासक हैं।इस अवसर पर अशोक मित्तल, जगदीश चंदानी, राजेश दीक्षित, पंकज कोठारी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, मनोज चौरसिया, कृष्ण गोपाल पाठक, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, हेमलता चौरसिया, जीतू नंदवंशी, जितेंद्र दुबे, राजकुमारी मित्तल, अनुराधा विजयवर्गीय, रश्मि दीक्षित, मानसी मित्तल, सुदामा तिवारी आदि मौजूद थे।

### ब्यूटी पार्लर से तैयार होकर मैरिज लॉन पहुंची थी दुल्हन, रिसेप्शन में नहीं पहुंची

# मैरिज गार्डन में दुल्हन का इंतजार करता रहा दूल्हा मैरिज गार्डन के बाहर से प्रेमी के साथ कार में हुई फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित गढ़वाल मैरिज गार्डन के बाहर से दुल्हन प्रेमी की कार में बैठकर फरार हो गई। वह ननद के साथ ब्यूटी पार्लर से तैयार होकर लौटी थी। ननद और रिश्तेदार उसे देखते ही रह गए और वह प्रेमी की कार में बैठकर फरार हो गई। उक्त मामले में पुलिस ने दूल्हे की शिकायत पर दुल्हन की गुमशुदगी दर्ज की है।

टीटीनगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि मूलतः विदिशा निवासी 32 साल का आशीष रजक, भीम नगर में परिवार के साथ रहता है और कार शोरूम में नौकरी करता है। उसका रिश्ता विदिशा जिले के गंजबासौदा में रहने वाली एक युवती से तय हुआ था। गंजबासौदा में मंगलवार को उनकी शादी हुई। शादी के बाद बुधवार को विदाई के लिए दूल्हा कार के पास पहुंचा तो कार के चारों टायर पंचर मिले। टायर पंचर होने के कारण दुल्हन को बस से विदा करना पड़ा।

#### कार्ड बांटने से किया था इंकार



युवती के परिजन शादी का कार्ड बांटने की तैयारी में थे, तभी युवती ने कहा था कि वह अनिकेत से शादी करना चाहती हैं। वह कहीं और शादी नहीं कर सकती। बावजूद इसके परिजन ने उसकी नहीं मानी। परिजन ने युवती पर दबाव बनाते हुए शादी करा दी।

#### दूल्हे ने दी थी गढ़वाल मैरिज गार्डन में पार्टी

बुधवार शाम दूल्हे के परिवार ने टीटीनगर थाना क्षेत्र स्थित गढ़वाल मैरिज गार्डन में पार्टी का आयोजन किया था। दुल्हन अपनी ननद के साथ ब्यूटी पार्लर गई। वहां से कार में लौटी और दाईं ओर का दरवाजा खोलकर बाहर निकल गई। उसे ननद समेत रिश्तेदार देखते ही रह गए और वह दूसरी कार में बैठकर चली गई। पुलिस का कहना है कि फरार हुई दुल्हन के बयान नहीं हो सके है। बयान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### रिश्ते में चाचा लगता है प्रेमी

रिसेप्शन में न्यौता मिलने के बाद भी दुल्हन का परिवार गढ़वाल मैरिज गार्डन नहीं पहुंचा। पुलिस की टीम गंजबासौदा स्थित उनके घर पहुंची, वहां परिजन से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि विदिशा में रहने वाले रिश्तेदार अनिकेत से युवती के प्रेम संबंध है। अनिकेत दूर के रिश्ते में उसका चाचा लगता था। लिहाजा परिवार ने अनिकेत से शादी करने से मना किया था। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि अनिकेत अपने दोस्त राहुल और अशफाक के साथ ट्रैवल्स की एक कार से भोपाल गए थे और वे ही दुल्हन को भगाकर ले गए हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्व. सुंदरलाल पटवा की धर्मपत्नी से लिया आशीर्वाद

## पटवा के निवास पर पहुंचे सिंधिया का शॉल-श्रीफल से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगमन पर पटवा ने गुलदस्ता और शॉल श्रीफल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर भोजपुर क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पत्नी फूल कुंवर पटवा से मिले और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर फूल कुंवर पटवा ने सिंधिया को स्मृति चिन्ह भेंट की। वहीं मोना सुरेंद्र पटवा भी मौजूद थीं।

इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, सुरजीत सिंह बिल्ले, पंकज डब्बू श्रीवास्तव, पंकज कोठारी, डॉ. भूपेंद्र नागर, देवेंद्र सिंह राजू, दीपू परमार, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल, मनोज चौरसिया, बजेश अग्रवाल, नरेश सेठी, संजय मीणा, जीतू नंदवंशी, कोमल चौहान, कांता पटेल, माधव यादव, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, माया राय, हेमलता चौरसिया, भारती सेठी, आमिर सना ममनून आदि लोग मौजूद थे।




## औद्योगिक भविष्य को आकार देने आगे आएंगी बड़ी कंपनियां

# मुख्यमंत्री ने कहा, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में देश का फ्यूचर हब बनकर उभर रहा मप्र

### जीआईएस-25 बनेगा औद्योगिक बदलाव का ऐतिहासिक मंच

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र न केवल आदर्श निवेश स्थल बन कर उभर रहा है, बल्कि ऑटोमोबाइल और ईवी इंडस्ट्री के एडवांस इरा की नई परिभाषा लिख रहा है। 21वीं सदी में मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भारत का फ्यूचर हब बनकर उभर रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2025 इस बदलाव का एक ऐतिहासिक मंच बनेगा, जहां दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियां मध्यप्रदेश के औद्योगिक भविष्य को आकार देने के लिए आगे आएंगी। यह सिर्फ निवेश आकर्षित करने का अवसर नहीं, बल्कि भारत में ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी और ई-मोबिलिटी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मंच है।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



**स्पीड लैब बनने की ओर अग्रसर प्रदेश**

भारत को एक वैश्विक ऑटोमोबाइल रिसर्च और टेस्टिंग सेंटर बनाने के विजन के तहत मप्र इसकी स्पीड लैब बनने की ओर अग्रसर है। एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड परीक्षण ट्रैक, 14 टेस्ट ट्रैक और 5 ऑटो-विशिष्ट प्रयोगशालाओं के साथ राज्य दुनिया के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माताओं के लिए एक वैश्विक परीक्षण केंद्र बन रहा है। ईवी बैटरी टेस्टिंग, हाइड्रोजन फ्यूल इनोवेशन के लिए मप्र अब भारत के प्रमुख अनुसंधान केंद्रों में गिना जाएगा।

### प्रदेश की नीतियों ने दिलाया निवेशकों को विश्वास

व्यवसाय समर्थक नीतियां, तेज अनुमोदन प्रक्रिया और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया है कि मप्र ही अगला ऑटोमोबाइल सुपर हब बनने अग्रसर है। यहां पहले से ही 30 से अधिक ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्यूफेक्चरर्स, 1 हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयां आदि कार्यरत हैं।

### 'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक इन एमपी' का अध्याय

*ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 सिर्फ एक इन्वेस्टमेंट समिट नहीं, बल्कि एक वायदा है, भारत में ऑटोमोबाइल और ईवी सेक्टर को मध्यप्रदेश की धरती से नई ऊंचाई तक पहुंचाने का। इस मंच से अग्रणी कंपनियां अपने नए विनिर्माण संयंत्रों और निवेश योजनाओं की घोषणाएं करेंगी। मध्यप्रदेश सरकार ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियों के साथ उद्योग-विशेष समझौते करेगी। क्लीन और स्मार्ट मोबिलिटी के लिए वैश्विक विशेषज्ञों के साथ साझेदारी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश 'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक इन एमपी' के नए अध्याय को परिभाषित कर रहा है।*

---

### कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा

## पीएम मोदी के विजन के अनुरूप है मध्यप्रदेश की 'बॉयो फ्यूल योजना'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बॉयो फ्यूल योजना-2025 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' (एलआईएफई) अभियान के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है, जिसमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन पर जोर दिया गया है। यह योजना प्रदेश की कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा देगी।

**व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सृजित होंगे रोजगार**

प्रदेशवासियों के लिए हरित और समृद्ध भविष्य के साथ, योजना से प्रदेश में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, बॉयो ऊर्जा संयंत्र, फीड स्टॉक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। योजना से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, साथ ही पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

### हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन की पहल

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि 'बॉयो फ्यूल योजना-2025' राज्य की आर्थिक समृद्धि, हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन के लिए क्रांतिकारी पहल है। इस योजना से प्रदेश में कृषि एवं जैव अपशिष्ट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा, जिससे पर्यावरण अनुकूल ईंधन का उत्पादन किया जा सकेगा और राज्य हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। नवकरणीय ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए योजना को मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है।*

### सप्लाई चैन विकसित करने का प्रावधान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि बॉयो फ्यूल योजना में मुख्यतः बॉयो सीएनजी, बॉयो मास ब्रिकेट एवं पेलेट और बॉयो डीजल जैसे ईंधन शामिल हैं। यह बॉयो फ्यूल उत्पादन के सभी पहलुओं को कवर करती है, जिसमें फीडस्टॉक खेती, उत्पादन तकनीक, वितरण और उपयोग जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं। योजना में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट एवं बॉयो ऊर्जा संयंत्रों को कई लाभ प्रदान किए जाएंगे, साथ ही किसान संस्थाओं को कृषि उपकरण के लिए सब्सिडी, बॉयो मास एवं खाद की बिक्री सुनिश्चित करने और सप्लाई चैन विकसित करने के प्रावधान भी शामिल हैं।

### बुनियादी निवेश प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि योजना के तहत बॉयो फ्यूल यूनिट को 200 करोड़ रुपए तक का बुनियादी निवेश प्रोत्साहन (बीआईपीए) उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही बिजली, पानी, गैस पाइप लाइन, सड़क, जल निकासी, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली (ईटीपी, एसटीपी, प्रदूषण नियंत्रण उपकरण) के विकास के लिए 50 फीसदी प्रोत्साहन (अधिकतम 5 करोड़ रुपए तक की सहायता) प्रदान की जाएगी। विद्युत शुल्क एवं ऊर्जा विकास उपकर में 10 साल तक की छूट दी जाएगी और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा 500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश पर अनुकूलित पैकेज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे जैविक खेती पर कार्यशाला का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को सुबह 10:30 बजे राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरखेड़ी कलां में जैविक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में किसान कल्याण, पर्यावरण और उपभोक्ता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कृषि में रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में जैविक कपास, फल एवं सब्जियां एवं अन्य फसलों के लिए के लिए जैविक खेती पद्धति एवं उत्पादों की मूल्य श्रृंखला विकसित करने पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रदेश के विकास के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। कार्यशाला में केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक आदि भाग लेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### आठ माह बाद जारी हुए वेतन भुगतान के आदेश

**भोपाल।** जनजाति कार्य विभाग के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारियों को आठ माह बाद वेतन मिलने जा रहा है। विभाग के आयुक्त ने आठ माह से लंबित वेतन भुगतान 25 फरवरी तक करने के आदेश जारी किए है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि मंच ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वेतन भुगतान न करने के संबंध में लिखित जानकारी दी थी। इसके बाद प्रमुख सचिव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए लंबित वेतन भुगतान तत्काल करने के आदेश आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को दिए हैं। अब 25 फरवरी को लंबित वेतन भुगतान मिलने जा रहा है।

### डॉक्टरों, स्टाफ का ब्यौरा ऑनलाइन पोर्टल पर

**भोपाल।** एनएसयूआई की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मध्यप्रदेश में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक कर दी है। एनएसयूआई ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी ऑनलाइन करने की मांग की थी। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि प्रदेश के निजी अस्पतालों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से हटा दी गई थी। यह कदम गड़बड़ी और अनियमितताओं को छिपाने के लिए उठाया गया। परमार ने कहा कि फर्जी अस्पताल संचालकों, भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

---

### जीआईएस-2025 भोपाल में होगा वैश्विक निवेशकों का महासंगम

# जीआईएस की तैयारियां अंतिम चरण में विशिष्ट मेहमानों की सूची लगभग फाइनल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विशिष्ट मेहमानों की सूची भी लगभग फाइनल हो चुकी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं से परिचित कराने के लिए करीब 60 देशों से उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसमें 13 राजदूतों, 6 उच्चायुक्तों और प्रमुख रणनीतिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई महावाणिज्यदूतों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

**देश-विदेश की ख्यात कंपनियों ने दिखाई प्रदेश में निवेश की रुचि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की अनूठी पहल देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ मीटिंग और यूके, जर्मनी और जापान में निवेशकों को आकर्षित करने रोड-शो के आयोजन ने न सिर्फ क्षेत्रीय उद्योगों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म दिया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश की रुचि दिखाई है। समिट में राजनयिक कोर की भागीदारी का नेतृत्व जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यदूतों सहित मिशनों के प्रमुखों द्वारा किया जा रहा है। इसमें यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक उपस्थिति को और प्रभावी करते हुए नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किनाफांसो के राजदूतों के साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।




### कई देशों के प्रतिनिधिमंडल करेंगे साझेदारी

जीआईएस में शामिल होने वाले रूस के उल्यानोवस्क क्षेत्र के गवर्नर रुस्किख अलेक्सई युरेविच रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और व्यापारिक नेतृत्व शामिल हैं। जिम्बाब्वे के उद्योग और वाणिज्य उप मंत्री राज मोदी अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो मध्यप्रदेश और अफ्रीका के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग का संकेत है। जर्मनी 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक प्रमुख भागीदार के रूप में साथ आ रहा है।

### विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण

*जीआईएस भोपाल में विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीआईएस में विश्व बैंक का नेतृत्व कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे कर रहे हैं। उनके साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल परिवर्तन के वरिष्ठ विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त निवेश संवर्धन एजेंसियों के संगठन (डब्ल्यूएआईपीए) का प्रतिनिधित्व उप कार्यकारी निदेशक दुष्यंत ठाकोर करेंगे। जीआईएस में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की प्रमुख व्यापार और निवेश संवर्धन एजेंसियों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें महानिदेशक हिरोयुकी कितामुरा के नेतृत्व में जेट्रो (जापान), निदेशक सुश्री सीमा भारद्वाज के प्रतिनिधित्व में जर्मन ट्रेड एंड इन्वेस्ट और इन्वेस्ट ओटावा का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में इतालवी व्यापार एजेंसी, कनाडा की व्यापार आयुक्त सेवाएं, ऑस्ट्रेड (ऑस्ट्रेलिया) और मैट्रेड (मलेशिया) का भी प्रमुख प्रतिनिधित्व है, जो मध्यप्रदेश में मजबूत क्रॉस-महाद्वीपीय निवेश रुचि को दर्शाता है।*

### तीस देशों के मेहमानों की होगी मेहमानवाजी

शहर के मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें 30 से अधिक देशों के उद्योगपति, उद्यमी और अधिकारी शामिल होंगे। दो दिवसीय समिट में 15 हजार उद्योगपतियों को पहले दिन प्रवेश दिया जा सकता है, वहीं अधिकारियों का कहना है कि कंपनी के वार्षिक टर्नओवर के हिसाब से उद्योगपतियों को प्रवेश दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि जीआइएस में शामिल होने के लिए 30 हजार पंजीयन हुए हैं।

### महिला प्रतिनिधि

समिट में शामिल होने वालों में उद्योगपति, निवेशक, एमएसएमई और स्टार्टअप के प्रमुखों में महिला निवेशक में पारले एग्रो की सीईओ शौना चौहान, वर्धमान टेक्सटाइल्स की वाइस प्रेसिडेंट और जाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर आदि शामिल हो सकती हैं।

### द्विपक्षीय चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन

समिट को द्विपक्षीय चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन मिला है, प्रबंध निदेशक स्टीफन हालुसा के नेतृत्व में इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर भारत-जर्मन आर्थिक सहयोग में महत्वपूर्ण विशेषज्ञता लेकर आए हैं। सिंगापुर के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा किया जाता है। इसके अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी हैं, जो प्रौद्योगिकी और निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जीआईएस की विविध द्विपक्षीय भागीदारी में चेयरमैन रमेश अय्यर के नेतृत्व में कोरिया में भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसीके), अध्यक्ष जेजे सिंह के प्रतिनिधित्व वाले इंडो-पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईपीसीसीआई) और इंडिया जिबूती चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईडीसीसी) शामिल हैं।

---

### जीआईएस में सहकारिता विभाग का होगा विशेष सत्र

## सहकारिता में निवेश और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में सहकारिता विभाग के विशेष सत्र की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सारंग ने इस अवसर पर सहकारिता क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पब्लिक को-ऑपरेटिव पार्टनरशिप (पीसीपी) मॉडल को अपनाने के साथ देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ एमओयू कर पैक्स द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए।

सारंग ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पीसीपी मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मॉडल में सहकारी समितियों को उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इससे प्रदेश के किसान, सहकारी संस्थाएं और उपभोक्ता सीधे लाभान्वित होंगे।



### 25 फरवरी को आयोजित होगा विशेष सत्र

*सारंग ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 25 फरवरी को सहकारिता विभाग का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। सत्र में सहकारिता क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं, नवाचार आधारित सहकारी मॉडल, आत्मनिर्भर सहकारिता और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से व्यवसाय में वृद्धि जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। देशभर के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों, निवेशकों और सहकारिता क्षेत्र के विशेषज्ञों को इस सत्र में आमंत्रित किया गया है, जो अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे।*

### सीबीजी प्लांट स्थापित करने की अपार संभावनाएं

सारंग ने कहा कि प्रदेश में सीबीजी प्लांट स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। इन संयंत्रों की स्थापना में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसान अपने फसल अवशेषों और अन्य जैविक कचरे का उपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। सारंग ने बैठक में सहकारी समितियों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि देश की प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू किए जाएं, जिससे पैक्स के माध्यम से तैयार किए गए उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले।

### सहकारी चीनी मिलों को बढ़ावा देने की योजना

सहकारिता मंत्री सारंग ने पीसीपी मॉडल में सहकारी चीनी मिलों के विस्तार और उनके आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर नई चीनी मिलों की स्थापना एवं पुरानी मिलों के उन्नयन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इससे न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपेक्स बैंक के प्रभारी प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता, बीज संघ के प्रबंध संचालक महेंद्र दीक्षित उपस्थित रहे।

---

## ऊर्जा संरक्षण: मंडीदीप और सांची रेलवे स्टेशन को बीईई शून्य लेवल प्रमाण-पत्र प्राप्त

**भोपाल।** ऊर्जा संरक्षण को लेकर भोपाल मंडल के मंडीदीप और सांची रेलवे स्टेशन को बीईई शून्य लेवल प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। भोपाल मंडल के एसीएम व प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में मंडल के मंडीदीप और सांची रेलवे स्टेशन को बीईई शून्य लेवल प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाण-पत्र रेलवे की ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह प्रमाण-पत्र भोपाल मंडल के विद्युत सामान्य विभाग के अथक प्रयासों का परिणाम है। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजय मनोरिया के नेतृत्व में इन स्टेशनों ने ऊर्जा प्रबंधन और दक्षता बढ़ाने के लिए कई प्रभावी उपाय अपनाए, जिससे यह उपलब्धि हासिल हुई है। यह होता है बीईई शून्य लेवल प्रमाण-पत्र बीईई शून्य लेबल प्रमाण-पत्र एक प्रतिष्ठित मान्यता है, जो ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए दी जाती है। इस प्रमाण-पत्र का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों और भवनों में ग्रीन और कार्बन-न्यूट्रल वातावरण को बढ़ावा देना है।

---

## पीएचक्यू ने मांगी एक ही जिले में 10 साल से जमे अफसरों की लिस्ट

**भोपाल।** प्रदेश में एक ही जिले में दस साल की पोस्टिंग पूरी कर चुके अफसरों को जल्द ही हटाया जा सकता ह क्योंकि इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस इकाइयों से डीएसपी, निरीक्षक और उप निरीक्षक की पदस्थापना संबंधी जानकारी मांगी है। इन अधिकारियों की एक ही जिले में अलग-अलग पदों पर पोस्टिंग को भी इसमें शामिल किया गया है। इस तरह की जानकारी सामने आई है कि कई पुलिस अधिकारी लंबी अवधि से एक ही जिले में पदस्थ है जिससे कई बार कार्यप्रणाली पर सवाल उठते है। इस लिए पीएचक्यू ने पुलिस इकाइयों को निर्देश दिए है कि 7 दिन में ऐसे अफसरों की सूची तैयार कर जानकारी भेजे। पुलिस मुख्यालय ने डीजी लोकायुक्त कार्यालय , ईओडब्ल्यू कार्यालय, जोनल एडीजी और आईजी, पुलिस आयुक्त भोपाल, सहित पीएचक्यू की अपराध अनुसंधान विंग, सामान्य विशेष शाखा, अजाक, महिला सुरक्षा शाखा, पीटीआरआई, एसटीएफ, एटीएस, एससीआरबी, साइबर सेल समेत जिला पुलिस अधीक्षकों से जानकारी मांगी है।

---

### केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने जटाशंकर धाम में किया पौधरोपण

## पानी बचाने के लिए जल सहेलियों की मदद लेगी भारत सरकार : शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को छतरपुर के जटाशंकर धाम में जल सहेलियों के साथ पौधरोपण किया। साथ ही शिवराज सिंह ने वाटरशेड यात्रा और जल सहेलियों की जल यात्रा समापन में सहभागिता कर जनसमूह को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी को मिट्टी और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। शिवराज सिंह चौहान ने जल सहेलियों और उपस्थितजनों से संवाद करते हुए कहा कि हमें जल बचाने के लिए आगे आना पड़ेगा, जल के बिना ये दुनिया नहीं चल सकती है। अगर धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना है तो पानी बचाना होगा।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह का खजुराहो से लेकर छतरपुर, जटाशंकर धाम तक आम जनता ने भव्य स्वागत किया। चौहान ने कहा कि मुझे बताया गया था कि जल सहेलियां पानी बचाने के लिए जल यात्रा निकालने वाली हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, अब मैं ये तय कर रहा हूं कि जल के संरक्षण में जल सहेलियों का पूरा सहयोग लिया जाएगा।



### लाड़ली बहना के बाद लखपति दीदी अभियान

*केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि, लाड़ली बहनों को केवल लाड़ली बहनें ही नहीं रहना है, अब लखपति दीदी बनना है और ये हम करके रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजनरी नेता हैं और भारत को वरदान हैं। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग भी मुझे दिया है, और इसी विभाग के अंतर्गत लखपति दीदी अभियान भी आता है। लखपति दीदी का मतलब है, घर का कामकाज करते हुए हर एक बहन की सालाना आमदनी 1 लाख रूपए से अधिक हो। आजीविका मिशन के माध्यम से सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर हम कई तरह के काम प्रारंभ करेंगे और हर बहन स्व-सहायता समूह से भी जुड़ जाएं।*

---

### नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश बोले, प्रदेश संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है

## चौधरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पढ़ाया अनुशासन का पाठ कहा संगठित होकर घर-घर पहुंचाएं पार्टी की विचारधारा

**इधर, पटवारी की नसीहत जुबान पर कंट्रोल रखें पार्टी लाइन दिल्ली से तय है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में गुरुवार को नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने पीसीसी पहुंचते ही पदाधिकारियों और वर्तमान और पूर्व विधायकों की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश संगठन को मजबूत करने, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक बदलाव और पार्टी की रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा की। साथ ही कांग्रेस कार्यकतार्ओं और पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूती देने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के संकल्प को दोहराया।



**पार्टी की एकता और मजबूती पर दिया जोर**

चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी को संगठित होकर काम करना होगा। पार्टी की एकता और मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमकों मिलकर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाना है और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है। जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक पूरी ताकत के साथ विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करना है।




### कांग्रेस नेता शुक्ला ने किया गदा भेंट

*एयरपोर्ट से पीसीसी आते हुए कई जगह नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी का स्वागत हुआ। इस दौरान कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने गदा भेटकर उनका स्वागत किया।*

### पटवारी बोले, ऐसा नहीं चलेगा, जिसके पास जिम्मेदारी वो ही मालिक

*बैठक में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि जिसके पास जिम्मेदारी है, वही पार्टी का मालिक हो गया, ऐसा नहीं चलेगा। हमने हर जिले में समन्वय समिति बनाई। सबसे पारदर्शी व्यवस्था होगी। ध्यान रखे कि अनुशासन के बगैर संगठन नहीं चल सकता। उन्होंने यह भी कहा कि जुबान पर कंट्रोल रखें। हमारी पार्टी लाइन दिल्ली से तय होगी है। बैठक के बाद चौधरी और पटवारी ने विधायकगणों, शहर कांग्रेस अध्यक्षों, मोर्चा संगठनों, विभाग और प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ अलग से संगठनात्मक चर्चा भी की। इस दौरान मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे आदि मौजूद रहे।*

# कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
## जोन क्रं 09 वार्ड क्रं 69

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है। कि जोन कार्यालय क्रं.09 नगर निगम भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन पत्रो के आधार पर नियमानुसार शुल्क जमा कराए जाने के पश्चात उनके नाम संपत्तिकर अभिलेखों में परिवर्तित किए जाना है भूखण्ड क्रं 57 अशोक विहार कॉलोनी की उप नस्ती तैयार किया जाना है। यदि किसी को भी उप नस्ती के निर्माण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्र. 09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित समयवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी।

| क्र. | वार्ड क्र. | आवेदक का नाम | पूर्व स्वामी का नाम | भूखण्ड का पता | खाता नं./सम्पत्तिकर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 69 | श्री रशीद अहमद पुत्र श्री अबु अहमद | श्री रशीद अहमद पुत्र श्री अबु अहमद | 57 अशोक विहार कॉलोनी | |

जोनल अधिकारी
जोन क्रं 09
नगर पालिक निगम भोपाल

नि. क्रं .1340/024/025

# कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल

क्रमांक 777 / यॉ.वि./25 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल, दिनांक 20/2/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1. | 2025_UAD_403873_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND DRAIN AND VARIOUS PLACES OF WARD 25 ZONE 21 | 2118351 | 21.03.2025 | 05:30 PM |

नोट – संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 1353/024/025

# कार्यालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक सिंघौरी अभयारण्य बाड़ी

क्रमांक/288 — बाडी/दिनांक/17/02/2025

नोटिस भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 (4) ख के तहत

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिक्षेत्र बम्होरी में अवैध वनोपज सागौन परिवहन करते हुये निम्न मोटरसायकल जप्त होने से वन अपराध प्रकरण क्रमांक 45467/16 दिनांक 22.01.2025 पंजीवद्व हुआ है। उक्त वन अपराध में मोटरसायकल का उपयोग होने के कारण इस न्यायालय में राजसात की कार्यवाही प्रचलित है।

| क्रमांक | वाहन मोटरसायकल का प्रकार | रजिस्ट्रेशन नंबर |
|---|---|---|
| 1 | होण्डा सी.डी. 110 | MP-38-MJ-6369 & Ch.no. ME4JC673CG8002989 |

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति की उक्त वाहन हो वह समाचार प्रकाशन की दिनांक से 10 दिवस के अंदर इस न्यायालय में उपस्थित होकर जप्त वाहन के स्वामित्व संबंधी अभिलेख तथा अपने पक्ष समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर वाहन राजसात संबंधी आदेश पारित कर दिया जावेगा। बाद में कोई तर्क मान्य नही होगा।

(मयंक राज स.व.सं.)
सक्षम प्राधिकृत अधिकारी
अधीक्षक
सिंघौरी अभयारण्य बाड़ी

जी -23286/24 — स्वच्छता ही सेवा है।


## पेज एक का शेष...

### दिल्ली की भाग्य ...

सबसे पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने रेखा गुप्ता ने माइक संभाला। फिर एक के बाद 6 मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ थी। मंच पर भाजपा और एनडीए के सभी दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मप्र, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तराखंड जैसे प्रदेशों से भाजपा के मुख्यमंत्री मंच पर दिखे तो आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण की मौजदूगी भी खास रही। मंच पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल भी दिखीं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा...रेखा का सीएम बनना दिल्ली और देश के लिए 'अच्छा संकेत'**: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रेखा गुप्ता का दिल्ली का मुख्यमंत्री बनना दिल्ली और देश के लिए अच्छा संकेत है। देश की आधी आबादी को भागीदारी मिली है। उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी की नीतियों का परिणाम है, जिसकी वजह से हमारे जैसे लोग मुख्यमंत्री बन जाते हैं, जबकि मेरे परिवार से कोई सांसद, विधायक और मंत्री नहीं रहा। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी सबका साथ, सबका विकास केवल कहते नहीं हैं बल्कि करके दिखाते हैं और नए लोगों पर भरोसा करते हैं। दिल्ली में पहली बार की विधायक रेखा गुप्ता पर भरोसा किया गया है। लोकतंत्र की खूबसूरती यही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा का भाव सबको साथ लेकर चलने का है, कुछ पार्टियां परिवार से बाहर नहीं निकल पातीं।

### पीएम मोदी ने रेखा...

वह जमीनी स्तर से राजनीति की शुरुआत करके, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन और विधायक के रूप में एक्टिव रही हैं। अब मुख्यमंत्री के रूप में उनका ये नया सफर दिल्ली के लिए एक अहम मोड़ साबित हो सकता है।

### 'एक हैं तो सेफ हैं...

बैठक हुई। बैठक में पीएम मोदी ने सभी से कहा कि हम आगामी सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे और देश में मजबूती से काम करेंगे। एनडीए बैठक को लेकर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने 'एक हैं तो सेफ हैं' का संदेश दिया है। दिल्ली जीतना जरूरी था, अब तक एक होकर जीते हैं आगे जिस राज्य में भी चुनाव है वहां भी एक रहेंगे। पीएम मोदी ने कहा है कि सारे घटक दलों ने मेहनत की और जीत की बधाई दी। बैठक को लेकर भाजपा के महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि एनडीए की बैठक सभी दलों के नेता, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भाजपा दिल्ली सरकार के गठन में आए थे। उसके बाद प्रधानमंत्री के साथ एनडीए के सभी नेताओं बैठक हुई और सब ने प्रधानमंत्री को दिल्ली जीत पर बधाई दी।

### अनुशासन को दी ..

कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होने पीसीसी में विधायकों और पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अनुशासन का संदेश दिया। उन्होने कहा कि शून्य समझ के साथ आया हूं लेकिन यहां सहयोगी की भूमिका में रहकर 'मिशन एमपी' पर काम करूंगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा हमेशा ऐसा दर्शाती है कि कांग्रेस खंड-खंड है जबकि मुझे ऐसी कोई बात नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि मैंने कभी पार्टी से पद की मांग नहीं की। पार्टी जो लाइन तय करती है उस पर ही चलता हूं।

### इंदौर में रिटायर्ड ...

पीएफ और अपनी नौकरी से एकत्रित की थी। जब बुजुर्ग ने इतनी बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी, तो बैंक मैनेजर को शक हुआ और उन्होंने तुरंत क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया को सूचना दी। क्राइम ब्रांच की समझाइश के बावजूद बुजुर्ग साइबर ठगों के झांसे में फंसे रहे। ठगों ने उनसे कहा कि यदि वे 36 लाख रुपए और ट्रांसफर कर देंगे, तो पूरी रकम उन्हें वापस मिल जाएगी। इस झांसे में आकर बुजुर्ग ने 36 लाख रुपए और ट्रांसफर कर दिए, जिससे उनकी कुल ठगी की राशि 1.70 करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

### नागेश्वरन का ...

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर नागेश्वरन के कार्यकाल को 31 मार्च 2027 तक के लिए मंजूरी दे दी है। सीईए का पदभार संभालने से पहले नागेश्वरन ने एक लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में काम किया है। वह 2019 से 2021 तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य भी रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने भारत और सिंगापुर में कई बिजनेस स्कूलों और प्रबंधन संस्थानों में पढ़ाया है और व्यापक रूप से लेख प्रकाशित किए हैं।

### महाराष्ट्रः कृषि मंत्री...

दो साल की कैद और 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। पूर्व मंत्री दिवंगत टीएस दिघोले की शिकायत पर 1995 में दर्ज इस मामले में अदालत ने माणिकराव के भाई सुनील कोकाटे को भी दोषी करार दिया। मामला 30 साल पुराना है।

### ईडी ने उप्र व मप्र में ...

को निवेश पर ज्यादा रिटर्न देने का लालच दिया था। कंपनियों ने रिकरिंग डिपॉजिट, फिक्स डिपॉजिट और मंथली इनकम प्लान जैसी योजनाओं के तहत निवेश कराया। इन कंपनियों ने एजेंटों की भर्ती की, जिन्हें भारी कमीशन, विदेश यात्राएं, महंगी गाड़ियां और अन्य लालच दिए गए। एजेंटों ने लोगों को समझाया कि अगर वे निवेश करेंगे तो उनका पैसा 4-5 साल में डबल हो जाएगा। बैंक से ज्यादा ब्याज दर का लालच देकर उन्होंने नकद में पैसा जमा करवाया और बदले में फिक्स्ड डिपॉजिट सर्टिफिकेट/बॉन्ड या पासबुक दी, जिससे निवेशक को विश्वास हो कि उनका पैसा सुरक्षित है।

### महिला, उसके प्रेमी...

की थी। दरअसल, राजस्थान के निवासी एक बिजनेसमैन ने इंदौर आकर खजराना थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। फरियादी ने बताया था कि पत्नी के प्रेमी इलियास ने उसके 8 साल के बेटे का धर्म परिवर्तन के साथ खतना करवाते हुए मासूम को मुस्लिम धर्म की शिक्षा देने के लिए मदरसे में भर्ती भी कर दिया था। मामला संदिग्ध होने और जैन समाज के आक्रोश के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते फरियादी की पत्नी प्रार्थना और उसके प्रेमी आरोपी इलियास समेत सहयोगी जफर को आरोपी बनाया और तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुरेंद्र सिंह वास्केल ने बताया कि आरोपियों ने कई बार जमानत की कोशिश की, लेकिन हर बार कोर्ट ने खारिज कर दी।


# फेडरल बैंक
आपका सम्पूर्ण बैंकिंग भागीदार
एलसीआरडी डिविजन / नई दिल्ली, यू.जी.एफ., फेडरल टावर्स, 2/2, वेस्ट पटेल नगर, पटेल रोड, नई दिल्ली–110008
फोन नं.: 011–40733977, 78, 79 एवं 80 ई–मेल: ndllcrd@federalbank.co.in
CIN: L65191KL1931PLC000368 Website: www.federalbank.co.in

## चल सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

**वित्तीय संपतियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत चल संपतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाएगा।**

आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) एवं गारंटर (ओं) को यह सूचना दी जाती है कि फेडरल बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक रखा गया नीचे वर्णित वाहन/सुरक्षित संपत्ति, जिसका वास्तविक कब्जा फेडरल बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 05-12-2024 को लिया गया है, को "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर 13-03-2025 को बेचा जाएगा, जिससे फेडरल पर्सनल कार लोन खाता संख्या 13507400003033 के अंतर्गत फेडरल बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) को 13-03-2025 तक देय 28,00,000/- (केवल अट्ठाईस लाख रुपये) तथा लागत एवं अन्य प्रभार वसूल किए जाएंगे- (1) श्री गजानंद कुमार सिंह पुत्र श्री रमाकांत सिंह जो मकान संख्या 916, 9वीं मंजिल पर रहते हैं, एचआईजी रीगल ट्रेजर, नरेला शंकरी, भोपाल, मध्य प्रदेश -462023। (2) श्रीमती ज्योति सिंह पत्नी श्री गजानंद कुमार सिंह, मकान नंबर 916,9वीं मंजिल, एचआईजी रीगल ट्रेजर, नरेला शंकरी, भोपाल, मध्य प्रदेश-462023 में रहती हैं।


आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) एवं गारंटर (ओं) को यह सूचना दी जाती है कि फेडरल बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक रखा गया नीचे वर्णित वाहन/सुरक्षित संपत्ति, जिसका वास्तविक कब्जा फेडरल बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 05-12-2024 को लिया गया है, को "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर 13-03-2025 को बेचा जाएगा, जिससे फेडरल पर्सनल कार लोन खाता संख्या 13507400003033 के अंतर्गत फेडरल बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) को 13-03-2025 तक देय 28,00,000/- (केवल अट्ठाईस लाख रुपये) तथा लागत एवं अन्य प्रभार वसूल किए जाएंगे- (1) श्री गजानंद कुमार सिंह पुत्र श्री रमाकांत सिंह जो मकान संख्या 916, 9वीं मंजिल पर रहते हैं, एचआईजी रीगल ट्रेजर, नरेला शंकरी, भोपाल, मध्य प्रदेश -462023। (2) श्रीमती ज्योति सिंह पत्नी श्री गजानंद कुमार सिंह, मकान नंबर 916,9वीं मंजिल, एचआईजी रीगल ट्रेजर, नरेला शंकरी, भोपाल, मध्य प्रदेश-462023 में रहती हैं।


आरक्षित मूल्य 6,76,350/- रुपये (छह लाख छिहत्तर हजार तीन सौ पचास रुपये मात्र) है और बयाना राशि 67,635/- रुपये (सठ हजार छह सौ पैंतीस रुपये मात्र) है, जो आरक्षित मूल्य का 10% है। आरक्षित मूल्य से कम की बोलियां तत्काल अस्वीकार कर दी जाएंगी।

### वाहन/सुरक्षित संपत्ति का विवरण

**जीप कम्पास डीजल व्हाइट कलर 2018 मॉडल, पंजीकरण संख्या- MP04CV2129, इंजन संख्या- 4020502, चेसिस संख्या- MCAAJPBY3JFA298574J का बंधक आरटीओः भोपाल।**

वाहन को फेडरल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की देखरेख में बैंक द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता **मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर)** के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा। ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज वेबसाइटः https://federalbank.auctiontiger.net पर उपलब्ध हैं। संभावित बोलीदाता **मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर)**, हेल्पलाइन नंबरः 9265562818, 9265562821 / 079-6813 6842/6869 ईमेल आईडी- support@auctioatiger.aet और **श्री राम शर्मा - 8000023297 और ईमेल** - rampraasad@auctiontiger.net से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। निविदा दस्तावेज में दिए गए निर्धारित प्रारूप में बोलिया https://federalbank.auctiontiger.net पोर्टल के माध्यम से "ऑनलाइन" प्रस्तुत की जाएंगी। अन्यथा प्रस्तुत की गई बोलियाँ विचार के लिए पात्र नहीं होंगी। ईएमडी को डिमांड ड्राफ्ट, ईएफटी/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से **बैंक खाता संख्या 13500051030003, आईएफएससीः एफडीआरएल0001350** में भेजा जाएगा। भुगतान की जाने वाली ईएमडी वाहन के आरक्षित मूल्य का 10% है जो निविदा स्वीकार न किए जाने पर वापस कर दी जाएगी। ईएमडी के साथ बोली फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि और समय 12-03-2025 शाम 5 बजे तक है। उक्त तिथि और समय अवधि के बाद प्रस्तुत किए गए किसी भी बोली फॉर्म और ईएमडी पर विचार नहीं किया जाएगा।

वाहन का विवरण, वाहन के निरीक्षण की तिथि, ई-नीलामी की शर्तें और नियम, जिनके द्वारा बिक्री का मार्गदर्शन किया जाएगा, शाखा प्रबंधक, शाखा-**भोपाल, प्लॉट नंबर 6, जोन कक्ष, एमपी नगर, होशंगाबाद रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश-462011, मोबाइल नंबरः 7042263453 और 9407364860, और एलसीआरडी डिवीजन, नई दिल्ली, ऊपरी तल, फेडरल टावर्स, 2/2, पश्चिम पटेल नगर, नई दिल्ली-110008, फोन नंबर 011-40733977 और डीलिंग ऑफिसर मोबाइल नंबर -9110053706, 7282800790 और 9818646777** से 12-03-2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच प्राप्त किया जा सकता है। हालाँकि वाहन की पूरी तरह से जाँच करना संभावित खरीदार की एकमात्र जिम्मेदारी होगी। वाहन के संबंध में किसी भी पिछली दुर्घटना या अन्य देयता के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्तियों की नीलामी से संबंधित बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें शाखा परिसर में प्रदर्शित की गई हैं और निम्नलिखित वेबसाइटों में दिए गए लिंक पर भी उपलब्ध हैं:

1.https://www.federalbank.co.in/web/guest/tender-notices
2.https://federalbank.auctiontiger.net

तिथिः 20.02.2025 — कृते दि फेडरल बैंक लि.
स्थानः नई दिल्ली — (सरफेसी अधिनियम के तहत प्राधिकृत अधिकारी)

# पश्चिम मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना, दिनांकः 19.02.2025**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः– **निविदा संख्याः** विद्युत–सा–भो–नि.–11–2025, **कार्य का नामः** निशातपुरा में प्रस्तावित ROB के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं संबंधित कार्यों का प्रावधान। (विद्युत कार्य), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 5399304.83, **अग्रिम राशि रू.:** 108000.00/–, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 11/03/2025 11:00, **निविदा संख्याः** विद्युत–सा–भो–नि.–12–2025, **कार्य का नामः** भाग (ए): होशंगाबादः दोनों प्लेटफार्मों पर अतिरिक्त 7–बे कवर ओवर शेड का प्रावधान (विद्युत कार्य)। भाग (बी): हरदा–रैंप सुविधा के साथ मौजूदा FOB का प्रतिस्थापन (विद्युत कार्य)। भाग (सी): भोपाल डिवीजन – नर्मदापुरम स्टेशन पर अतिरिक्त 6.00 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान (विद्युत कार्य)। भाग (डी): हरदा–भोपाल डिवीजन – हरदा स्टेशन पर अतिरिक्त 6.00 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान (विद्युत कार्य)।, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 04 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 3754931.99/–, **अग्रिम राशि रू.:** 75100.00/–, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 12/03/2025 11:00। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नही किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो बेवसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निवदिा की लागत राशि 50 लाख रूपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ ले। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज आई आई पी एस वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ विशेष शर्त कें दिया गया है।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), मं.रे.प्र., पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता

पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.
R-07 to 21-02-2025

लिमिटेड कंपनी को जरूरी 10th से Graduation पास लड़कों की सर्वे करना, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, सुपरवाइजर, सेलरी 18500/- से 45750/- रहना खाना फ्री 08588080514
.R-20 to 21-02-2025

**आवश्यक सूचना**

वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार
समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक
लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरूवार
समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक
विदिशा में उपलब्ध
Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**In The Court Of Additional Principal Judge, Family Court, District Court, Ujjain**
Presiding Officer: श्री संजीव कुमार गुप्ता
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJCR/0000144/2023)
Process Id- /2025
दिनांक : 10/04/2025

श्रीमती सोनल वर्मा.......वादी
Vs
कन्हैयालाल वर्मा.....प्रतिवादी

प्रेषिती–
(1) कन्हैयालाल वर्मा, के.एल.वर्मा, पिता रामदीन वर्मा आयु 38 वर्ष, व्यवसाय व्यापार निवासी–डी–202 प्रियदर्शनी अधिष्ठान, बावरिया कला, भोपाल म.प्र

यह कि प्रार्थी श्रीमती सोनल वर्मा पति कन्हैयालाल वर्मा, के.एल.वर्मा, आयु–38 वर्ष, हालमुकाम 67 वृन्दावन कॉलोनी उज्जैन म.प्र. ने आपके विरूद्ध धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 08 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

(संजीव कुमार गुप्ता)
अतिरिक्त न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :–
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


## राशिफल

**मेष**: भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**: आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन**: खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क**: कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह**: नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या**: बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला**: नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**: पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।


**धनु**: शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर**: मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**कुंभ**: मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन**: सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5785



**बाएँ से दाए**
1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

### शब्द पहेली - 5784 का हल



## सूडोकु नवताल- 5795

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5794 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# अडाणी पोर्टफोलियो ने अब तक का सबसे अधिक 86,789 करोड़ रुपए का टीटीएम ईबीआईटीडीए दिया

मुख्य अवसंरचना व्यवसायों (अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के तहत उपयोगिता, परिवहन और इन्क्यूबेटिंग इंफ्रा व्यवसाय) का कुल ईबीआईटीडीए में 84 प्रतिशत हिस्सा रहा


## बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अडाणी ग्रुप की बादशाहत बरकरार मुनाफा छप्पर फाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदाबाद

भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अदाणी ग्रुप की बादशाहत बरकरार है। सबसे खास बात यह है कि दिसंबर, 2024 को समाप्त हुई तीसरी तिमाही में इस ग्रुप को छप्परफाड़ मुनाफा हुआ है। पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप भारत की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी अडाणी समूह ने गुरुवार को अडाणी पोर्टफोलियो के वित्त वर्ष 2025 के तिमाही वित्तीय परिणामों के साथ-साथ ट्रेलिंग-ट्वेल्व-मंथ विवरण और क्रेडिट कम्पेंडियम जारी करने की घोषणा की। अडानी पोर्टफोलियो कंपनियां अब उच्च पूंजीगत व्यय पथ पर हैं, जिसमें संबंधित पोर्टफोलियो कंपनियों के बढ़ते नकदी प्रवाह उत्पादन और परियोजना निष्पादन परिव्यय का मजबूत आधार है।

यह संबंधित पोर्टफोलियो कंपनियों को अपने-अपने क्षेत्रों में वैश्विक नेताओं के रूप में स्थान देगा। अडाणी समूह ने अपने मुख्य बुनियादी ढांचा व्यवसाय के नेतृत्व में अडाणी पोर्टफोलियो ने 86,789 करोड़ रुपए का अब तक का उच्चतम पिछला बारह महीने का (टीटीएम) ईबीआईटीडीए दिया है। मुख्य अवसंरचना व्यवसायों (अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के तहत उपयोगिता, परिवहन और इन्क्यूबेटिंग इन्फ्रा व्यवसाय) का कुल ईबीआईटीडीए में 84 प्रतिशत हिस्सा रहा। भारत की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी अडाणी ग्रुप के अनुसार पिछले बारह महीनों (टीटीएम) के आधार पर, पोर्टफोलियो ईबीआईटीडीए 10.1 प्रतिशत (साल-दर-साल) बढ़कर 86,789 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के लिए ईबीआईटीडीए 17.2 प्रतिशत बढ़कर 22,823 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने कहा कि इससे संबंधित पोर्टफोलियो कंपनियां अपने-अपने क्षेत्रों में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित हो जाएंगी। परिचालन से निधि प्रवाह या कर के बाद नकदी 58,908 करोड़ रुपए थी, परिसंपत्ति आधार 5.53 लाख करोड़ रुपए था और ईबीआईटीडीए के लिए शुद्ध ऋण 2.46 गुना था (30 सितंबर, 2024 तक)। समूह ने कहा कि पोर्टफोलियो कंपनियों में कम से कम अगले 12 महीनों के लिए ऋण सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त तरलता बनाए रखी गई है।

### अडाणी समूह भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला विविध व्यवसायों का पोर्टफोलियो




*अहमदाबाद में मुख्यालय वाला अडाणी समूह भारत का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला विविध व्यवसायों का पोर्टफोलियो है। ऊर्जा और उपयोगिताओं, परिवहन और रसद (बंदरगाहों, हवाई अड्डों, शिपिंग और रेल सहित), धातु और सामग्री, और उपभोक्ता क्षेत्रों में हितों के साथही अडाणी समूह ने बाजार में एक नेतृत्व की स्थिति स्थापित की है। समूह की सफलता 'राष्ट्र निर्माण' और 'अच्छाई के साथ विकास' के अपने मूल दर्शन से प्रेरित है, जो सतत विकास पर केंद्रित है।*

### कोर इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो नकदी प्रवाह सृजन को बढ़ावा

कंपनी के अनुसार अत्यधिक स्थिर 'कोर इंफ्रास्ट्रक्चर' पोर्टफोलियो नकदी प्रवाह सृजन को बढ़ावा दे रहा है, जिसका कुल पोर्टफोलियो एबिटडा में 84 प्रतिशत योगदान है। इस 'कोर इंफ्रास्ट्रक्चर' प्लेटफॉर्म में एईएल के इनक्यूबेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर व्यवसाय, यूटिलिटी (अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अडाणी टोटल गैस) और ट्रांसपोर्ट (अडाणी पोर्ट्स और एसईजेड) व्यवसाय शामिल हैं। कंपनी के अनुसार क्रेडिट प्रोफाइल ने अब एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है, तथा अब 75 प्रतिशत रन-रेट ईबीआईटीडीए 'एए-' और इससे अधिक की घरेलू रेटिंग वाली परिसंपत्तियों से उत्पन्न होता है।

### अडाणी के इनक्यूबेटिंग इन्फ्रा बिजनेस उच्च विकास पथ पर

अडाणी एंटरप्राइजेज के इनक्यूबेटिंग इन्फ्रा बिजनेस (एएनआईएल, एयरपोर्ट और सड़कें) उच्च विकास पथ पर हैं और वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 45.6 प्रतिशत की सालाना आधार पर तथा टीटीएम में 33.3 प्रतिशत की ईबीआईटीडीए वृद्धि के साथ विकास में अग्रणी बने हुए हैं। इसमें कहा गया है,30 सितंबर 2024 तक अडाणी पोर्टफोलियो के पास 53,024 करोड़ रुपए का नकद शेष था, जो सकल ऋण का 20.5 प्रतिशत था। अडाणी समूह भारत का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला विविध व्यवसायों का पोर्टफोलियो है। ऊर्जा और उपयोगिताओं, परिवहन और रसद (बंदरगाहों, हवाई अड्डों, शिपिंग और रेल सहित), धातु और सामग्री और उपभोक्ता क्षेत्रों में हितों के साथ अडाणी समूह ने बाजार में एक नेतृत्व की स्थिति स्थापित की है।

### सितंबर 2024 के टीटीएम और वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही का बेहतर प्रदर्शन

*पिछले बारह महीने के आधार पर (टीटीएम) पोर्टफोलियो एबिटडा में सालाना आधार पर 10.1 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 86,789 करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया; वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में एबिटडा में 17.2 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 22,823 करोड़ रुपए हो गया। अत्यधिक स्थिर 'कोर इंफ्रास्ट्रक्चर' पोर्टफोलियो नकदी प्रवाह को बढ़ावा देता रहता है, जिसका कुल पोर्टफोलियो एबिटडा में 84 फीसदी योगदान है। अडाणी एंटरप्राइजेज के इनक्यूबेटिंग इंफ्रा बिजनेस (एएनआईएल, एयरपोर्ट और रोड) तेजी से विकास की राह पर हैं और वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 45.6 फीसदी सालाना और टीटीएम में 33.3 फीसदी की ईबीआईटीडीए वृद्धि के साथ विकास का नेतृत्व करना जारी रखते हैं। पोर्टफोलियो कंपनियों में कम से कम अगले 12 महीनों के लिए ऋण सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त तरलता बनाए रखी गई है। 30 सितंबर 2024 तक, अडाणी पोर्टफोलियो के पास 53,024 करोड़ रुपए का नकद शेष था, जो सकल ऋण का 20.5 फीसदी था। पिछले बारह महीनों के लिए एफएफओ या कर के बाद नकदी 58,908 करोड़ रुपए थी। एसेट बेस 5.53 लाख करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 24 के अंत की तुलना में 75,277 करोड़ रुपए अधिक था।*

## खबर संक्षेप

### रियलमी पी3 प्रो 5जी और पी3एक्स 5जी लांच

**नई दिल्ली।** रियलमी ने रियलमी पी3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से



डिजाइन किया गया है रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे।

### लैंक्सेस को सस्टेनेबिलिटी में मिली शानदार रेटिंग्स

**मुंबई।** लैंक्सेस ने सस्टेनेबिलिटी की कई रेटिंग्स में शीर्ष स्थान अर्जित किए हैं। डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) यूरोप में यह स्पेशियल्टी केमिकल्स कंपनी 100 में से 79 पॉइंट्स लाकर 'केमिकल्स' कैटेगरी में अव्वल रही। डीजेएसआई वर्ल्ड में लैंक्सेस चौथे स्थान पर रही और उसने जलवायु रणनीति, जल, कॉर्पोरेट नैतिकता, मानव अधिकार एवं उत्पाद प्रबंधन के क्षेत्रों में विशेष रूप से अंक हासिल किए।

### कैंब्रिज की चेकपॉइंट टेस्ट सीरीज का विस्तार हुआ

**नई दिल्ली।** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप द्वारा कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट सीरीज का विस्तार किया जा रहा है। ये टेस्ट स्कूलों को प्राईमरी और लोअर सेकंडरी स्टूडेंट्स की लर्निंग की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने लर्नर्स की परफॉर्मेंस का आकलन करने के लिए 101 देशों के 1600 से अधिक स्कूलों ने कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट्स का उपयोग किया।

### सुरक्षा समाधान से 98 फीसदी लोग नाखुश

**मुंबई।** सुरक्षा सिर्फ बस प्रतिकूल परिस्थितियों से अपनी रक्षा का नाम नहीं बल्कि यह मन की शांति और स्थायी खुशी का आधार है। गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय (सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिज़नेस) द्वारा किए गए ताज़ातरीन हैप्पीनेस सर्वे से पता चलता है कि जिन लोगों के घर की सुरक्षा का उल्लंघन हुआ और उनमें से 98 फीसदी ने बताया कि इससे उनके समग्र सुरक्षा भाव और खुशी पर सीधा असर पड़ा है।

### बजाज ने गारंटीड पेंशन गोल 2 किया पेश

**पुणे।** बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज एलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल 2 के लांच की घोषणा की, जो एक गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली तत्काल और विलंबित वार्षिकी योजना है। उद्योग जगत में पहली बार 30 साल तक के विलंबन की सुविधा के साथ यह अभिनव पेंशन योजना 35 साल की उम्र से ही व्यक्तियों को वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है, जो प्रारंभिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए बेजोड़ लचीलापन प्रदान करती है।

### मुंबई हाईकोर्ट ने अवमानना पर रवि प्रकाश से मांगा जवाब

## मेघा इंजी.ने रवि की याचिका निरस्त करने के लिए दायर की याचिका

एजेंसी ⏭ मुंबई



**रवि प्रकाश द्वारा कोर्ट की अवमानना करने के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग**

मुंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को कोर्ट की अवमानना करने पर रवि प्रकाश से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह स्पष्ट कहा कि सबसे पहले मेघा इंजीनियरिंग की रवि प्रकाश की याचिका को निरस्त करने वाली याचिका और कोर्ट की अवमानना करने वाले प्रकरण पर सबसे पहले सुनवाई होगी, उसके बाद रवि प्रकाश की याचिका पर सुनवाई होगी।

दरअसल, रवि प्रकाश ने ठाणे बोरीवली सुरंग परियोजना के लिए मेघा इंजीनियरिंग को दिए गए टेंडर के संबंध में एमएमआरडीए के खिलाफ कोर्ट में एक याचिका दायर किया था। इसके जवाब में मेघा इंजीनियरिंग ने जनहित याचिका को खारिज करने और न्यायपालिका पर गंभीर आरोप पर रवि प्रकाश के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग करते हुए याचिका दायर की। रवि प्रकाश ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि क्या उनकी जनहित याचिका पर विचार करते समय न्यायपालिका सेलिब्रिटी कैडर और लेन-देन करने वालों पर अपने रुख पर कायम रहेगी?

### पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी कोर्ट में प्रस्तुत हुए

*मामले की सुनवाई मुंबई हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की डबल बेंच में गुरूवार को हुई। एमएमआरडीए की ओर से भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और मेघा की ओर से भारत के पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी कोर्ट में प्रस्तुत हुए।*

## पीएनबी ने सस्ता किया होम-ऑटो लोन, ब्याज दरें 0.25 फीसदी घटाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक ने गुरुवार को रीपो रेट में कटौती के बाद होम लोन, ऑटो लोन समेत खुदरा कर्ज पर ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट तक की कमी करने की घोषणा की। बैंक ने कहा कि संशोधित दरें होम लोन, कार लोन, एजुकेशन लोन और पर्सनल लोन सहित विभिन्न उत्पादों पर लागू होंगी, जिससे ग्राहकों को किफायती फाइनेंसिंग विकल्प मिलते रहेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पांच साल बाद नीतिगत दरों में बदलाव करते हुए 7 फरवरी को रीपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की, जिससे यह घटकर 6.25 फीसदी रह गई। इस कटौती के बाद, पीएनबी ने होम लोन की ब्याज दर को विभिन्न योजनाओं के तहत 8.15 फीसदी तक संशोधित किया है।

## बिजनेस न्यूज

### लेकलैंड बिल्डर्स ने लेमन ट्री होटल्स के साथ हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में कदम रखा



**भोपाल।** राजधानी के ख्यातिप्राप्त डेवलपर्स फर्म लेकलैंड बिल्डर्स अब हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में सुविधाएं प्रदान करने जा रहा है। इसके लिए लेकलैंड बिल्डर्स ने लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। मुंबई में आयोजित एमओयू साइन कार्यक्रम में लेकलैंड बिल्डर्स के प्रबंध निदेशक वासिक हुसैन और लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड के सीईओ विलास पवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लेकलैंड बिल्डर्स के प्रबंध निदेशक वासिक हुसैन ने कहा कि हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में प्रवेश करना लेकलैंड बिल्डर्स का एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकलैंड बिल्डर्स झीलों की नगरी भोपाल में राजा भोज एयरपोर्ट रोड पर एक नए होटल का शुभारंभ करने जा रहा है। लेमन ट्री होटल्स एक भारतीय होटल श्रृंखला है, जिसके देश में तकरीबन 125 से अधिक होटल संचालित है। होटल इंडस्ट्री में लेमन ट्री होटल्स प्रसिद्ध नाम है।

### एमजी मोटर ने एमजी विंडसर के 15हजारवें उत्पादन उपलब्धि का मनाया जश्न

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की कि एमजी विंडसर, भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी, ने 15,000 यूनिट्स के उत्पादन का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर लिया है। सीयूवी लांच के बाद लगातार चार महीने (अक्टूबर 2024, जनवरी 2025) तक सबसे अधिक बिकने वाला इलेक्ट्रिक वाहन रहा और इसने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में



योगदान दिया है।इस अवसर पर बीजू बालेंद्रन, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ‟एमजी विंडसर को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद उत्साहित हैं और अपने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी बदौलत हम 15,000 यूनिट के उत्पादन का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर सके। सीयूवी को इसकी किफायती कीमत, बेहतरीन पैकेजिंग और ग्राहकों को लग्जरी बिजनेस-क्लास अनुभव प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। बीएएएस, बायबैक प्रोग्राम और लाइफटाइम वारंटी जैसी स्मार्ट योजनाओं ने इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत किया है। हम अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तेजी से उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### मेडिकल इमरजेंसी के बारे में लोगों में अवेयरनेस की जरूरत: डॉ. निरंजनी

**भोपाल।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की कंसलटंट (एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी) डॉ. वी. निरंजनी ने कहाकि वर्तमान समय में लोगों में मेडिकल इमरजेंसी के बारे में अवेयरनेस की जरूरत है क्योंकि आमतौर पर देखा जाता है कि लोग किसी भी समस्या के लिए इमरजेंसी विभाग में पहुंच जाते हैं। यहां केवल इमरजेंसी पेशेंट को ही लाना चाहिए जिन्हे तुरंत उपचार की आवश्यकता है। इमरजेंसी विभाग में उच्च प्रशिक्षित स्टाफ और डॉक्टर रहते हैं जिनका फायदा उन्हें मिलना चाहिए जो ज्यादा पीड़ित है और जिन्हे तुरंत उपचार की आवश्यकता है। सबसे पहले तो यह जागरूकता लानी जरूरी है कि कौनसे पेशेंट को इमरजेंसी विभाग में ले जाना चाहिए और किसे ओपीडी में यदि पेशेंट को सांस लेने में तकलीफ हो रही है, चेस्ट पेन है, स्ट्रोक की समस्या है, लकवे का शिकार हुआ है, ज्यादा बुखार है, चक्कर आकर गिर गया है, एक्सीडेंट हुआ है तो उसे बगैर देरी किए इमरजेंसी विभाग में ले जाना चाहिए। अन्यथा पेशेंट 3-4 दिनों से समस्या से जूझ रहा है और उसे सर्दी, खांसी जैसी सामान्य समस्या है तो इसके लिए ओपीडी में जाना चाहिए। ऐसे में इमरजेंसी विभाग का लोड कम होगा और जो वाकई इमरजेंसी पेशेंट हैं, उन्हें यह सुविधा तत्काल प्रभाव से मिल सकेगी क्योंकि इमरजेंसी विभाग लाइफ सेविंग का काम करता है।

Phone No. 07578-299441 हर काम देश के नाम Email:ceopach-stats@nic.in

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER
**छावनी परिषद पचमढ़ी**
MINISTRY OF DEFENCE, GOVERNMENT OF INDIA

**क्र. 40/पी.डब्लयू./पार्किंग/3278** **दिनांक 19 फरवरी 2025**

// कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी //
(ई-टेण्डर)

छावनी परिषद पचमढी द्वारा निम्नलिखित छावनी दुकानों की नीलामी 05 वर्षो हेतु आमंत्रित की जाती है। निलामी संबंधित सभी नियम एवं शर्तें Pachmarhi.cantt.gov.in तथा defproc.gov.in साईट पर उपलब्ध है।

| क्र. | कार्य का नाम | अमानत राशि | शासकीय न्यूनतम मासिक किराया | ई-टेण्डर प्रकाशन तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्ट फुड कोर्ट जोन दुकान क्र. 06 | रू.20,000/- | रू.10,000/- | 20/02/2025 | 06/03/2025 के 15:00 बजे तक |
| 2 | केन्ट रेस्टोरेन्ट क्रं. 01 | रू.20,000/- | रू.10,000/- | 20/02/2025 | 06/03/2025 के 15:00 बजे तक |
| 3 | केन्ट गैरिज लाईन दुकान क्रं. 14 | रू.10,000/- | रू.1000/- | 20/02/2025 | 06/03/2025 के 15:00 बजे तक |
| 4 | केन्ट जटाशंकर मार्केट दुकान क्रं. 06 | रू. 10,000/- | रू. 1000/- | 20/02/2025 | 06/03/2025 के 15:00 बजे तक |
| 5 | केन्ट मटन मार्केट दुकान क्रं. 10 | रू. 500/- | रू. 500/- | 20/02/2025 | 06/03/2025 के 15:00 बजे तक |

**राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.**
**मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद पचमढ़ी**

Phone No. 07578-299441 हर काम देश के नाम Email:ceopach-stats@nic.in

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER
**छावनी परिषद पचमढ़ी**
MINISTRY OF DEFENCE, GOVERNMENT OF INDIA

**क्र. 40/पी.डब्लयू./पार्किंग/3222(Q)** **दिनांक 19 फरवरी 2025**

// कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी //
(ई-टेण्डर)

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा निम्नलिखित पार्किंग स्थल को पार्किंग शुल्क वसूली के लिए नीलामी की साईट Pachmarhi.cantt.gov.in तथा defproc.gov.in साईट पर उपलब्ध है।

| क्र. | कार्य का नाम | अमानत राशि | टेण्डर फार्म कीमत | ई-टेण्डर प्रकाशन तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | होटल इन्द्रप्रस्थ के बाजू वाला मैदान | रू.25,000/- | रू. 1000/- | 19/02/2025 | 05/03/2025 के 15:00 बजे तक |
| 2 | केन्द्रीय विद्यालय के सामने वाला मैदान | रू. 10,000/- | रू. 1000/- | 19/02/2025 | 05/03/2025 के 15:00 बजे तक |
| 3 | होटल गुरुकृपा के सामने वाला मैदान | रू.35000/- | रू. 1000/- | 19/02/2025 | 05/03/2025 के 15:00 बजे तक |
| 4 | ओल्ड मटन मार्केट के पीछे वाला मैदान | रू. 25000/- | रू. 1000/- | 19/02/2025 | 05/03/2025 के 15:00 बजे तक |

**राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.**
**मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद पचमढ़ी**



## चिंतन

# रेखा के सामने होंगी दिल्ली को संवारने की चुनौतियां

सीएम के चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया है। चर्चित नामों से हटकर रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की कमान सौंपी है। वे शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक जरूर बनी हैं, पर पिछले तीस वर्षों से एबीवीपी, संघ व भाजपा से जुड़ी हुई हैं और दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। पूर्व मेयर के अनुभव के साथ संघ की पृष्ठभूमि दिल्ली के शीर्ष पद तक पहुंचने में काम आई है। भाजपा के लिए दिल्ली के सीएम पद हेतु एक योग्य नाम पर मुहर लगाना आसान नहीं रहा होगा, कारण कई मजबूत नाम रेस में थे। लेकिन पार्टी ने वैश्य समाज से आने वाली अपनी महिला नेता रेखा गुप्ता को आगे बढ़ाकर एक साथ कई संदेश दिए। अरविंद केजरीवाल खुद को वैश्य समाज से बताते हैं और हरियाणा से हैं। रेखा गुप्ता महिला हैं, वैश्य समाज से आती हैं और हरियाणा से हैं। भाजपा का सामाजिक समीकरण रेखा के पक्ष में गया है। दिल्ली में सात फीसदी वैश्य हैं। वैश्य भाजपा के कोर वोटर रहे हैं। आगे बिहार, पश्चिम बंगाल व पंजाब में चुनाव हैं, यहां भी वैश्य की अच्छी आबादी है और आजकल महिलाओं को अलग से वोटबैंक के रूप में देखा जाता है, इसलिए भाजपा ने एक महिला को सीएम बनाकर राजनीतिक व्याकरण को मजबूत किया है। अभी भाजपा शासित राज्यों में ब्राह्मण, राजपूत, ओबीसी, आदिवासी समाज से सीएम हैं, इस कड़ी में वैश्य भी जुड़ गया है। रेखा के जरिये महिला मतदाताओं को सीधा संदेश दिया है। दिल्ली भाजपा के अंदर ताकतवर नेताओं के बीच संभावित गुटबाजी को साधते हुए भी राजनीतिक रूप से अनुभवी महिला का चुनाव किया है। रेखा गुप्ता ने छह मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है, प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। एक दिन पहले बुधवार को रेखा दिल्ली भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गई थीं। रेखा दिल्ली की चौथी महिला सीएम बनी हैं। इससे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी मर्लिना दिल्ली की सीएम रह चुकी हैं। सीएम के रूप में रेखा के लिए राह आसान नहीं रहने वाली है। आम आदमी पार्टी के रूप में रेखा सरकार के सामने एक मजबूत विपक्ष होगा, और उन्हें अपने मंत्रियों व पार्टी के अंदर भी संतुलन बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। अभी बेशक सब सरल लग रहा हो, पर जिन नेताओं को निराशा हाथ लगी है, उनकी महत्वाकांक्षा कभी भी उग्र हो सकती है। महिला, वैश्य व हरियाणा पृष्ठभूमि के चलते अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी के लिए विपक्ष के रूप में नई सीएम रेखा गुप्ता पर व्यक्तिगत राजनीतिक हमला करना कठिन होगा। 27 वर्ष बाद दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई रेखानीत भाजपा सरकार को अपने सभी चुनावी वादे पूरे करने होंगे। पानी, सड़क, सफाई, पर्यावरण सुधार, परिवहन, यमुना की सफाई आदि मोर्चे पर काम करने होंगे। इसी के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं की दिल्ली को विश्व की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय राजधानी बनाने की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की दिशा में भी काम करना होगा। कचरा निस्तारण, खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर व प्रदूषण दिल्ली की बड़ी समस्याएं हैं। हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना होगा। मास्टर प्लान 2050 के अनुरूप दिल्ली का विकास करना होगा। हाउसिंग सेक्टर में बहुत अनियमितताएं हैं, उस दिशा में भी समन्वय के साथ काम जरूरी है। दिल्ली को विकसित व श्रेष्ठ राजधानी बनाने की दिशा में सीएम रेखा गुप्ता की सरकार की कार्यकुशलता व सफलता पर यहां भाजपा का राजनीतिक भविष्य निर्भर करेगा।



सियासत
डॉ. रमेश ठाकुर

# भाजपा की 'चौंकाऊ परंपरा' का सच

आठ फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम बाहर निकला, सभी चकित रह गए। ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की? मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया? पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही शालीमार से विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम का जब ऐलान हुआ, तो कई दावेदारों के चेहरों के रंग उड़ गए। प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री की रेस में सबसे अव्वल थे।

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भारी मंथन और विचार-विमर्श के पश्चात दिल्ली चुनाव परिणाम के 12वें दिन बाद आखिरकार रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान हुआ। मुख्यमंत्री के नाम पर भारतीय जनता पार्टी की चौंकाऊ शैली का सिलसिला विभिन्न राज्यों की तरह दिल्ली में भी जारी रहा। भाजपा के जीते 48 विधायकों में शायद कोई एकाध नाम छूटा हो, जिनका नाम मुख्यमंत्री के दावेदार के तौर पर सोशल मीडिया में न तैरा हो। बड़ा कयास तो प्रवेश वर्मा को लेकर था। लेकिन अंत में वह पिछड़ गए। क्यों पिछड़ें? इसका जवाब किसी के पास नहीं? आठ फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम बाहर निकला, सभी चकित रह गए।

ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी नहीं की? मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया? पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही शालीमार से विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम का जब ऐलान हुआ, तो कई दावेदारों के चेहरों के रंग उड़ गए। प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री की रेस में सबसे अव्वल थे, वह भी नाम सुनकर हक्के-बक्के हुए। जबकि, संघ ने प्रवेश के नाम पर मुहर पहले से लगाई हुई थी, पर मोदी-शाह सहमत नहीं थे। असहमति के बाद संघ ने किसी महिला को मुख्यमंत्री बनाने का विकल्प दिया। जिस पर भाजपा ने रेखा गुप्ता का नाम फाइनल किया। वैसे, दिल्ली की राजनीति के अलावा बाहर रेखा गुप्ता से लोग अपरिचित हैं। वह शालीमार बाग विधानसभा से पहली मर्तबा जीती हैं। भाजपा ने एक और नई परंपरा शुरू की है। चुनाव जीतने के बाद राज्यों में किसी बड़े चेहरे को मुख्यमंत्री के पद पर नहीं बैठाएंगे? जबकि, अंदरखाने इस परंपरा से वह नेता असहज और बेहद नाखुश हैं जो जीत में बड़ी भूमिका अदा निभाते हैं।

सीएम पद के दावेदारों में दिल्ली में भी कुछ बड़े और प्रचलित नाम थे लेकिन सभी नकारे गए। मोदी-शाह के फैसले के बाद पार्टी का अन्य कोई महत्वाकांक्षी विधायक शायद ही रेखा गुप्ता का विरोध करने का अब दुस्साहस कर पाए? सीएम बनने के बाद रेखा गुप्ता को भी अपना सियासी कार्यकौशल दिखाना पड़ेगा। पार्टी ने चुनाव अभियान में दिल्ली वालों को बहुतेरे सब्जबाग दिखाए हैं। उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी उन पर होगी। फ्री की सौगातें, पेयजल समस्या से निपटना, बिजली संकट, यमुना की सफाई, बेरोजगारी जैसे बड़े मसलों पर उनकी राजनीतिक परीक्षा दिल्ली की जनता लेगी। परीक्षा आम आदमी पार्टी की भी है। विपक्षी भूमिका में कितना कारगर साबित होंगे, ये उन्हें प्रूफ करना होगा।

भाजपा का चुनाव जीतने के बाद अंत तक मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक नहीं करने की 'चौंकाऊ परंपरा' इस समय चर्चाओं में है। ये सिलसिला बीते कुछ वर्षों से उन्होंने जारी रखा है। हालांकि इसके फायदे-नुकसान का गणित उन्हें ही पता होगा? पिछले ही साल मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी इसी शैली ने सबको चौंकाया था। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव,



राजस्थान में पंडित भजनलाल शर्मा को सामने लाकर पार्टी ने प्रदेशों में खलबली मचा दी थी। उन तीनों राज्यों के निर्णयों में एक बात तो कॉमन थी, जो कतई भी चौंकाती नहीं? दरअसल, तीनों ही मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा की राजनीतिक-संस्कृति में पले-बढ़े नेता हैं? तीनों नाम संघ-भाजपा की आपसी सहमति से तय हुए। पेशे से वकील रेखा गुप्ता सालों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रही हैं। संघ के नेताओं से भी उनके संबंध बेहतरीन बताए जाते हैं।

हरियाणा के जींद जिले स्थित नंदगढ़ गांव में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने एक मास्टर स्ट्रोक खेला है। इस समय तकरीबन राज्यों में भाजपा की हुकूमतें हैं, जिनमें किसी में कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है। क्योंकि विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, पर निभाती नहीं? पार्टी ने जाति-समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का सीएम के लिए चुनाव किया है। क्योंकि वह वैश्य समाज से वास्ता रखती हैं। दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे। उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है। वैश्य समुदाय से जुड़े अन्य नेता के नाम पर भी मंथन हुआ। जैसे कि अगर अनुभवी राजनेता विजेंद्र गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया जाता, तब भी इस समीकरण को साध सकते थे। लेकिन महिला होने के नाते रेखा गुप्ता का पलड़ा विजेंद्र गुप्ता से भारी पड़ा।

भविष्य की चुनौतियों की जहां तक बात है तो उससे लड़ने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जमीन पर उतरना पड़ेगा बल्कि भाजपा की पूरी मशीनरी को भी सामूहिक रूप से दिल्ली में मोर्चा संभालना होगा। क्योंकि पार्टी ने चुनाव में वादों की बौछार की हुई है। सभी वादों को पूरा करना होगा। वादे पूरे इसलिए करने होंगे, क्योंकि दिल्ली को राजनीतिक पाठशाला कहते हैं। केंद्रीय मीडिया भी यहीं बसती है। नेता-नगरी से लेकर तमाम पावर-पैसा यहीं है। उन सभी की नजरें टिकी रहेंगी। इसके बाद भाजपा को बिहार भी कूच करना है। दिल्ली का मौजूदा बजट 76 हजार करोड़ के आसपास है जिसमें बेतहाशा वृद्धि नई सरकार को करनी पड़ेगी, तभी सभी वादों का खर्च उठा पाएगी सरकार। महिलाओं को नगद पैसे देना, पेंशन में बढ़ोतरी, बिजली-पानी फ्री, बस फ्री, प्रेग्नेंट महिलाओं को पैसा देना इत्यादी।

रेखा गुप्ता की राजनीति अभी तक नगर निगम तक सीमित रही। बड़े ओहदे का उन्हें अनुभव नहीं है। हालांकि, उनकी निजी शख्सियत खांटी भाजपाई की रही है। पर, राष्ट्रीय नेतृत्व वाली छवि से दूर? उनके भाषणों में उग्रता, मुखरता और लड़कपन हमेशा से दिखा। तभी तो, उनके नाम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर उनके पुराने विवादास्पद व आपत्तिजनक भाषणों को 'एक्स' से उठाकर लोग शेयर कर रहे हैं। पर देखा जाए तो मौजूदा राजनीतिक संस्कृति में इस तरह के कमेंट्स न सिर्फ अब पसंद किए जाते हैं, बल्कि उन्हें योग्यता के तौर पर देखा जाता है। निगम में उनके द्वारा माइक तोड़ने की घटना, केजरीवाल को अनाप-शनाप कहने वाले बयान भी सोशल मीडिया पर तैर रहे हैं।

बहरहाल, देश की राजधानी दिल्ली की राजनीति में अब चुनौतियों का दौर सत्ता पक्ष और विपक्षी पार्टी 'आप' दोनों के लिए शुरू होगा? चुनाव हारने के बाद आम आदमी पार्टी और विजय प्राप्ति के बाद भारतीय जनता पार्टी, दोनों दल दिल्ली में अपने-अपने राजनीतिक वजूद को बचाने और बढ़ाने में जुटेंगे। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस के समक्ष भी चुनौतियां हैं, वह भी उभरने की कोशिश करेगी। देखते हैं कि आने वाले समय में कौन-कौन अपनी परीक्षा में सफल होगा या विफल?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण

विवेक शुक्ला



# रजिया से रेखा, दिल्ली पर राज करतीं महिला शासक

रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी के रामलीला मैदान पर जब दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब वहां से कुछ दूरी पर दिल्ली 6 की एक गली में सन्नाटा था। इसका नाम है बुलबुलीखाना। यहां चारों तरफ से घिरे हुए परिसर में चिर निद्रा में हैं रजिया सुल्तान। यहां की हालत को देखकर समझ आता है कि इधर अब शायद ही कोई उस रजिया सुल्तान की कब्र पर फूल चढ़ाने आता हो जिसने 1236-1240 के बीच दिल्ली पर राज किया था। इधर लगे एक शिलापट्ट पर बताया गया है कि रजिया सुल्तान दिल्ली सल्तनत में ग़ुलाम वंश के प्रमुख शासक इल्तुतमिश की बेटी थीं। इल्तुतमिश ने अपनी मृत्यु से पहले अपनी बेटी को अपना उतराधिकारी बना दिया था। उसे अपने किसी भी पुत्र में दिल्ली पर राज करने की कुव्वत नजर नहीं आती थी। बहरहाल, रजिया सुल्तान के राज के सात सौ साल से भी अधिक समय के बाद शीला दीक्षित 1998 में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने लगातार 15 सालों तक दिल्ली पर राज किया। इतने लंबे समय तक दिल्ली पर शायद ही किसी शासक ने लगातार राज किया हो। अगर मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित का कार्यकाल सबसे लंबा रहा तो सुषमा स्वराज का कार्यकाल दो महीने भी नहीं रहा। वो 12 अक्टूबर 1998 से लेकर 3 दिसंबर 1998 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।


जाहिर है कि इतने छोटे से कार्यकाल में वो कोई अहम कदम जनता के हित में नहीं ले सकी थीं। भाजपा आलाकमान ने साहिब सिंह वर्मा के स्थान पर सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बनाया था। अब साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली की कैबिनेट में आ गए हैं। अगर आप दिल्ली की सियासत के गुजरे दौर के पन्ने खंगालें तो पता चलेगा कि डॉ. सुशीला नैयर को अज्ञात कारणों के चलते यहां के पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर रखा गया था। देश के पहले लोकसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव 1952 में हुआ था। उसमें कांग्रेस को अभूतपूर्व विजय मिली। सियासत और सार्वजनिक जीवन में कामकाज के लिहाज से डॉ. सुशीला नैयर के मुख्यमंत्री बनने की पूरी उम्मीद थी। पर दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बनाए गए नांगलोई के विधायक चौधरी ब्रहम प्रकाश। उन्होंने डॉ. सुशीला नैयर को अपना स्वास्थ्य मंत्री बनाया। तब बहुत लोगों को हैरानी हुई थी कि डॉ. सुशीला नैयर को क्यों मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। वो देव नगर से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं थीं। डॉ. सुशीला नैयर गांधी जी की शिष्य होने के साथ-साथ उनकी निजी चिकित्सक भी थीं। वो गांधी जी के निजी सचिव प्यारे नैयर की छोटी बहन थीं। जब गांधी जी ने 12 से 18 जनवरी, 1948 को उपवास रखा तब डॉ. सुशीला नैयर उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रही थीं। उन्होंने ही फरीदाबाद में ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम की स्थापना करवाई। उन्होंने देशभर में डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्र में जाने को प्रेरित किया। उनकी शख्सियत बहुत शानदार थी। उन्होंने कभी किसी से शिकायत नहीं की कि उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। खैर, अरविंद केजरीवाल के अचानक से इस्तीफा देने के बाद आतिशी पिछले साल 17 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। अब रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज की स्टूडेंट रही रेखा गुप्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष भी रही हैं।

उन्हें अब दिल्ली के मसलों को हल करना होगा। रेखा गुप्ता की पहली प्राथमिकता उस यमुना को स्वच्छ करना होना चाहिए जिसे दिल्ली सदियों से जमुना जी कहती है। उसके लिए यह पूजनीय है। पुरानी दिल्ली वाले इसे प्यार से और सम्मानपूर्वक अब 'जमुना जी' ही कहते हैं। दिल्ली के लिए, यमुना सिर्फ एक नदी ही नहीं है। इसके पानी में स्नान करना एक आशीर्वाद माना जाता है, मोक्ष की ओर एक कदम। जब दिल्ली अपनी चारदीवारी वाले शहर तक ही सीमित थी, तो जमुना जी जीवन रेखा थीं। इसने पीने का पानी उपलब्ध कराया, अपने किनारों पर उगाई जाने वाली सब्जियों को पोषण दिया, पशुधन को पानी पिलाया, जीवंत तैराकी मेलों की मेजबानी की।

दिल्ली की बुजुर्ग महिलाएं नियमित रूप से सुबह जल्दी जमुना जी जाती थीं, स्नान और ध्यान के लिए। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी के साथ, उसे यमुना को बचाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थिति गंभीर है। दिल्ली में वजीराबाद से ओखला बैराज तक यमुना नदी के प्रदूषण के कई कारण हैं, जो इसे मैली बनाते हैं। रेखा गुप्ता के सामने चुनौती बड़ी है। उन्हें अपने को साबित करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## तेरी हिफाजत...मेरी हिफाजत करती है वर्दी...



प्रयागराज। भले ही पुलिस कितने आरोप लगा लें लेकिन मौका आने हम सबकी हिफाजत वर्दी ही करती है। महाकुंभ की ये तस्वीर कुछ इसी तरह का संदेश दे रही है। दो महिला पुलिसकर्मी अपने परिजनों से बिछड़ी एक महिला को सांत्वना देती हुई नजर आ रहीं हैं।

## आज की पाती

### कुंभ में लोगों की भयावह भीड़ क्यों?

इस मानुष जीवन में इतने अधिक और भयंकर पाप करते ही क्यों हो कि इन अत्यंत ही दूभर, दुष्कर, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए तीर्थ श्री प्रयागराज को जाना पड़े! इस तथ्य से तुरंत परिचित हो जाइए कि इस बार कोई ऐसा बहुत बड़ा या श्रेष्ठ योग नहीं बना है कि अपने या दूसरों के जान-माल को भयंकर जोखिम में डालकर सिर्फ वहीं पर गंगा स्नान किया जाए। अब कई विद्वान लोगों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि कुछ इसी तरह का संयोग मात्र ही 144 वर्ष पहले बना था। यह कोई महानतम, सर्वश्रेष्ठ, दुर्लभ योग नहीं है महाकुंभ में स्नान ही करने के लिए। मैं शत-प्रतिशत आस्तिक और आस्था वाला सनातन व्यक्ति हूं, लेकिन सामूहिक उन्माद का कड़ा विरोधी भी। सभी को भगवान के नाम पर शांति और संयम से सोचकर ही कार्य करना चाहिए। *- मुमुक्षु के. ठाकुर, चंबा*

## करंट अफेयर

# सिंगापुर ने राष्ट्रीय भोजन कार्यक्रम किया निलंबित



सिंगापुर ने स्कूल ऑफ आर्ट्स (एसओटीए) में भोजन के कारण खाद्य विषाक्तता के मामले सामने के बाद बृहस्पतिवार को दो दिन पुरानी 'राष्ट्रीय तैयारी पहल' को अस्थायी रूप से रोक दिया जिसमें तैयार भोजन परोसना शामिल है। सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए), शिक्षा मंत्रालय, एजेंसी फॉर इंटीग्रेटेड केयर और खाद्य आपूर्तिकर्ता एसएटीएस ने संयुक्त बयान में कहा जब तक स्कूल ऑफ द आर्ट्स में खाद्य विषाक्तता के मामलों की जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक सिंगापुर फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम को एहतियातन निलंबित किया जा रहा है। चैनल न्यूज एशिया ने बुधवार को पहली बार खाद्य विषाक्तता मामले की रिपोर्ट दी थी।इस भोजन को खाने के बाद 20 छात्रों में डायरिया और उल्टी जैसे लक्षण सामने आए। ये तैयार भोजन इस साल के 'फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम' के तहत 90 से अधिक स्कूलों के 1 लाख से अधिक छात्रों और शिक्षकों को वितरित किया जाना था। एसओटीए के छात्रों को मंगलवार को एक्सरसाइज एसजी रेडी के तहत ये भोजन प्रदान किया गया था। यह अभ्यास टोटल डिफेंस पहल के तहत बिजली कटौती और खाद्य आपूर्ति में रुकावट जैसी आपातकालीन स्थितियों में तैयार रहने के लिए किया गया था।

## ऑफ बीट

# मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है



ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

## ट्रेंड

### स्थापना दिवस पर बधाई



अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई। मुझे विश्वास है कि दोनों राज्यों के लोग अपनी असाधारण प्राकृतिक विरासत व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखेंगे। प्रगति और उत्कृष्टता के नए अध्याय लिखेंगे।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### गरीबी रेखा से ऊपर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर उठाए गए कदमों का परिणाम है कि प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हर कार्य में सहयोग करेंगे



दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बहुत-बहुत बधाई। मैं उम्मीद करता हूँ कि दिल्ली की जनता को किए गए सारे वादे वे पूरे करेंगी। जनता के विकास और भले के हर कार्य में हम उन्हें सहयोग करेंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### स्वयं के विरुद्ध विद्रोह



जैसे एक सांस दूसरी सांस के खिलाफ विद्रोह करती है.. प्रत्येक सांस लेने और छोड़ने के बीच.. वैसे ही ब्रह्मांड लगातार अपने खिलाफ विद्रोह करता रहता है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका स्वयं के विरुद्ध भी निरंतर विद्रोह में है और इसलिए ब्रह्मांड के साथ सद्भाव में मौजूद है।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन में रचा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

## खजुराहो नृत्य समारोह में 139 कलाकारों ने 24 घंटे से अधिक समय नृत्य कर रचा विश्व कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घुंघरुओं की झंकार और ताल-थाप की सुमधुर लहरियों से एक बार पुनः ऐतिहासिक खजुराहो नगर गुंजित हो रहा है। कला की सौंदर्यपूर्ण छटाएं वर्ल्ड हेरिटेज साइट में बिखर रही है। अवसर है 51वें खजुराहो नृत्य समारोह के उपलक्ष्य में वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) का। अपनी कला और संस्कृति से विश्व में अलग पहचान बनाने वाला मप्र राज्य ने एक और कीर्तिमान रचा। मौका था मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन में रचा गया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का। जिसमें 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक विविध शास्त्रीय नृत्य शैलियों में 139 कलाकारों ने नृत्य करके प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर सीएम डॉ. यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## भाजपा सरकार कला, संस्कृति की विरासत को संभालने का कार्य कर रही है : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को खजुराहो में खजुराहो नृत्य समारोह एवं अलंकरण समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कला, संस्कृति की विरासत को संभालने का कार्य कर रही है। नृत्य साधना में हमारे पूर्वजों की कल्पनाशीलता व गतिशीलता की झलक दिखाई देती है। नृत्य मुद्राओं को महाकाल महालोक में शिल्पकला के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नृत्य स्मारिका का विमोचन कर कलाकारों को मध्यप्रदेश राज्य रूपांकर कलाकार सम्मान से सम्मानित किया।

### नृत्य में पूर्वजों की कल्पनाशीलता व गतिशीलता की झलक



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। 24 घंटे कथकली नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए आप सभी कलाकारों को बधाई। नृत्य साधना में हम सभी के पूर्वजों की कल्पनाशीलता व गतिशीलता की झलक दिखाई देती है। मप्र की भाजपा सरकार नृत्य मुद्राओं को महाकाल महालोक में शिल्पकला के माध्यम से प्रदर्शित करने का कार्य करा रही है। एक हजार साल पुराना कंदरिया महादेव मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत है। नृत्य साधना व कलाओं की विधाओं के माध्यम से हमें संस्कृति की धारा को प्रवाहित करने का अद्भुत संकल्प मिलता है।

### फ्रेंड्स क्लब ने किया सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन

## मरना तो निश्चित है, हर किसी को एक दिन....

**भोपाल।** फ्रेंड्स क्लब द्वारा सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयकर विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर संजय अग्रवाल ने कहा कि साहित्य मनुष्य को मनुष्य से जोड़कर, समाज में सकारात्मकता का संचार करता है। कवि जयप्रकाश सूर्यवंशी सूर्यकिरण ने पढ़ा मरना तो निश्चित है, हर किसी को एक दिन, जीना कैसा, हर किसी को नहीं आता। भले ही चांद पर, पहुंच गए आज हम, जमीन पर कैसे चलना, हमें नहीं आता।

### ब्यूटीफुल आइस, ब्यूटीफुल स्माइल विशेष हैं

## तूलिका के मिसेज एमपी ऑडिशन 2 मार्च 2025 को

**भोपाल।** पारिवारिक मूल्यों पर आधारित 'तूलिका मिसेज एमपी 2025' का ऑडिशन 2 मार्च को होगा। प्रतियोगिता विवाहित महिलाओं के लिए दो वर्गों में होती है। इसमें पहली 18 से 40 एवं दूसरी 40 से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए है। इसके अलावा बढ़ते तलाक, टूटते परिवार को बचाने सास-बहु, मां-बेटी, भाभी-ननद, जेठानी-देवरानी के साथ विवाहित जोड़ों को शामिल किया जाता है। यह प्रतियोगिता ब्यूटी विद ब्रेन, टेलेंट राउंड, टाइटल राउंड में आयोजित की जाती है। टाइटल राउंड में खूबसूरती के साथ स्वास्थ्य भी देखा जाता है। ब्यूटीफुल आइस, हैल्दी स्किन, ब्यूटीफुल स्माइल विशेष हैं। साथ ही प्रदेश स्तरीय तूलिका मिसेज एमपी प्रतियोगिता में टेलेंट राउण्ड भी खास मायने रखता है। प्रतियोगिता मंच से अपने हुनर को भी प्रदर्शित करता है।

### एमएलबी कॉलेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'अनन्या- 2025' में नृत्य, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

# डोला रे डोला रे.., निबुड़ा-निबुड़ा, कालबेलिया नृत्यों पर थिरकते कदमों से खिल उठा अनन्या उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डोला रे डोला रे.., पर थिरकते कदमों के बाद जब हम दिल दे चुके सनम के निबुड़ा-निबुड़ा पर छात्राओं ने जोरदार ठुमके लगाए तो दर्शकों से खचाखच भरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद कालबलिया नृत्य और महाराष्ट्र के लावणी नृत्य के क्या कहने। नजारा था एमएलबी कॉलेज का। एमएलबी के तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'अनन्या-25' के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य प्रतियोगिता के साथ-साथ मेहंदी कॉम्पिटीशन, पुष्प सज्जा, रंगोली कॉम्पटीशन भी आयोजित की गई।



*नृत्य प्रतियोगिता में निंबुड़ा-निंबुड़ा के लिए रुपाली जैन प्रथम और कालबेलिया नृत्य के लिए उर्वी भोई द्वितीय स्थान पर रहीं*

- *पारम्परिक मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम- 1-शुभी जैन, 2-मुस्कान कुशवाह*
- *पुष्प सज्जा में कैफे अख्तर प्रथम*
- *पारंपरिक रंगोली में निशा मेवाड़े प्रथम*
- *रचनात्मक रंगोली में अलका यादव प्रथम*
- *समूह गायन में हर्षी व समूह प्रथम स्थान पर रहा।*



### आनंद विहार कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'उजास-2025' के अंतर्गत सोलो व ग्रुप डांस कॉम्पटीशन

## नॉन रिकॉर्डेड म्यूजिक पर पंजाबी गिद्दा और भांगड़ा की प्रस्तुति पर जमकर बजी तालियां



भोपाल। आनंद विहार कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'उजास-2025' के अंतर्गत आयोजित नृत्य प्रतियोगिताओं में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया। जहां प्रस्तुति में नॉन रिकॉर्डेड म्यूजिक पर पंजाबी गिद्दा और भांगड़ा की प्रस्तुति खास रही, वहीं बुंदेलखंडी राई नृत्य पर तो दर्शकों ने खूब तालियां और सीटियां बजाई। इसके बाद कालबेलिया और लावणी ने तो पूरे हॉल को गीत संगीत की धुन से संगीतमय बना दिया। पारंपरिक और लोक नृत्यों की प्रस्तुति के साथ उजास के प्रथम दिवस फ्लेम लेस कुकिंग और पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।




### फ्लेमलेस रेसिपी के साथ सामाजिक संदेशों से सजे पॉम

नृत्य प्रतियोगिता में 4 समूह नृत्य और आठ सोलो डांस परफार्मेंस खास रही, जिसमें अलग अलग राज्यों की संस्कृति देखने को मिली। नृत्य प्रतियोगिता में बुंदेली राई नृत्य प्रथम स्थान पर रहा तो नॉन रिकॉर्डेड म्यूजिक पर पंजाबी नृत्य प्रतियोगिता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके साथ ही सामाजिक संदेश देती पॉम पेंटिंग भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही वहीं फ्लेमलेस रेसिपी में छात्राओं ने बिना गैस स्टोव का प्रयोग किए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर प्रस्तुत किए।

# टेक्नोलॉजी ट्रांसफर सेंटरः एक महत्वपूर्ण पहलः चौबे

## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर सेंटर का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर सेंटर का शुभारंभ म.प्र. ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पूर्व संध्या पर किया गया। सेंटर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में चयनित उद्यमियों को इस सेंटर की क्षमताओं से अवगत कराया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से उद्योगों और स्टार्टअप्स को नवाचारों और पेटेंटेड तकनीकों तक पहुंच प्रदान की जाएगी, जिससे वे उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपने व्यवसायों को और अधिक सशक्त बना सकें।

### तकनीकी नवाचारों और स्टार्टअप्स को मिलेगा बढ़ावाः डॉ. अजय



डॉ. अजय चौबे ने बताया कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर सेंटर नवाचारों, अनुसंधान और उद्योगों के बीच की कड़ी के रूप में कार्य करेगा, जिससे छात्रों और स्टार्टअप्स को पेटेंटेड तकनीकों तक सीधा लाभ मिलेगा।

### छात्रों को मिलेगा 1200 से अधिक तकनीकों का ज्ञान

इस सेंटर में छात्रों को देश में विकसित लगभग 1200 प्रौद्योगिकियों का परिचय दिया जाएगा, जो कि पुस्तकों के रूप में प्रकाशित की जा चुकी हैं। इससे छात्र इन तकनीकों का अध्ययन कर अपने स्वयं के स्टार्टअप या उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित हों।

### मर्चेंट नेवी में मिलता है यह अवार्ड



## कमलेश को नाइजीरिया सरकार से मिला ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के निवासी और मुंबई स्थित मैरीटेक टैंकर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी अधीक्षक कमलेश जालोरी ने भोपाल सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। जालोरी को नाइजीरिया सरकार की ओर से द ह्यूमैनिटेरियन मेन ऑफ द ईयर-2024 अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड नाइजीरिया के तट के भीतर और बाहर समुद्री उद्योग में उनके अथक और उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए दिया गया है। कमलेश जालोरी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि इस सम्मान से वह बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि मर्चेंट नेवी में यह अवार्ड पूरे विश्व में सिर्फ 1 या 2 लोगों को ही दिया जाता है।

### परिवार का शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान

बता दें कि कमलेश जालोरी भोपाल स्थित कैंपियन स्कूल के पूर्व छात्र हैं और उनका परिवार यहां रहता है। पिता सुभाष जालोरी व्यवसायी हैं एवं माता वनिता जालोरी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। कमलेश जालोरी भूतपूर्व मुख्यमंत्री मध्यभारत प्रांत एवं पूर्व मंत्री मप्र तख्तमल जैन के परपोते हैं। इस परिवार का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### यंग थिंकर्स फॉर्म द्वारा फिल्म छावा की विशेष स्क्रीनिंग

## हिंदुओं के गौरव हैं संभाजी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फॉर्म ने गुरुवार को फिल्म छावा की विशेष स्क्रीनिंग सिनेपोलिस, डीबी मॉल में की गई। छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म को 300 युवाओं ने देखा। इसमें मैनिट, आईएचएम, माखनलाल विश्वविद्यालय तथा एक्सीलेंस कॉलेज सहित भोपाल के अन्य संस्थाओं व संगठनों की युवा इसमें सम्मिलित हुए। साथ ही अनेक ब्लॉगर, यूट्यूबर, कलाकार, रंगकर्मी, शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता भी आए। माखनलाल विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की विशेष उपस्थिति रही।

### क्या है स्क्रीनिंग का उद्देश्य और उससे सीख




फोरम के निर्देशक आशुतोष ठाकुर ने बताया कि स्क्रीनिंग का उद्देश्य है युवाओं को सच्चा इतिहास बताना तथा अपने पूर्वजों पर गर्व करना सिखाना। फोरम के जय पाराशर ने कहा कि हमारा सच्चा इतिहास वामपंथी इतिहासकारों द्वारा छुपाया गया और मुगलों की क्रूरताओं को वाइट वाश किया गया। यह फिल्म इस झूठे आवरण का पर्दाफाश करते हुए हिंदू शौर्यगाथा और इस्लामी उद्देश्यों को दिखाती है।

## भोपाल के ऐतिहासिक तालाब को स्वच्छ बनाने स्टूडेंट्स ने किया श्रमदान



**भोपाल।** व्हीएनएस नेचर सेवियर, भोपाल बर्ड्स एवं नगर निगम भोपाल के द्वारा बिशनखेड़ी में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत भोजताल सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर भोपाल मालती राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने स्वछता सर्वेक्षण 2025 में भोपाल वासियों से बढ़ चढ़कर भाग लेने का आव्हान भी किया। सफाई अभियान में 60 कॉलेज स्टाफ एवं स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भोपाल के ऐतिहासिक तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के संकल्प के साथ श्रमदान किया।

### 'मध्य प्रदेश डिजाइन उत्सव 2025' का शुभारंभ

## रचनात्मकता, नवाचार और कलात्मक अभिव्यक्ति से सजा डिजाइन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में गुरुवार से बहुप्रतीक्षित 'मध्य प्रदेश डिजाइन उत्सव 2025' का शुभारंभ हुआ। इस उत्सव में रचनात्मकता, नवाचार और कलात्मक अभिव्यक्ति का एक साथ संगम देखने को मिला। पहले दिन कला, संस्कृति और डिजाइन के प्रेरणादायक संगम को प्रस्तुत किया, जिससे इस तीन दिवसीय महोत्सव की ऊर्जावान शुरुआत हुई। इस समारोह में ओडिसी और कथक नृत्य की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।



### फूड स्टॉल्स पर लगे विविध स्वादिष्ट व्यंजन

इस आयोजन में पाक कला का भी भरपूर आनंद लिया गया, क्योंकि आगंतुकों ने फूड स्टॉल्स के विविध स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा। इसके साथ ही स्टूडेंट्स द्वारा विभिन्न स्टॉल्स पर कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।



### भारत भवन में आयोजित 43वें वर्षगांठ समारोह का समापन

## प्रदेश के चार अंचलों के मटियारी गीतों से सुगंधित हुई वर्षगांठ समारोह की अंतिम शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कला, संस्कृति, परंपरा और उत्सव से भरपूर विविध कलाओं के केंद्र भारत भवन में आयोजित 43वें वर्षगांठ समारोह की अंतिम सभा गुरुवार को सम्पन्न हुई। समारोह के अंतिम दिन मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों की मिट्टी की सुगंध लिए लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति से बहुकला केंद्र का अंतरंग सभागार महक उठा, जिसमें एक साथ एक मंच पर प्रदेश के बघेली, बुंदेली, निमाड़ी और मालवी लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी, जो श्रोताओं की स्मृति में सदा के लिए बस गई।



### कलाकारों ने इन गीतों की भी दी प्रस्तुति

एक के बाद एक प्रस्तुत होते लोकगीतों में कलाकारों ने अलग-अलग परंपरा से जुड़े गीतों को पेश किया। स्वाति उखले ने जसोदा थारो नटखट नंद किशोर...गीत सुनाया। इसके बाद उन्होंने पानी पड़े रे तुषार... लायो हे मास आषाढ़... के बाद गीत सुनो सहेली ओ अलबेली...गीत पेश किया। वहीं मनीषा शास्त्री ने चलो सखी छोटो सो गणपति बनाओ... हा थारो लिपु न लिपु आंगन...गीत के बाद आयो बसंत बहार...गीत सुनाया। वहीं उर्मिला पांडे ने मोरी काय गोरा... बने दूल्हा छवि देखो भगवान की... गीत के बाद होली गीत श्यामलिया... की प्रस्तुति से माहौल में होली के रंगों की खुशबू बिखेर दी। लोकगीतों से सजी इस खूबसूरत शाम का मंगलाचरण भक्ति गीतों से हुआ। जहां बघेलखंड की कलाकार शिवांगी पांडे ने अपने साथी कलाकारों के साथ गणेश वंदना प्रस्तुत की।

## महाकुंभ मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे, अपील का भी असर नहीं दिख रहा

# चहुंओर जाम ही जाम...पर जोश हाई... संगम के रास्तों में 10 किमी तक भीड़, अब वीकेंड पर फिर से जनसैलाब उमड़ेगा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ का गुरुवार को 39वां दिन था। मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे हैं। दोपहर 2 बजे तक 85 लाख 73 हजार श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक 56.75 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। गुरुवार को भी महाकुंभ में भीड़ रही। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है। सुबह से भी संगम आने वाले सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ पहुंच रहे हैं।

**शहर के बाहर पार्किंग भी भरे**

**56.75** करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु गुरुवार तक कर चुके स्नान



### स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन की

भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी किया। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। प्रशासन का अनुमान है कि शुक्रवार से महाकुंभ में भीड़ बढ़ेगी। क्योंकि, यह महाकुंभ का आखिरी वीकेंड है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ मेला खत्म हो जाएगा।

रेलवे का इमरजेंसी प्लान खत्म

### अब सभी रास्तों से मिलेगी एंट्री

प्रयागराज में महाकुंभ पर उमड़ रही भारी भीड़ को देखते हुए पिछले चार दिनों से रेलवे ने इमरजेंसी प्लान लागू कर दिया था, जिसके कारण शहर में कई प्रमुख मार्ग बंद कर दिए गए थे।



अब रेलवे का इमरजेंसी प्लान खत्म कर दिया गया है, जिसके बाद पुलिस ने इन मार्गों को फिर से खोल दिया है। जानसेनगंज से लीडर रोड और जोगीवीर चौराहे से स्टेशन जाने वाले रास्ते पूरी तरह से अवरुद्ध थे। जिसके चलते रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पहले जानसेनगंज चौराहे से श्रद्धालुओं को लीडर रोड की तरफ जाने से रोका गया था।

### कई मार्गों पर किया था बदलाव

लीडर रोड और जंक्शन के पास रहने वाले लोग भी अपने घरों में कैद हो गए थे, दूसरी ओर से भी निकलने का रास्ता बंद कर दिया गया था। बुधवार सुबह शहर के कई इलाकों में ब्लॉक हटा दिया गया। रेलवे ने आपातकालीन प्लान को बंद कर खुसरोबाग की जगह सीधे स्टेशन परिसर में एंट्री देना शुरू कर दिया है। रेलवे के इमरजेंसी प्लान के तहत खुल्दाबाद, लूकरगंज, शाहगंज, स्टेशन रोड के अलावा शहर के कई रास्ते बंद कर दिए थे।

---


## खबर संक्षेप

### आंध्र प्रदेश में पूर्व सीएम रेड्डी सहित 8 पर केस दर्ज



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में नल्लापाडु पुलिस स्टेशन में पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और 8 अन्य सहित वाईएसआरसीपी नेताओं के खिलाफ एमएलसी चुनावों के दौरान मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। निष्पक्ष चुनाव के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं।

### रोज झटके पर झटके... मैं झटका पुरुष हो गया हूं



**मुंबई।** महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा खूब चल रही है। इस खास 'ऑपरेशन' पर कहा जा रहा है कि शिवसेना के कई नेता उपमुख्यमंत्री शिंदे से हाथ मिला सकते हैं। दोनों ही 'असली शिवसेना' कहते हैं। उद्धव ने 'झटका' लगने की बात पर कहा है कि रोज झटके पर झटके लग रहे हैं। अब मैं झटका पुरुष हो गया हूं।

### पत्नी की हत्याकर फिर रेत लिया अपना गला



**कोटद्वार।** कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत मोहल्ला रतनपुर-सुखरो में पति-पत्नी के मध्य आपसी विवाद के दौरान पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पत्नी के हत्या के बाद पति ने खुद के हाथों व गले की नस को काट आत्महत्या का प्रयास किया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### डिप्टी सीएम शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को धमकी मिली है। उन्हें कहा गया है कि गाड़ी को बम से उड़ा देंगे। इस मामले में गोरेगांव पुलिस जांच में जुटी है। पता लगाया जा रहा है कि ये धमकी किसने और कहां से दी है। मुंबई के गोरेगांव पुलिस, जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन, मंत्रालय और 2 जगह पर अज्ञात शख्स ने धमकी देते हुए ईमेल किया है।

---

## दिल्ली कैबिनेट की पहली बैठक में फैसला

# यमुना को करेंगे पुनर्जीवित कैग रिपोर्ट पटल पर रखेंगे

### यमुना तट पर की पहली मीटिंग, आयुष्मान को दी स्वीकृति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला। इसके बाद पूरी कैबिनेट के साथ सचिवालय गईं। फिर शाम को यमुना आरती में शामिल हुईं। रात को अपनी कैबिनेट के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पहला बयान जारी कर कहा कि विकसित दिल्ली का जो मिशन है उसे पूरा करने के लिए लगातार काम किया जाएगा। इसमें एक दिन भी व्यर्थ नहीं होगा। दिल्ली से किया गया एक-एक कमिटमेंट पूरा किया जाएगा। इसके अलावा महिला योजना पर भी चर्चा हुई है, किस कैटेगरी और कहां देंगे, इस पर चर्चा होगी तब तय करेंगे। भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट में सीएजी की रिपोर्ट को पास किया गया। अब इसे सदन के पटल पर रखा जाएगा। आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान सीएजी की रिपोर्ट को सदन में पेश नहीं किया गया था। इस पर पीएम मोदी ने कहा भी था कि भाजपा की सरकार बनते ही सदन में सबसे पहले सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएगी।

### बैठक में 2 प्रस्ताव किए पास

1. आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू होगी, 5 लाख दिल्ली सरकार और 5 लाख केंद्र सरकार की राशि होगी।
2. सीएजी की 14 रिपोर्ट पेंडिंग हैं, जो पहले हाउस में रखी जाएगी।

### मां यमुना के संकल्प को दोहराया

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि गुरुवार को मां यमुना की आरती करते हुए हमने फिर से उस संकल्प को दोहराया जो हमारी प्राथमिकता रहेगी कि मां यमुना को फिर से उनके पुराने साकार रूप में लेके आना और साफ करना। दिल्ली को युमना मां का फिर से आशीर्वाद देना। यमुना की सफाई के लिए जो संसाधन लगाने होंगे उस पर पूरे लेआउट के साथ काम किया जाएगा। शपथ के बाद कार्यभार ग्रहण करने के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हम विकसित दिल्ली के लिए काम करेंगे और पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएंगे।

---

## मंत्रियों के संबंध में जानें

मुख्यमंत्री रेखा कैबिनेट में इकलौती महिला

# 248 करोड़ के मालिक सिरसा सबसे अमीर और कपिल मिश्रा सबसे युवा

दिल्ली में नई सरकार का गठन हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट ने गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ली। उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री समेत 7 सदस्यीय नई कैबिनेट में मुख्यमंत्री इकलौती महिला हैं।

### सिरसा 12वीं पास और बाकी स्नातक और परास्नातक

रेखा गुप्ता सरकार के दो मंत्री परास्नातक, दो स्नातक, दो पेशेवर स्नातक हैं। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा कैबिनेट में सबसे कम पढ़े-लिखे मंत्री हैं।



सिरसा 12वीं पास हैं। दो स्नातक मंत्रियों में जनकपुरी से जीते आशीष सूद और बवाना से जीते रविंद्र इंद्राज सिंह शामिल हैं। रविंद्र इंद्राज सिंह ने बीए किया है, वहीं आशीष सूद के पास बीकॉम की डिग्री है। पेशेवर स्नातक मंत्रियों में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विकासपुरी से जीते पंकज कुमार सिंह शामिल हैं। पेशे से डेंटिस्ट पंकज के पास बीडीएस की डिग्री है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मेरठ की चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से एलएलबी की है। नई दिल्ली सीट पर केजीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा और करावल नगर से जीते कपिल मिश्रा सबसे पढ़े लिखे मंत्री हैं।



### सीएम पेशे से वकील, पंकज डेंटिस्ट

दिल्ली कैबिनेट के मंत्रियों के पेशे की बात की जाए तो खुद मुख्यमंत्री पेशे से वकील हैं। रेखा गुप्ता के छह सहयोगियो में से पांच ने चुनावी हलफनामे में अपना पेशा व्यवसाय बताया है। इन मंत्रियों में प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिरसा, कपिल मिश्रा, आशीष और रविंद्र इंद्राज सिंह शामिल हैं। पंकज सिंह पेशे से डेंटिस्ट हैं। मनजिंदर सिरसा ने व्यवसाय के साथ किसानी को भी अपना पेशा बताया है। वहीं, प्रवेश वर्मा और रविंद्र इंद्राज सिंह ने व्यवसाय के साथ समाज सेवा को भी अपना पेशा बताया है। इसी तरह पंकज सिंह डेंटिस्ट होने के साथ ही समाज सेवी भी हैं।

### सीएम और इंद्राज पर कोई मामला नहीं

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर कोई भी आपराधिक मामला नहीं चल रहा है। रेखा गुप्ता कैबिनेट की बात करें तो रेखा गुप्ता और एक



अन्य मंत्री को छोड़कर अन्य सभी पर कम से कम एक मामला चल रहा है। रेखा गुप्ता के साथ ही रविंद्र इंद्राज सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और पंकज कुमार सिंह पर एक-एक मामले चल रहे हैं। कपिल मिश्रा के ऊपर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा के ऊपर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### वर्मा भी करोड़पति

दिल्ली की नई सरकार के सभी मंत्री करोड़पति हैं। रेखा गुप्ता कैबिनेट की औसत संपत्ति 56.03 करोड़ रुपए है। छह में दो मंत्रियों की संपत्ति 100 करोड़ से भी ज्यादा है।



इनमें प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री हैं। उनके पास 248.85 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है। वहीं, प्रवेश वर्मा के पास 115.63 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। कपिल मिश्रा इस कैबिनेट में सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री हैं। चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपने पास कुल 1.06 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है।

### नई कैबिनेट में कपिल सबसे युवा

दिल्ली सरकार की औसत उम्र 50 साल से कम है। नई कैबिनेट में 44 साल के कपिल मिश्रा सबसे युवा हैं।



कपिल मिश्रा के साथ ही 47 के प्रवेश वर्मा और 48 के पंकज कुमार सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिनकी उम्र 50 साल से कम है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और रविंद्र इंद्राज सिंह ने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र 50 साल बताई है। वहीं, कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उम्र 52 साल है। वे जनकपुरी से जीते हैं।

सीएम के बयान से हलचल

### केजरीवाल को देना होगा एक-एक पैसे का हिसाब



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट ने गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ली। उसके बाद पूरा कैबिनेट दिल्ली सचिवालय में अपने अपने पद संभालने के लिए पहुंचा। इस सबके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। रेखा गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को एक-एक पैसा का हिसाब देना होगा।

#### 8 मार्च से 2500 रु. देंगे

भाजपा ने एक ये वादा किया था कि महिलाओं को 2500 की राशि हर महीने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की महिलाओं के बैंक खाते में 8 मार्च से 2500 की राशि आने लगेगी।

---

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरू किया बड़ा अभियान

# बीपी, डायबिटीज और कैंसर का पता लगाने सभी बड़े वयस्कों की मुफ्त जांच की जा रही

### बढ़ती संक्रामक बीमारियों की रोकथाम का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर जैसी गंभीर गैर-संक्रामक बीमारियों के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने 20 फरवरी से 31 मार्च तक एक विशेष जांच अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वयस्कों की मुफ्त जांच की जाएगी ताकि बीमारियों का समय पर पता लग सके।

### स्वास्थ्यकर्मी गांवों-शहरों में घर-घर जाकर करेंगे जांच





इसका उद्देश्य डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की समय रहते पहचान करना है। आशा कार्यकर्ता, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी गांवों और शहरों में घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगे।

**गैर संक्रामक बीमारियां भी एक अहम कारण:** आईसीएमआर की रिपोर्ट है कि देश में 66 फीसदी मौतें गैर-संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन रोग जैसी बीमारियां 30 साल से अधिक उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ रही हैं जो एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। इसलिए

### लूटे हथियारों को तुरंत लौटाएं, नहीं तो होगी कार्रवाई



**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने हिंसाग्रस्त राज्य के लोगों से सात दिन के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को स्वेच्छा से सौंपने का आग्रह किया है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस अवधि के दौरान हथियार छोड़ने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अवधि समाप्त होने के बाद सख्त कार्रवाई होगी।

## हाईकोर्ट के मौजूदा जजों के खिलाफ शिकायतें

केंद्र को नोटिस दिया

# लोकपाल के आदेश पर लगाई रोक, शीर्ष कोर्ट ने इसे परेशान करने वाला बताया

### न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर चिंता जाहिर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ दिए गए लोकपाल के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस नाराजगी जाहिर करते कहा कि ये बहुत परेशान करने वाली बात है। कोर्ट ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर चिंता जाहिर की। केंद्र को नोटिस जारी किया है। लोकपाल रजिस्ट्रार और न्यायाधीश की शिकायत करने वाले को भी नोटिस जारी किया है।

### न्यायाधीश के नाम का खुलासा न किया जाए



जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय ओक की पीठ ने उन न्यायाधीश के नाम का खुलासा करने पर भी रोक लगा दी है, जिनके खिलाफ शिकायत है। केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लोकपाल और लोकायुक्त कानून 2013 के अधिकार क्षेत्र में कभी नहीं आएंगे। मामले पर 18 मार्च को सुनवाई होगी।

**यह है मामला:** 27 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाले लोकपाल ने आदेश में कहा कि लोकपाल एक्ट के तहत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इसी मामले में आरोप लगाया गया था।

---

## कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र पर साधा निशाना

# खतरे में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता, चीन बसा रहा 'सीमा' पर गांव

### केंद्र सरकार पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन कर रही

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा



कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर 90 नए गांव बसा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डाल रही है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन है, राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं।

### राहुल के बयान पर मायावती भड़कीं

#### गठबंधन में बसपा को लाभ नहीं मिला, कांग्रेस का 'दोहरा' चरित्र रहा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान पर गुरुवार को



पलटवार किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बयान में कहा था कि मायावती भाजपा की बी टीम की तरह काम कर रही हैं। राहुल के इस बयान पर मायावती ने भड़कते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने जब भी कांग्रेस जैसी 'जातिवादी' पार्टियों के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा है तो बीएसपी को उनका वोट ट्रांसफर नहीं हुआ है, जबकि उनके वोट गठबंधन के साथी को मिल जाते हैं। उनका दोहरा चरित्र रहा।

## उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पेश किया 9वां बजट

# युवाओं को ब्याज मुक्त लोन, छात्राओं को स्कूटी देने का ऐलान

### चार नए एक्सप्रेस-वे को मंजूरी, मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 9वां बजट गुरुवार को पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आठ लाख, आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट में कई बड़े ऐलान किए हैं। यूपी सरकार ने इस बजट में युवाओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की हैं। युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रवाधान किया गया है। छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है।प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों, चिकित्सा संस्थानों, विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है।

### 92.919 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी रहेगी



वर्ष 2017 से दिसंबर 2024 तक आरक्षी एवं समकक्ष, उप निरीक्षक एवं समकक्ष तथा लिपिक संवर्ग आदि के विभिन्न पदों पर कुल 1,56,206 भर्तियां की गई। वर्तमान में अराजपत्रित श्रेणी के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के 92.919 पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही प्रचलित है। लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाईयों की संख्या तथा 1.65 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश देश के सभी राज्यों में अग्रणी है।

**2066 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित :** प्रदेश में राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों, विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की 11,800 सीटें और पीजी की 3971 सीटें उपलब्ध है। केंद्र ने वर्ष 2025-2026 में यूजी पीजी की कुल 10,000 सीटें जोड़े जाने की घोषणा की गई है, जिसमें से 1500 सीटें उत्तर प्रदेश को प्राप्त होंगी।

उत्तराखंड में अग्रवाल ने प्रस्तुत किया बजट

### राजस्व मद के लिए रखे 59954.65 करोड़

**देहरादून।** गुरुवार को उत्तराखंड विधानसभा में बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री ने लगभग एक लाख करोड़ के



बजट को आज सदन में पेश किया। प्रदेश सरकार ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,01175.33 करोड़ रुपए का बजट वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। राजस्व मद में बजट 59954.65 करोड़, पूंजीगत मद में 41220.67 करोड़ की राशि का प्रविधान किया गया है। कोई राजस्व घाटा नहीं है। 2585.89 करोड़ रुपए का सरप्लस बजट है।

## 10 एशियाई देशों के हैं 300 प्रवासी

# पनामा के होटल में फंसे अमेरिका से निकाले गए भारतीय, दूतावास ने कहा- जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे, आपातकालीन नंबर जारी

*सभी प्रवासी 10 एशियाई देशों से आए हैं, जिसमें ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के लोग शामिल हैं। अमेरिका के लिए इन देशों में सीधा निर्वासन करना मुश्किल है, इसलिए पनामा को एक ठहराव के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका में अवैध प्रवेश के दौरान पकड़े जाने के बाद बाहर निकाले गए करीब 300 लोगों को पनामा के एक होटल में ठहराए जाने के मामले पर गुरुवार को भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें पनामा में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि पनामा के अधिकारियों ने हमें बताया है कि कुछ भारतीय अमेरिका से पनामा पहुंचे हैं। वे सुरक्षित हैं और एक होटल में ठहरे हुए हैं। जहां उनके लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। दूतावास की टीम ने भारतीय नागरिकों से मिलने की अनुमति ले ली है। हम उनकी देखभाल के लिए स्थानीय सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा दूतावास ने अपने नागरिकों की मदद के लिए एक आपातकालीन नंबर (+50762213065) भी जारी किया है।

1 पूरी व्यवस्था अमेरिका और पनामा के बीच हुए समझौते के तहत हो रही

2 यूएस ने ऑपरेशन का खर्च उठाया, चिकित्सा सुविधाएं दी जा रहीं



### भारत लौटे तीन बैच में 333 लोग

गौरतलब है कि बीते 5 फरवरी से लेकर अब तक अमेरिका से तीन बैच में कुल 333 भारतीयों की वापसी हो चुकी है। इनमें से सबसे ज्यादा 126 लोग पंजाब के रहने वाले थे। जिसकी वजह से अमेरिका के सैन्य विमानों की अमृतसर हवाईअड्डे पर लैंडिंग कराई गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल अपने चुनाव अभियान के दौरान और 20 जनवरी 2025 को कार्यभार संभालने के साथ ही अवैध प्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने के लिए सख्त नीति अपनाने की घोषणा की थी। इसी के तहत भारत पहुंचे अवैध प्रवासियों के पहले जत्थे को विमान में बिठाने से पहले उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डाली गई थीं।

### अपने देश लौटने को तैयार नहीं लोग

*जानकारी के मुताबिक, यह 300 लोग एशिया के करीब 10 देशों के रहने वाले हैं। जिसमें श्रीलंका, नेपाल, भारत, चीन, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान शामिल हैं। इनमें से 40 फीसदी लोगों का कहना था कि वो अपने देश वापस जाने के लिए तैयार नहीं हैं। क्योंकि वहां उनका जीवन सुरक्षित नहीं है। जबकि अब इस संबंध में यह जानकारी मिल रही है कि इनमें से आधे से अधिक यानी 171 लोग अंतरराष्ट्रीय संगठनों जैसे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन की मदद से अपने देश लौटने के लिए तैयार हैं। बाकी 129 लोगों को उनके देशों तक वापस भेजने के विकल्पों पर उक्त वैश्विक संगठनों द्वारा विचार किया जा रहा है।*

### हम पुल के रूप में कर रहे देखभालः पनामा

पनामा के उप विदेश मंत्री रुइज हर्नांडिज और सुरक्षा मंत्री फ्रैंक एब्रेगो ने दावा किया कि अमेरिका से पनामा पहुंचे लोगों के लिए भोजन और जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। मामले में हम अमेरिका के साथ एक पुल के रूप में काम कर रहे हैं। यह पूरी व्यवस्था अमेरिका और पनामा के बीच हुए एक समझौते के तहत हो रही है। अमेरिका इस पूरे ऑपरेशन का खर्च उठा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 6 साल से वेतन नहीं टीचर ने की आत्महत्या



**नई दिल्ली।** केरल में एक कैथोलिक स्कूल की युवा टीचर ने कथित तौर पर पिछले छह सालों से वेतन ना मिलने की वजह से सुसाइड कर लिया। पीड़िता की पहचान अलीना बेनी के तौर पर हुई है। वह कोझिकोड जिले के कोडेनचेरी में सेंट जोसेफ लोअर प्राइमरी स्कूल की टीचर थी। बुधवार की दोपहर वह अपने घर पर मृत पाई गईं। थामारसेरी का कैथोलिक सूबा सरकारी मदद से स्कूल चलाता है। केरल के एजुकेशन मिनिस्टर वी शिवनकुट्टी ने जांच करने को कहा है।

### माल्या की याचिका लंदन उच्च न्यायालय लौटी



**लंदन।** कारोबारी विजय माल्या पर तीन साल पहले इंग्लैंड के उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए दिवालियापन संबंधी आदेश को पलटने के प्रयास के तहत दायर याचिका इस सप्ताह लंदन में अपीलीय अदालत में सुनवाई के लिए वापस आई। लंदन के 'चांसरी डिवीजन' में बुधवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एंथनी मान ने माल्या की स्थगन याचिका के खिलाफ फैसला सुनाया। माल्या अदालत में उपस्थित नहीं हुए और उनका प्रतिनिधित्व 'जैवाला एंड कंपनी' के वकीलों कार्तिक मित्तल और मार्क वाटसन-गैंडी ने किया।

### शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला, दो की मौत



**प्राग।** चेक गणराज्य के एक शॉपिंग सेंटर में चाकू से किए गए हमले में दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि प्राग के पूरब में करीब 100 किलोमीटर दूर ह्राडेक क्रालोव शहर के एक स्टोर में चाकू से किए गए हमले के सिलसिले में उसने एक किशोर संदिग्ध को हिरासत में लिया है। समीप ही एक चाकू मिला। मृतक महिलाओं उनकी पहचान नहीं हो पाई है। पीएम पेट्र फियाला ने इस हमले में जान गंवाने वाली महिलाओं के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### वैष्णोदेवी में हेलीकॉप्टर एवं 'रोपवे' सेवा निलंबित



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होने तथा जम्मू समेत मैदानी भागों में वर्षा होने पर गुरुवार को वैष्णोदेवी धर्मस्थल पर हेलीकॉप्टर एवं 'रोपवे' सेवा अस्थायी रूप से बंद कर दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि रियासी जिले में कटड़ा से त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर तक हेलीकॉप्टर सेवा सुबह 'खराब मौसम' के कारण निलंबित कर दी गई। लगातार बारिश के कारण एहतियात के तौर पर भवन से भैरों मंदिर तक रोपवे का संचालन भी नहीं किया गया। हालांकि तीर्थयात्रा बिना किसी व्यवधान के जारी रही।

## जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए एस. जयशंकर

# भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद किया, द्विपक्षीय संबंधों पर भी की विस्तृत चर्चा

*बैठकों से जी20 में भारत की भागीदारी मजबूत होगी*

*ब्राजील की ब्रिक्स अध्यक्षता पर भी भारत ने की चर्चा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर सिंगापुर और ब्राजील के विदेश मंत्रियों के साथ अहम द्विपक्षीय वार्ता की। यह बैठक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित की गई। जयशंकर ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की जहां दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग और वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा की। जयशंकर ने इस बातचीत को महत्वपूर्ण और उपयोगी बताया उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ अच्छी बातचीत हुई। इस बार जोहान्सबर्ग में जी20 बैठक के दौरान हमने दुनिया की स्थिति और आपसी सहयोग को लेकर चर्चा की। जयशंकर ने रूस, दक्षिण अफ्रीका और इथोपिया के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात की।

बता दें, एस. जयशंकर दो दिवसीय दौरे पर दक्षिण अफ्रीका गए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य जी20 में भारत की भागीदारी को मजबूत करना और वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) देशों की आवाज को बुलंदी के साथ आगे बढ़ाना है। जी-20 में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं माने जाने वाले 19 देश और यूरोपीय तथा अफ्रीकी संघ शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में समूह का योगदान 85 फीसदी और व्यापार में 75 फीसदी है। जी-20 के 19 देशों में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, कनाडा, ब्राजील, फ्रांस, भारत, इटली, अर्जेंटीना, जापान, कोरिया गणराज्य, रूस, मैक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की और ब्रिटेन शामिल हैं।



### बहुपक्षीय सहयोग मजबूत करेंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से भी मुलाकात की। इस बातचीत में भारत-ब्राजील के संबंधों, वैश्विक मुद्दों और ब्राजील की ब्रिक्स अध्यक्षता पर चर्चा हुई। जयशंकर ने इसे बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का अवसर बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि जोहान्सबर्ग में ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से मिलकर खुशी हुई। हमने द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक विकास, जी20 में हमारी भागीदारी और ब्राजील की ब्रिक्स अध्यक्षता पर चर्चा की। ब्राजील सरकार ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह-सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा। 2009 में गठित ब्रिक्स एकमात्र प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समूह है, जिसका अमेरिका हिस्सा नहीं है। ब्रिक्स के सदस्यों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं।

### बैठक में शामिल नहीं हुआ अमेरिका

*गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका ने 1 दिसंबर 2024 से जी20 की अध्यक्षता संभाली है जो नवंबर 2025 तक जारी रहेगी। इस बार की बैठक का मुख्य विषय 'एकजुटता, समानता और स्थिरता' है। जी20 समूह, जिसमें 19 बड़े देश, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ शामिल हैं जो वैश्विक आर्थिक और वित्तीय नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि वे जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की नीतियों को अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ बताया।*

### 1999 में हुई जी-20 की स्थापना

*जी-20 की स्थापना वर्ष 1997-98 के एशियाई वित्तीय संकट के ठीक अगले साल 1999 में की गई थी। शुरुआत में इसका ढांचा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक, वित्तीय स्थिरता पर चर्चा करने के लिए महत्वपूर्ण औद्योगिक और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों के विचार-विमर्श के लिए एक जरूरी वैश्विक मंच के रूप में था। लेकिन बाद में समूह ने अपने एजेंडे में परिवर्तन करते हुए व्यापार और आर्थिक मुद्दों के अलावा जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा को भी शामिल किया।*

## भारतीय चुनाव में फंडिंग का मामला

# ट्रंप बोले- शायद बाइडेन किसी और की सरकार बनाना चाहते थे



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर पूर्व की जो बाइडेन सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने एक चौंकाने वाले बयान में कहा है कि शायद वे (पूर्ववर्ती बाइडेन सरकार) भारत में किसी और की सरकार बनवाना चाहते थे। ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

बुधवार को भी ट्रंप ने भारत को फंडिंग देने के पूर्व की सरकार के फैसले पर सवाल उठाए थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है?

### बांग्लादेश को भी की है फंडिंग

एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने खुलासा किया है कि अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों को फंडिंग देने वाली एजेंसी यूएसएआईडी के जरिए फंडिंग की गई है। अमेरिकी सरकार बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने के नाम पर 2.9 करोड़ डॉलर की भी वित्तीय मदद दे रही थी। बांग्लादेश को फंडिंग का खुलासा ऐसे वक्त हुआ है, जब बीते साल बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का पतन हुआ और उसकी जगह मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ है। अमेरिका द्वारा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने के नाम पर फंडिंग की गई, लेकिन फिलहाल बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है और अमेरिका पर ये आरोप भी लगे हैं कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के गिरने के पीछे भी अमेरिका समर्थित डीप स्टेट हो सकते हैं।

### चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेपः भाजपा

भाजपा ने ट्रंप के दावों और बयान को हाथों हाथ लिया। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर कैप्शन में ट्रंप के बयान का एक अंश शेयर करते हुए लिखा कि 'चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए संघ' को 486 मिलियन डॉलर, जिसमें मोल्दोवा में 'समावेशी और सहभागी राजनीतिक प्रक्रिया' के लिए 22 मिलियन डॉलर और भारत में मतदाता मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर शामिल हैं। मतदाता मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर? यह निश्चित रूप से भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप है। इससे किसे लाभ होगा? निश्चित रूप से सत्तारूढ़ पार्टी को नहीं!

केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह बोले

# देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अब केवल एक अनुयायी नहीं रह गया है, बल्कि वो वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है, विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रहा है तथा नवाचारों में पहल कर रहा है। उन्होंने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर रोशनी डालते हुए कहा कि देश ने खुद को विश्व मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिनमें से 396 को पिछले दशक में ही प्रक्षेपित किया गया था, जिससे 2014-2023 तक 157 मिलियन डॉलर और 260 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है, जिसमें महत्वाकांक्षी मिशनों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों में वृद्धि हुई है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) भारत की प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति का सबूत है, जो गगनयान, चंद्रयान-4 और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, भारत के आगामी अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

### अंतरिक्ष में बड़ी उपलब्धि

### भारत उपग्रह प्रक्षेपण के लिए बना पसंदीदा देश



जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत उपग्रह प्रक्षेपण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में भी उभरा है, जिसने देश को वैश्विक विश्वसनीयता अर्जित करवाई है। देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिनमें से 396 को पिछले दशक में ही प्रक्षेपित किया गया था, जिससे 2014-2023 तक 157 मिलियन डॉलर और 260 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता, जिसने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया, ने इसरो को चंद्र अन्वेषण में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। नासा सहित दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियां अब चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से भारत के निष्कर्षों की प्रतीक्षा कर रही हैं, जो एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### एअर इंडिया ने यूरोपीय शहरों में शुरू की सेवा




**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने लुफ्थांसा समूह के साथ अपनी कोडशेयर साझेदारी के विस्तार की घोषणा की, जिसके तहत भारत के 12 शहरों और यूरोप के 26 शहरों में 60 अतिरिक्त मार्गों पर सेवाएं दी जाएंगी। एअर इंडिया ने कहा कि इस विस्तार के हिस्से के रूप में, उसने ऑस्ट्रियन एयरलाइंस के साथ एक नया कोडशेयर समझौता किया है। एयर इंडिया ने कहा कि वह अब अपने ग्राहकों को यूरोप में कुल 26 गंतव्यों और यूरोप में अपने गेटवे (फ्रैंकफर्ट, वियना और ज्यूरिख) से अलग अमेरिका में तीन गंतव्यों तक सेवाओं की पेशकश करेगी।

तीनों सशस्त्र सेनाओं सहित तटरक्षकबल की बढ़ेगी युद्धक व परिचालन क्षमता

# रक्षा मंत्रालय ने दी 1,917 करोड़ से अधिक के दो समझौतों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पड़ोस में लगातार बढ़ते सुरक्षा खतरों के बीच गुरुवार को रक्षा मंत्रालय ने कुल 1 हजार 917.47 करोड़ रुपए के दो महत्वपूर्ण समझौतों को हरी झंडी प्रदान की है। पहला समझौता 1220.12 करोड़ रुपए का है और इससे तटरक्षकबल के लिए मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु से 149 सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो की खरीद की जाएगी। दूसरा समझौता 697.35 करोड़ रुपए का है। जिससे मेसर्स एसीई और मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से तीनों सशस्त्र सेनाओं के लिए 1 हजार 868 रफ टेरेन फोर्क लिफ्ट ट्रकों (आरटीएफएलटी) की खरीद की जाएगी। दोनों समझौतों के जरिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इन दोनों समझौतों पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

यह परियोजना तटरक्षकबल की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के साथ ही केंद्र सरकार के नीली अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों का सहयोग करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।

### डिफाइंड रेडियो संचार

### सूचना के सुरक्षित आदान प्रदान में सहायक होगा



*मंत्रालय ने बताया कि तटरक्षकबल के लिए की गई रेडियो की खरीद भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत की गई है। जबकि दूसरे समझौते को बॉय (इंडियन) श्रेणी के तहत अमलीजामा पहनाया जाएगा। सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो संचार का एक अत्याधुनिक उपकरण है। जिसकी मदद से रेडियो हाई-स्पीड डेटा और सुरक्षित वॉयस संचार के जरिए सुरक्षित-विश्वसनीय सूचना साझा करने, सहयोग और संदर्भपरक जागरूकता को सक्षम करेंगे। तटरक्षकबल की समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज-बचाव अभियान, मत्स्य, समुद्री पर्यावरण संरक्षण के साथ ही अपनी तमाम जिम्मेदारियों को पूरा करने की क्षमता मजबूत होगी। यह रेडियो नौसेना के साथ संयुक्त अभियानों के लिए संचालन क्षमता में इजाफा करेंगे।*

## चंद्रयान-3 मिशन पर अब जाकर इसरो ने किया बड़ा खुलासा

# चंद्रमा पर उतरने के बाद 'विक्रम' ने लगाई थी 'कूद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगस्त 2023 में, चंद्रयान-3 के 'विक्रम' लैंडर ने चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि थी। हालांकि, लैंडिंग के बाद वैज्ञानिकों ने पाया कि विक्रम में अभी भी कुछ प्रोपेलेंट बच गया था। बचे हुए प्रोपेलेंट का यूज करने या न करने पर वैज्ञानिकों के बीच मतभेद थे। कुछ वैज्ञानिकों का मानना था कि इसे यूज करना चाहिए। जबकि अन्य का सुझाव था कि मिशन पहले ही सफल हो चुका है और अतिरिक्त परीक्षण की जरूरत नहीं है। आखिरकार इसरो ने एक अप्रत्याशित फैसला किया। उन्होंने विक्रम लैंडर को 'हॉप' टेस्ट करने का निर्देश दिया। यानी 'विक्रम' ने चंद्रमा की सतह पर कूदकर दिखाया।

चंद्रयान-3 ने 2023 में चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की

विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर 'हॉप' टेस्ट किया, 40 सेमी. ऊपर उठा

### चंद्रमा से नमूने जुटाने में काम देगी 'हॉप' तकनीक



इसरो चीफ वी. नारायणन ने कहा कि लैंडिंग के दिन काफी तनाव था, लेकिन प्रोपेलेंट सिस्टम ने पूरी तरह से काम किया और चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चांद पर उतरा। यह मिशन एक बड़ी सफलता थी। बचे प्रोपेलेंट का इस्तेमाल करने को लेकर पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ के साथ उनकी चर्चा हुई थी। उसके बाद विक्रम लैंडर को 'हॉप' टेस्ट करने का निर्देश दिया। 'हॉप' टेस्ट के जरिए इसरो ने यह साबित किया कि विक्रम लैंडर अपने इंजनों को दोबारा प्रज्वलित कर सकता है। यह क्षमता भविष्य के उन मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां चंद्रमा से नमूने जुटा कर उन्हें पृथ्वी पर लाना है। इस अप्रत्याशित 'हॉप' टेस्ट ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि यह मूल मिशन का हिस्सा नहीं था।

### लैंडर ने इंजनों को री-इग्नाइट किया

इसरो के मुताबिक, सितंबर 2023 में, विक्रम के इंजनों को फिर से सक्रिय किया गया। फिर वह चंद्रमा की सतह से लगभग 40 सेंटीमीटर ऊपर उठा और अपने मूल लैंडिंग प्वाइंट से 30-40 सेंटीमीटर दूर फिर से लैंड किया। इस टेस्ट ने इसरो की उस क्षमता का प्रदर्शन किया कि लैंडर अपने इंजनों को री-इग्नाइट कर सकता है। यह तकनीक भविष्य में चंद्रमा से पृथ्वी पर वापसी जैसे मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने प्राप्त किए परिचय पत्र

# पांच देशों के राजदूतों ने सौंपे अपने राजनयिक परिचय पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को आयोजित किए गए एक समारोह में पनामा, गयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदूतों व उच्चायुक्तों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे। जिन्हें उन्होंने स्वीकार किया।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति को परिचय पत्र सौंपने वाले राजनयिकों में पनामा गणराज्य के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गयाना के उच्चायुक्त धरमकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डॉ. मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस एबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद ए. अबुशावेश शामिल हैं।

गौरतलब है कि बीते 17 फरवरी को भी पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे थे। इसमें मालदीव, नेपाल, कंबोडिया, सोमालिया और क्यूबा मुख्य हैं।

**चतुर्थ सैयद शकील मोहम्मद टी-20 प्रतियोगिता**

# एलबीएस क्रिकेट अकादमी की खिताबी जीत सेंट माइकल अकादमी को 7 विकेट से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलबीएस क्रिकेट क्लब ने बाबे अली मैदान पर गुरुवार को चतुर्थ सैयद शकील मोहम्मद टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली। फाइनल मैच में सेंट माइकल अकादमी को तय 20 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। यथार्थ सिंह, दीपेश बलिया ने दो-दो विकेट लिए। 144 रन के लक्ष्य को लेकर उतरी एलबीएस टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

दो ओवर में 13 रन पर मात्र तीन विकेट गिरने के बाद ऐसा लग रहा था कि सेंट माइकल अकादमी इस प्रतियोगिता को आसानी से जीत लेगी, लेकिन तीसरी विकेट की साझेदारी में 133 रन जुड़े, जिसमें तेजस्वी ने नाबाद 80 रन और दीपेश बालियान ने नाबाद 53 रन की पारी खेलते हुए टीम को विजेता बनाने के अंजाम तक पहुंचाया। इस प्रकार एलबीएस क्रिकेट शाला ने 7 विकेट से फाइनल मैच जीतकर चतुर्थ सैयद शकील मोहम्मद टी20 कप पर अपना कब्जा जमाया।फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच दीपेश बालियान रहे। वहीं प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए यथार्थ सिंह को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।




### गत वर्ष सेमीफाइनल में हुई हार से लिया सबक

टीम के कोच विवेक गौर ने बताया कि विवेक शर्मा की कप्तानी एवं वरिष्ठ कोच डॉ. संजय भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह सभी खिलाड़ी प्रशिक्षण लेते हैं और गत वर्ष इस टूर्नामेंट में हम सेमीफाइनल हार गए थे, जिससे सबक लेते हुए इस बार इस प्रतियोगिता में गंभीरता से खेलते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई जिसका परिणाम यह हुआ कि हम विजेता होने में सफल हुए।

रेल कोच फैक्टरी में महिला क्रिकेट मैच का आयोजन



## मालती इलेवन ने प्रेमलता इलेवन को हराया

**भोपाल।** रेल कोच फेक्टरी की महिला कर्मचारियों का एक प्रदर्शन क्रिकेट मैच गुरुवार को बाल भारती क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। मालती इलेवन और प्रेमलता इलेवन के बीच ये प्रदर्शन मैच खेला गया। मालती इलेवन ने 61 रन बनाए। इसके जवाब में प्रेमलता इलेवन 58 रन ही बना सकी। विजेता टीम के खिलाड़ियों को रेल अधिकारियों ने नकद पुरस्कार दिए। अमृता सैनी, प्रज्ञा मिश्रा, शीतल, इंशा अली और आरती चौधरी को अच्छे रन बनाने और विकेट लेने के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मैच के आयोजक ऑल इंडिया एससी-एसटी एसोसिएशन ने इस मैच का आयोजन रखा। आने वाले समय मे इसे इंटर शॉप स्तर पर खेला जाएगा। इस अवसर पर कारखाने की अधिकारी सीमा गुप्ता, वसुंधरा सुपेकर आदि ने महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। नितिन कुमार, गोकुल साहू और प्रवीण पहारे ने विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए।

## धारणाधिकार में मालिकाना हक लेने वालों का टोटा

**भोपाल।** जिले में अर्बन सीलिंग की जमीनों पर वर्षों से रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए सरकार ने धारणाधिकार शुरू किया, लेकिन एसडीएम सर्किल में केस तो बढ़वाए, लेकिन बड़ी संख्या में लोग मालिकाना हक के लिए वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन से भू भाटक जमा नहीं करना चाहते। दरअसल ईदगाह हिल्स में वर्षों से रह रहे परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए सरकार धारणाधिकार शुरू कराया। अब वहीं से ही ज्यादा आवेदन नहीं आ रहे। इससे अफसर भी हैरान हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने राजस्व वसूली के लक्ष्य की पूर्ति के लिए तहसीदारों को कैंप लगाकर डायवर्सन नजूल लीज की राशि वसूलने के निर्देश दिए हैं।

बुंदेली उत्सव के 5वें दिन दुलदुल घोड़ी बहरूपिया रहे आकर्षण का केन्द्र

# गौरा सांची बताओ...लोकगीत सुनकर झूम उठे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुंदेली विकास संस्थान द्वारा छतरपुर के बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे बुंदेली उत्सव के 26वें संस्करण के चौथे दिन से सांध्यकालीन मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं। बीती शाम बुंदेली उत्सव के मंच पर कार्तिक गीत, आल्हा, बिलवारी, रावला, सोहरे, ढिमरयाई, अलगोजा और तमूरा भजन की प्रस्तुतियां हुईं। इसी के साथ दलदल घोड़ी, बहरूपिया और अलगोजा की प्रस्तुति भी कलाकारों द्वारा दी गई।

प्रस्तुतियों में विशेष आकर्षण संतोष वासुदेव का तमूरा भजन रहा जिसमें उन्होंने प्रसिद्ध भजन गौरा सांची बताओ गाकर दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। आकाशवाणी कलाकार रामसिंह राय और नीलम तिवारी के लोकगीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा छत्रसाल के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के साथ की गई।



बुधवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर फिल्म अभिनेता राजा बुन्देला मौजूद रहे। इन्हीं के साथ मंच पर झांसी के सीएसटी कमिश्नर अजीत सिंह चंदेल, प्रो. शीतल शर्मा, अल्का सिंह, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य सीके शर्मा, समाजसेवी शंकर सोनी, साहित्यकार संतोष पटैरिया आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने मंच से राव बहादुर सिंह बुन्देला स्मृति सम्मान जो कि साहित्य समीक्षा के लिए दिया जाता है, जबलपुर के साहित्यकार गुप्तेश्वर द्वारका गुप्त को प्रदान किया गया जिसमें स्मृति चिन्ह, शॉल-श्रीफल के साथ 3100 रूपए की नगद राशि प्रदान की गई। लोक कला के क्षेत्र में पैगम्बरपुर बांदा के नोटंकी कलाकार विजय बहादुर श्रीवास्तव को नर्मदा प्रसाद गुप्त स्मृति सम्मान से नवाजा गया। उन्हें भी उक्त सम्मान राशि प्रदान की गई।

अपने उद्बोधन में राजा बुन्देला ने बुन्देली उत्सव और शंकर प्रताप सिंह मुन्नाराजा की तारीफ करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से आज बुन्देली संस्कृति पल्लवित हो रही है। इस दौरान उन्होंने मंच से पृथक बुन्देलखण्ड के लिए सभी लोगों से जोर लगाने को कहा। सीएसटी कमिश्नर अजीत सिंह चंदेल ने कहा कि वे यहां पर आकर अपने को धन्य मानते हैं कि इस मंच से उन्हें बुन्देली संस्कृति के दर्शन हुए जिसके लिए पिछले 25 वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



### देर शाम तक चला बुन्देली व्यंजनों का प्रदर्शन

बुन्देली उत्सव के 5वें दिन बुन्देली व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्र की 9 टीमों ने डेढ़ सैकड़ा से भी ज्यादा बुन्देली व्यंजन अतिथियों और निर्णायकों के समक्ष परोसे थे। इनमें बसारी की दीप्ती प्रगति अग्रवाल, रूचि अग्रवाल, आर्या अग्रवाल, गौरी गुप्ता, संध्या रैकवार और वृंदावन रैकवार, छतरपुर की रिंकी शर्मा, लवकुशनगर की सोनिया गुप्ता और टौरियाटेक की बुन्देली बखरी से विक्की चौबे शामिल हुए। निर्णायकों ने व्यंजन चखकर और उसकी निर्माण विधि में उपयोग होने वाले तत्वों की जानकारी के आधार पर निर्णय की घोषणा की जिसमें पहले स्थान पर बसारी की रूचि अग्रवाल, दूसरे स्थान पर बसारी की दीप्ती प्रगति अग्रवाल और तीसरे स्थान पर भी बसारी की ही आर्या अग्रवाल रहीं जिन्हें मंच से पुरस्कृत किया गया। बुन्देली उत्सव के समापन के दिन गुरूवार की दोपहर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा भी बसारी पहुंचे जहां संस्थान के संरक्षक शंकर प्रताप सिंह बुन्देला द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया और सिद्धार्थशंकर बुन्देला द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

**लाइफ स्टाइल**



## ‘लीगली वीर’ का ट्रेलर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म ‘लीगली वीर’ का हिंदी ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। वीर रेड्डी, प्रियंका रेवरी और थनुजा पुथुस्वामी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 7 मार्च को रिलीज़ होने वाली इस फिल्म का निर्देशन रवि गोगुला ने किया है। ट्रेलर में वीर (वीर रेड्डी) की कहानी दिखाई गई है, जो एक महत्वाकांक्षी युवक है और अपने पिता से रिश्ते सुधारने भारत वापस आता है। लेकिन, उसकी ज़िंदगी में तब भूचाल आ जाता है जब वो एक जूनियर वकील की हत्या की गुत्थी में फंस जाता है। ये घटना उसके उसूलों और कर्तव्य को चुनौती देती है।


**लाइफ Style**

## कीर्ति ये सब होते देख रही थी

कीर्ति कुल्हारी का कहना है कि उन्हें उस वक्त काफी बुरा लगा था जब पिंक फिल्म का सारा लाइमलाइट तापसी पन्नू को मिल गया था। कीर्ति ने बोला कि वह पीआर नहीं करती हैं, यह फिल्म अमिताभ बच्चन और तापसी की बन गई थी। कीर्ति ने बताया कि एक्टर्स में हायरैरिकी (जूनियर-सीनियर का क्रम) ने उनको काफी प्रभावित किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कीर्ति बोलीं, ‘जब पिंक आई तो मेरे दिमाग में एक भी बार ये ख्याल नहीं था कि इंडस्ट्री में स्टेटस के हिसाब से कौन बड़ा है या कौन छोटा। मुझे लगा कि तीन लड़कियों की कहानी है। मैं मूवी को इसी तरह देखा। मैं ऐसी जगह से थी जहां मैं मानती थी कि ‘हम सभी एक्टर्स हैं, हम सब साथ हैं’। लेकिन, पिंक से मुझे बड़ा स्टार और छोटा स्टार ट्रीटमेंट फील हो गया। आपके आसपास के लोग आपको ऐसा फील करवा देते हैं। कीर्ति ने कहा कि फिल्म तीन लड़कियों की कहानी थी लेकिन इसको ऐसे प्रमोट किया गया कि लगा कि तापसी को अमिताभ बच्चन के बाद स्टार ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। कीर्ति बोलीं, ‘मैं ट्रेलर देखा तो यह तापसी और अमिताभ बच्चन से भरा पड़ा था। मेरे लिए यह पहला झटका था क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैंने फिल्म की है। शूजित का कहना था, ‘परेशान मत हो, फिल्म आने दो।’ कीर्ति बोलीं, ‘मैं कभी पीआर नहीं करती। मुझे लगता है कि मेरा काम ही दिखेगा। लेकिन प्रमोशंस के दौरान तापसी पन्नू के लिए पीआर मशीनरी लग गई क्योंकि हायरैरिकी में वह मिस्टर बच्चन के बाद आती थी। आखिरकार यह फिल्म उनकी हो गई और वह पिंक गर्ल बन गई। मैं ये सब अपने सामने होता देख रही थी।




**हॉलीवुड मसाला**




## गॉडजिला में भी आई नजर

**लॉस एंजिल्स।** साल 2014 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म ‘गॉडजिला’ में भी एलिजाबेथ ओल्सन अहम भूमिका निभा चुकी हैं। इस फिल्म में उन्होंने फोर्ड की पत्नी एले ब्रॉडी की भूमिका निभाई है, क्योंकि जब राक्षस सैन फ्रांसिस्को तक तैरता हुआ जाता है, तो वह भी गॉडजिला का सामना करती हैं। एमसीयू में स्कार्लेट विच की भूमिका ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। मार्वल की दुनिया में एंट्री लेने से पहले एलिजाबेथ ओल्सन कई फिल्में कर चुकी थीं, लेकिन विश्व स्तर पर पहचान उन्हें एमसीयू के बैनर तले ही मिली।



## खूब हुआ था ‘द रियल वर्ल्ड’ पर विवाद...

**लॉस एंजिल्स।** ‘द रियल वर्ल्ड’ एमटीवी का पॉपुलर अमेरिकी रियलिटी शो है, जिसने 1992 से 25 साल तक राज किया। इस शो ने ‘बिग ब्रदर’ और ‘जर्सी शोर’ जैसे शोज को प्रेरित किया। 33 सीजन और 614 एपिसोड प्रसारित हुए।‘द रियल वर्ल्ड’ने अपार सफलता हासिल की तो उतना ही इसने कई विवादों का भी सामना भी करना पड़ा। कुछ लोगों ने शो पर आरोप लगाया कि यह नेगेटिव बर्ताव व चिल्लम-चिल्ली को बढ़ावा देता है तो कुछ ने इसे ‘स्क्रिप्टेड’भी बताया।‘द रियल वर्ल्ड’का मूल कांसेप्ट बेहद सरल, लेकिन बड़ा दिलचस्प था। जहां कुछ अजनबियों को एक साथ लाया जाता है। अलग- अलग क्षेत्र के दिग्गज को एक घर में कुछ महीने के लिए 25 घंटे कैमरों की नजरों के सामने कैद रखा जाता। जहां कभी इनकी दोस्ती होती दिखती तो कभी दुश्मनी, बिल्कुल बिग बॉस जैसी।



## पुरानी फिल्म नेटफ्लिक्स पर हुई ट्रेंड...

**मुंबई।** सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज कुछ दिनों पहले रिलीज हुई है जिसे काफी पसंद किया गया है। इस फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है ओटीटी पर और इसकी रेटिंग भी अच्छी है। हालांकि, इस फिल्म के बाद से सान्या की पुरानी फिल्मों को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है ओटीटी पर। सान्या की पहले रिलीज हुई फिल्म पगलेट और मीनाक्षी सुंदरेश्वर आज भारत में टॉप 10 की लिस्ट में चौथे और पांचवें नंबर पर है। मिसेज फिल्म की डायरेक्टर आरती यादव भी इससे काफी खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ‘ऐसा बहुत ही कम होता है। हमारी फिल्म मिसेज ने नेटफ्लिक्स की रैंकिंग में भी बदलाव लाई है, क्योंकि लोग सान्या मल्होत्रा की बाकी फिल्म भी देख रहे हैं। बहुत ही शुक्रगुजार हूं और ब्लेस्ड फील कर रही हूं।’



## सलमान-संजय दुबई में कर रहे शूटिंग...

**नई दिल्ली।** सलमान खान और संजय दत्त सऊदी अरब में हॉलीवुड थ्रिलर फिल्म की शूटिंग के लिए पहुंचे हैं। इस फिल्म में दोनों का कैमियो रोल रहेगा। शूटिंग सऊदी के अलऊला स्टूडियो में हो रही है। इस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट का टाइटल अभी छिपाकर रखा गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान और संजय दत्त अमेरिकी थ्रिलर के कुछ बेहद खास सीन में नज़र आएंगे। डस्ट्री के इनसाइडर का कहना है कि फिल्म का लक्ष्य दुनिया भर की ऑडियंस को अपनी तरफ खींचना है। ‘सलमान और संजय को दुनिया भर में लोग पहचानते हैं, खासकर मिडल ईस्ट में। उनके सीन इसलिए डाले गए हैं ताकि ये दर्शकों पर एक अलग प्रभाव छोड़े।’ अलऊला स्टूडियो अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन के लिए अब फिल्म इंडस्ट्री का फेवरेट जगह बन चुका है।

## खबर संक्षेप



### आंद्रीवा से हारकर बाहर हुईं इगा स्वियातेक

**दुबई।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को पहली बार 18 साल से कम उम्र की खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जब वह बृहस्पतिवार को यहां माइरा आंद्रीवा के खिलाफ शिकस्त के साथ दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। सत्रह साल की आंद्रीवा ने स्वियातेक के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की और दुबई चैंपियनशिप के 24 साल के इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गईं। आंद्रीवा इससे पहले पिछले साल सिनसिनाटी में स्वियातेक के खिलाफ अपने एकमात्र मुकाबले में हार गईं थी। रूस की आंद्रीवा अगले दौर में छठी वरीय एलेना रिबाकिना और सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

### एफआईएच प्रो लीग में आज भारत का मुकाबला जर्मनी से

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम अब तक एफआईएच प्रो लीग के चार मैच में सिर्फ एक में जीत दर्ज कर पाई है जिससे शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ मैच में उसकी निगाहें उलटफेर कर अपनी किस्मत बदलने की होगी। चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बाद भारतीय महिला टीम वापसी करने और तालिका में अपनी स्थिति सुधारने के लिए महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए दृढ़ संकल्प है। सलिमा टेटे की अगुवाई वाली टीम चार मैच में चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है।



### पाक को लगा झटका, फखर चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ कुछ भी अच्छा होते हुए नजर नहीं आ रहा है। टूर्नामेंट के पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 60 रनों से हार मिली। अब टीम के स्टार बल्लेबाज फखर जमान चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कीवी टीम के खिलाफ वह नंबर-4 पर खेलने आए थे। मैच के पहले ओवर में ही फखर को फील्डिंग करने के दौरान चोट आई थी। पाकिस्तान अपना अगला मैच भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ दुबई में खेलेगी।



### माफ करो और आगे बढ़ो, हर चीज की चिंता नहीं कर सकते

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के अपने रहस्यों को साझा करते हुए कहा कि भले ही ऐसा करना कठिन हो लेकिन माफ करके आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही खुद को एक लापरवाह व्यक्ति बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं। अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत को दो विश्व कप खिताब दिलाने वाले 43 वर्षीय पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।



### वीनस को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला

**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)।** वीनस विलियम्स को अगले महीने इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है जो इस 44 वर्षीय खिलाड़ी का पिछले एक साल में पहला टूर्नामेंट होगा। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। पहली बार 1994 में लिया था भाग वीनस ने पहली बार 1994 में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग लिया था।



# डब्ल्यूपीएल: मुंबई के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने आज उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

लगातार दो मैच में जीत से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आज शुक्रवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ विजय अभियान जारी रखकर महिला प्रीमियर लीग में जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उसने पहले मैच में गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। आरसीबी के अलावा टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है।

### इन खिलाड़ियों पर जमीं सबकी निगाहें




*इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।*

### मुंबई टीम भी है बेहद मजबूत

मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

**टीम इंडिया ने 6 विकेट से जीतकर किया चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज**

### चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम के शमी, गिल, रोहित और कोहली ने कायम किया रिकॉर्ड

# शमी की बॉल और शुभमन के बल्ले का कहर, टीम इंडिया ने बांग्लादेश को रौंदा

एजेंसी ▶▶ दुबई

चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश की टीम से हुआ। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत एक धांसू जीत के साथ करने में सफल रही। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में जहां मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लेकर बांग्लादेश की टीम को धराशायी कर दिया वहीं शुभमन गिल के धांसू शतक की बदौलत टीम इंडिया ने जीत हासिल की। शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने मोहम्मद शमी से बेहतर प्रदर्शन किया। बांग्लादेश के लिए भी तौहीद ने शतकीय पारी खेली लेकिन कम स्कोर के कारण मैच में बात नहीं बनी और टीम इंडिया ने जीत दर्ज कर ली। टीम इंडिया की जीत के साथ ही कुछ अहम कीर्तिमान भी देखने को मिले हैं।

भारतीय टीम के शमी, गिल, रोहित और कोहली ने रिकॉर्ड कायम किया।भारत ने बांग्लादेश के 228 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए 46.3 ओवर में 4 विकेट पर 231 रन बनाए। शुभमन गिल ने 124 गेंदों पर 100 रनों की ठोस पारी खेलकर टीम की अगुआई की और 51 पारियों में आठ वनडे शतक बनाने वाले सबसे तेज भारतीय बन गए। उन्होंने शिखर धवन के 57 पारियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। केएल राहुल ने 46 गेंदों पर 52 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और पारी का अंत छक्के के साथ जीत सुनिश्चित की।




**शुभमन गिल ने की धवन की बराबरी**

शुभमन गिल ने अपने चैम्पियंस ट्रॉफी डेब्यू में शतक जड़कर शिखर धवन की बराबरी कर ली। धवन ने भी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना डेब्यू शतक के साथ ही किया था। गिल ने इस सीजन चार वनडे में तीन प्लेयर ऑफ़ द मैच अवॉर्ड भी अपने नाम किये हैं। भारत के लिए सबसे कम पारियों में 8 शतक का रिकॉर्ड भी गिल ने बनाया। उन्होंने 51 पारियों में ही यह कारनामा कर डाला।



### रोहित ने सचिन को पछाड़ा

रोहित शर्मा ने बैटिंग में तहलका मचाते हुए सचिन तेंदुलकर का कीर्तिमान ध्वस्त करने का काम किया है। रोहित शर्मा ने सबसे तेज 11000 एक दिवसीय रन बनाने के मामले में तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। रोहित ने 261 पारियों में ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया।

### विराट कोहली का फील्डिंग में धमाल

उधर विराट कोहली का बल्ला नहीं चल पाया लेकिन एक कीर्तिमान उन्होंने भी अपने नाम कर लिया और यह फील्डिंग में था। कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा एकदिवसीय कैच लेने वाले संयुक्त रूप से पहले फील्डर बन गए हैं। 156 कैच के साथ अजहरुद्दीन के साथ कोहली का नाम भी टॉप पर है।

### शमी का दमदार वर्ल्ड रिकॉर्ड

मोहम्मद शमी ने अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह सबसे तेज 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए लेकिन गेंदों के मामले में नम्बर एक पर आ गए। सबसे कम गेंदों में 200 विकेट में शमी नम्बर वन हैं। शमी ने 5126 गेंद डालकर ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया। स्टार्क ने 5240 गेंद डाली थी।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हसन का राहुल बो अक्षर पटेल | 25 | 24 | 4 | 0 |
| सरकार का राहुल बो शमी | 00 | 05 | 0 | 0 |
| शंटो का कोहली बो हर्षित राणा | 00 | 02 | 0 | 0 |
| हसन मिराज का गिल बो शमी | 05 | 10 | 1 | 0 |
| तौहीद का शमी बो हर्षित राणा | 100 | 118 | 6 | 2 |
| रहीम का राहुल बो अक्षर पटेल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जाकिर का कोहली बो शमी | 68 | 114 | 4 | 0 |
| रिशाद का पंड्या बो हर्षित राणा | 18 | 12 | 1 | 2 |
| तंजीम हसन बो शमी | 00 | 4 | 0 | 0 |
| तास्किन का अय्यर बो शमी | 03 | 06 | 0 | 0 |
| मुस्तफिजु रहमान नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09,कुल : 49.4 ओवर में 228/10 रन

**गेंदबाजी :** मोहम्मद शमी 10-0-53-5, हर्षित राणा 7.4-0-31-3, अक्षर पटेल 9-1-43-2, हार्दिक पंड्या 4-0-20-0 रविंद्र जडेजा 9-0-37-0, कुलदीप यादव 10-0-43-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का रिशाद बो तास्किन | 41 | 36 | 7 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 101 | 129 | 9 | 2 |
| कोहली का सरकार बो रिशाद हुसैन | 22 | 38 | 1 | 0 |
| अय्यर का शंटो बो मुस्तफिजुर | 15 | 17 | 2 | 0 |
| अक्षर पटेल का एवं बो रिशाद हुसैन | 08 | 12 | 1 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 41 | 47 | 1 | 2 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 46.3 ओवर में 231/4 रन

गेंदबाजी : तास्किन अहमद 9-0-36-1, मुस्तफिजुर रहमान 9-0-62-1, तंजीम हसन साकिब 8.3-0-58-0, हसन मिराज 10-0-37-0, रिशाद हुसैन 10-0-38-2

### अफगानिस्तान और द.अफ्रीका के बीच मैच आज



एजेंसी ▶▶ दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का तीसरा मैच अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच आज 21 फरवरी शुक्रवार को खेला जाएगा। हाल के दिनों में अफगानिस्तान ने वनडे में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ऐसे में तेम्बा बावुमा की टीम उसे हल्के में नहीं लेना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका कुछ खास नहीं कर पाई थी। ऐसे में वह सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच 21 फरवरी को नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा। हर बार की तरह इस बार भी अफगानिस्तान की गेंदबाजी इस टूर्नामेंट में कमाल की है। टीम के पास राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी जैसे शानदार स्पिन गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाजी में फजलहक फारूकी से काफी उम्मीदें होंगी। बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान बेजोड़ शुरुआत करने को देखेंगे।

## कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने अल्काराज़ ने बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶ दोहा

शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने लुका नारडी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी दूसरे सेट में एक समय 4–1 से आगे था लेकिन इटली के खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी करके मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींच दिया। अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया। चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जिजौ बर्ग्स को 6-2, 6-1 से हराया। वह अंतिम आठ में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से भिड़ेंगे। जैक ड्रेपर ने क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-2, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्होंने टालोन ग्रिक्सपुर को 7-6 (4), 6-7 (6), 6-4 से हराया। बेरेटिनी ने पिछले दौर में नोवाक जोकोविच को हराया था।

### स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत का 49 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** भारत का 49 सदस्यीय दल इटली के तूरिन में आठ से 15 मार्च तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 12वें सत्र में आठ खेलों का आयोजन किया जाएगा और इसमें 102 देशों के 1500 से अधिक खिलाड़ियों और 621 कोच के हिस्सा लेने की उम्मीद है। खेलों के लिए एक लाख दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। भारत ने इन खेलों में अब तक 167 पदक जीते हैं जिसमें 73 स्वर्ण, 49 रजत और 45 कांस्य पदक शामिल हैं।

## रोहित शर्मा ने छोड़ा कैच, हैट्रिक से चूके अक्षर, भारतीय कप्तान ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में एक आसान कैच छोड़ दिया। अगर यह कैच रोहित पकड़ लेते तो मैच में स्पिन गेंदबाज अक्षर पटेल की हैट्रिक हो जाती। कैच छोड़ने के बाद कप्तान पहले खुद पर गुस्सा हुए और इसके बाद हाथ जोड़कर अक्षर से माफी मांगते हुए नजर आए। अब इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



**क्या है पूरा मामला?**

पारी के 9वें ओवर में अक्षर ने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट लेकर सनसनी मचा दी। तीसरी गेंद पर भी अक्षर को लगभग विकेट मिल चुका था, लेकिन कप्तान ने स्लिप में कैच छोड़ा। कैच के छूटने से रोहित इतना निराश थे कि वह गुस्से में जमीन को पीटने को लगे। रोहित ने बांग्लादेश के जाकेर अली का कैच छोड़ा था।

**राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद जीता खिताब**

# आडवाणी ने जीता 14वां एशियाई चैम्पियनशिप खिताब

एजेंसी ▶▶ दोहा

भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यहां एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं।

इस जीत ने क्यू स्पोर्ट्स के इतिहास में उनकी जगह को और भी मजबूत कर दिया है। चूंकि वह इस साल के अंत में होने वाली विश्व स्नूकर चैंपियनशिप पर अपनी नजरें लगाए हुए हैं। हर कोई यह देखने के लिए बेताब है कि क्या वह अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।



### पुरस्कारों की सूची में एक और हुआ इजाफा

आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है।

### स्नूकर में भी जीते तो रच देंगे इतिहास

बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे। ईरान के अमीर सरखोश के खिलाफ फाइनल चैम्पियन के बीच मुकाबला था। पूर्व एशियाई और विश्व आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर चैंपियन सरखोश ने शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन दबाव में अपने संयम के लिए मशहूर आडवाणी ने शानदार तरीके से जवाब दिया। आडवाणी ने 93 और 66 के ब्रेक से मैच पर नियंत्रण कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## धामने, रामकुमार, प्रज्वल को बेंगलुरु ओपन में वाइल्ड कार्ड



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत के 17 साल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मानस धामने, अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और एसडी प्रज्वल देव को 24 फरवरी से यहां शुरू हो रहे बेंगलुरु ओपन एटीपी चैलेंजर 125 टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। कृष त्यागी और निकी कलियंडा पूनाचा मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर में वाइल्ड कार्ड के तौर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### युवा प्रतिभाओं में से एक धामने

भारत की युवा प्रतिभाओं में से एक मानस धामने पिछले दो वर्षों से सर्किट पर सक्रिय हैं और हाल में उन्होंने ट्यूनीशिया के एम 15 मोनास्टिर में अपना पहला खिताब जीता है। जूनियर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर का मैच जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर उन्होंने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराया। वह 2023 में एटीपी टूर का मुख्य ड्रॉ मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।वहीं प्रज्वल देव और रामनाथन काफी अनुभवी हैं।

### रामकुमार व प्रज्वल देव काफी अनुभवी

इस टूर्नामेंट के निदेशक सुनील यजमान ने कहा मानस धामने की प्रगति भारतीय टेनिस के लिए रोमांचकारी चीज है जबकि रामकुमार और प्रज्वल देव काफी अनुभवी हैं। हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले हमारे सभी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

## खबर संक्षेप

### मारी गई नक्सलियों की हुई पहचान

**भोपाल।** बालाघाट के पास जंगल में हॉक फोर्स की सर्च अभियान के दौरान मारी गई चार महिला नक्सलियों की पहचान हो गई है। यह सभी कान्हा भोरमदेव कमेटी की एरिया मेंबर थी। इन पर 62 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सभी छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। मुठभेड़ में मृतक महिला नक्सलियों की पहचान आशा निवासी सुकमा छत्तीसगढ़, रंजीत उर्फ रामली अलसी, सरिता उर्फ शीला निवासी सुकमा,लखे मरावी निवासी सुकमा के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान कई नक्सली जंगल की ओर भाग गए। हॉक फोर्स का सर्चिंग अभियान अभी जारी है। विगत 30 साल के अंतराल में एमपी पुलिस को इस तरह की सफलता मिली है।

### आज दवा इंडिया जेनरिक फार्मेसी का शुभारंभ

**भोपाल।** दवा इंडिया जेनरिक फार्मेसी के नए आउटलेट का शुभारंभ शुक्रवार को होने जा रहा है। कोलार रोड स्थित मंदाकिनी सोसायटी में शुरू हो रहे दवा इंडिया जेनरिक फार्मेसी का उद्घाटन सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री अतिथि जेपी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ इंद्र कुमार चुघ करेंगे। दवा इंडिया जेनरिक फार्मेसी में बाजार से 40 प्रतिशत सस्ती दवाएं मिलती है।

### गार्बेज स्टेशन पर 110 सफाई मित्रों की जांच



**भोपाल।** गुरूवार को गोविंदपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 110 सफाई मित्रों और वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शुक्रवार और शनिवार को आरिफ नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।
निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने बताया कि गोविन्दपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में काम करने वाले सफाई मित्र और वाहन चालकों का स्वास्थ्य चेकअप किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. शिवांगी दीक्षित सहित अन्य चिकित्सकों ने 110 सफाई मित्रों और वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### रेलवे के हेल्थ ऑफिसर की जमानत खारिज

**विसं. भोपाल।** ठेकेदार से उसके बिल पास करने के नाम पर 75,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए सीबीआई टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए ईटारसी रेलवे स्टेशन पर पदस्थ हेल्थ ऑफिसर हरिमोहन मीणा के जमानत के आवेदन को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने मीणा के साथी प्रायवेट कर्मचारी देवराव पवार के जमानत आवेदन को स्वीकार कर लिया है। सीबीआई के एसपी को फरियादी योगेश साहू ने शिकायती आवेदन देकर शिकायत की थी कि उसकी फर्म महेश इंटरप्राइजेस को इटारसी स्टेशन रैग पैकिंग का कार्य रेलवे द्वारा दिनांक17 अगस्त 2024 को दिया गया था। आरोपी हरिमोहन मीणा उससे बिल पास करने के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत दिए जाने की मांग कर रहा है। सीबीआई टीम ने हरिमोहन मीणा और उसके सहयोगी देवराव पवार को 75,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था।

### सेवामुक्त होमगार्डों की पेंशन समस्या सुलझाएं

**भोपाल।** सेवामुक्त होमगोर्डों को पुलिस आरक्षक के समान पेंशन का लाभ दिया जाए। यह मांग शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव को भेजे मांग पत्र में की है। मांग पत्र में सेवामुक्त होमगार्डों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई है। सुशील पाण्डेय ने बताया कि होमगार्ड विभाग के वर्ष 2011 के बाद रिटायर्ड हुए सभी होमगार्ड को पुरानी पेंशन प्रदान की जाए। होमगार्ड को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश वर्ष 2015 के पालनार्थ आरक्षक के न्यूनतम वेतनमान के समान वेतनमान तो दिया गया है लेकिन पेंशन का लाभ आज तक उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है।

### अधिकारियों की लापरवाही से दो घंटे तक यात्रियों की सांस अटकी रही

# बम की सूचना पर अफसरों ने आउटर की बजाय प्लेटफार्म खड़ी करवाई थी कामयानी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मंडल के बीना स्टेशन पर दो दिन पहले कामायनी एक्सप्रेस में बम की अफवाह से जहां पूरे रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया था। वहीं, जिन अधिकारियों पर इस स्थिति से निपटने की जिम्मेदारी थी वह अधिकारी निर्णय लेने में सक्षम नहीं थे। इसके चलते ट्रेन दो घंटे तक यात्रियों की जान खतरे में डाली रही है। दरअसल बम की अफवाह के बाद 11:30 बजे ट्रेन को बीना स्टेशन पर रोका गया। उसे आउटर की बजाय प्लेटफार्म पर खड़ा करवाया गया। 1.30 बजे ट्रेन को खाली कराकर बम निरोधक दस्ता ने जांच की। ऐसे में इन दो घंटे तक यात्री की जान खतरे में पड़ी रही। यदि ट्रेन में बम होता तो सैकड़ों यात्रियों की जान जा सकती थी।

#### सुबह 11:30 पर रोकी ट्रेन,1.30 बजे खाली करवाई




#### बड़ी लापरवाही आई सामने

बम की सूचना के बाद ट्रेन को यार्ड में खड़ा किया जाना था, जबकि यह ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ली गई थी, इसमें भी अधिकारियों ने ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर खड़ा करने का गलत निर्णय लिया था। जबकि बम होने की जानकारी लगते ही इसे स्टेशन पर यात्रियों को उतारकर आउट साइट में खड़ा किया जाना था।

ट्रेनों को बम से उठाने को लेकर लगातार पिछले कुछ दिनों से मामले सामने आ रहे है। बीना कामायनी एक्सप्रेस से पहले भोपाल स्टेशन,निशातपुरा व मिसरोद स्टेशन पर ट्रेन में बम की अफवाह के बाद रोकना पड़ा था। इसके चलते रेलवे को लाखों का नुकसान होता है। दरअसल संबंधिक ट्रेन के साथ-साथ पीछे चल रही ट्रेनों को रोकना पड़ता है। इस वजह से रेलवे की टाइमिंग गड़बाड़ा जाती है। रेलवे अधिकारियों कहना है कि इस तरह की अफवाहों से निपटने के लिए कई एजेंसी काम कर रही है। लेकिन इस तरह के मामले से रेलवे नुकसान होता है।

#### निर्णय लेने में समय लग जाता है

ट्रेनों बम की अफवाह से रेलवे ट्रेनें घंटे भर से अधिक समय रोकना पड़ता है। इससे रेलवे को नुकसान होता है। हालाकि इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए कई जांच एजेंसियां है। जोकि काम करती है। यात्रियों से जुड़े मामले में कई बार निर्णय में समय लग जाता है।

**हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ, पमरे**

### देशभर के पायलट 36 घंटे का उपवास रखकर चला रहे ट्रेनें

देश भर में लोको पायलेट्स व रनिंग स्टाफ ने लगातार 36 घंटे उपवास करते हुए ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। गुरुवार से भोपाल मंडल के 1500 रनिंग स्टाफ व लोको पायलेट भी इसमें शामिल हो गए। भोपाल रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट धरने पर बैठे रहे। सभी लोको पायलट हड़ताल स्थल से ही अपनी-अपनी ड्यूटी पर जा रहे हैं। दरअसल 7वें वेतन आयोग के तहत एपीएल के वेतनमान को आईटीआई डिप्लोमा के समकक्ष किए जाने, 8 घंटे से अधिक ड्यूटी होने पर डबल विश्राम मिलने व छुट्टी छुट्टी की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। संगठन के अनुसार, पूरे देश के 367 डिपो और 36 रेल मंडलों के लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट 21 दिनों का नोटिस दे चुके हैं, जिसके बाद वे भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

#### यह है प्रमुख मांगें

- माइलेज का रेट आरएसी 1980-81 के आधार पर दिया जाए।
- माइलेज रेट में परिवर्तन के लिए नियमबद्ध माइलेज का आंकलन कर नई सीमा बढ़ाई जाए।
- 01.01.2024 से टीए के रेट को भी माइलेज रेट के अनुसार संशोधित किया जाए।
- 6वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार भत्तों का पुनः निर्धारण हो।
- 7वें वेतन आयोग के तहत सातवें वेतनमान को आईटीआई डिप्लोमा के समकक्ष किया जाए।
- साप्ताहिक विश्राम 30 घंटे के बजाय 16 घंटे से अधिक दिया जाए।

## बिल्डर ने एक ही प्लाट को 3 लोगों को बेचकर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी पुलिस ने एक बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने साल 2005 में प्रेम नगर अवधपुरी में प्लाटिंग की थी। उसी दौरान आरोपी ने अलग-अलग समय में तीन लोगों को एक ही प्लाट बेचकर तीनों की रजिस्ट्री भी करा दी।

पुलिस का अनुमान है कि एक ही प्लाट की तीन अलग-अलग रजिसट्रियां रजिस्ट्रार ऑफिस के कर्मचारियों के मिलीभगत से ही हुई होंगी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक आकांक्षा काम्प्लेक्स एमपी नगर निवासी विनोद वर्मा (35) कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। साल 2005 में आशीष चक्रवर्ती ने प्रेम नगर अवधपुरी में प्लाट काटे थे। विनोद वर्मा ने 520 वर्गफिट का प्लाट क्रमांक 17 बी एक लाख रुपए में खरीदा था।

आशीष चक्रवर्ती ने प्लाट की रजिस्ट्री भी विनोद के नाम से करा दी थी। लेकिन पिछले दिनों फरियादी को पता चला है कि उसने जो प्लाट खरीदा है वही प्लाट दो अन्य लोगों राजू वाचाल और राजीव शर्मा को भी बेच दिया गया है। उक्त प्लाट की रजिस्ट्रियां वाचाल और शर्मा के नाम से भी करा दी गई हैं। फरियादी ने शिकायती आवेदन आला अधिकारियों को दिया था। आवेदन जांच के बाद आरोपी आशीष चक्रवर्ती के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर जब्त किया ढाई लाख रुपए का माल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखी सेवनिया पुलिस ने शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर उसके पास से दो लाख चालीस हजार रुपए का माल बरामद किया है। आरोपी शातिर नकबजन है और उस पर पूर्व में चोरी और नकबजनी के दर्जन भर अपराध दर्ज है। आरोपी सांची और सलामतपुर में नकबजनी की वारदात में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। गत महीने ही वह जेल से जमानत पर छूटा था और नकबजनी की वारदात करने लगा था।

थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि कि भगवत राठौर पिता मोहनलाल राठौर (55) हैप्पी ग्रीन कालोनी, ओमकारा सेवनियां में रहते हैं। उन्होंने गत 27 फरवरी 2024 को शिकायत करते हुए बताया कि दिनदहाड़े उनके मकान से अज्ञात नकबजन ने किचन की ग्रिल तोड़कर चोरी कर ली है। नकबजन उनके घर से सोने चांदी के जेवरात सहित दो लाख चालीस हजार रुपए के जेवर लेकर गया है। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की। पूर्व में चोरी और नकबजनी की वारदात करने वालों बदमाशों की कुंडली खंगाली गई। इस दौरान पुलिस को पता चला कि थाने का निगरानी बदमाश और शातिर नकबजन अरुण उर्फ किंग लोधी जनवरी में ही जमानत पर रिहा हुआ है। पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपी के बारे में पता लगाया। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पूर्व नकबजन अरूण उर्फ किंग लोधी पिता राजेंद्र लोधी (23) निवासी चौपड़ा कला को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने भगवत राठौर के घर दिनदहाड़े नकबजनी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया। आरोपी से नकजनी के हाथ लगे दो लाख चालीस हजार रुपए के जेवरत जब्त किए गए है।

## साइकिल चलाते समय गिरने से सातवीं कक्षा की छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित अमरनाथ रोड पर पुलिया के पास सातवीं कक्षा की एक छात्रा साइकिल चलाते समय गिर गई। वह खुद घर पहुंची और परिजन को उसने साइकिल से गिरने के बात बताई थी। गिरने के कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए थे। वहां से एम्स में भर्ती करा दिया। एम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ए-सेक्टर सर्वधर्म कॉलोनी कोलार निवासी सुखमणि साहू पुत्री मानक साहू (15) सातवीं कक्षा की छात्रा थी। पिता मजदूरी करते हैं। विगत 18 फरवरी की दोपहर सुखमणि अमरनाथ रोड पर पुलिया के पास बैलेंस बिगड़ने से गिर गई। वह साइकिल लेकर घर पहुंची और परिजन को बताया। उस समय तक उसकी तबीयत ठीक थी। शाम को तबीयत बिगड़ने लगी और परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। लगातार स्थिति बिगड़ती देख परिजन सुखमणि को लेकर एम्स पहुंचे थे, वहां बुधवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

### करोड़ों रुपए की ठगी कर फरार हुआ था आरोपी

## भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय को 10 वर्ष के कारावास की सजा

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

करोड़ों रुपए की ठगी कर फरार होने वाले शातिर ठग भू-माफिया डीआईएल कंपनी के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर रमाकांत विजयवर्गीय उम्र 70 वर्ष निवासी विजय नगर इंदौर को अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन ने भादंसं की धारा- 406 और 409 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 20, 000 रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। आरोपी रमाकान्त विजयवर्गीय को जमीन के धोखाधड़ी और जालसाजी किए जाने के ऐसे ही एक मामले में 2 जून 2022 को जिला न्यायालय ने उम्रकैद की सजा और 3 अक्टूबर 2024 को 10 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। फरियादी महेश कौशल एवं एचआर कुरैशी की शिकायत पर कोहेफिजा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। कोहेफिजा थाना भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय के खिलाफ करीब 250 लोगों से 100 करोड़ रुपयों की ठगी कर फरार होने के आरोप लगाए गए थे।

#### करोड़ 43 लाख रुपए की ठगी के आरोपी की जमानत खारिज

1 करोड़ 43 लाख रुपए की साइबर ठगी करने के मामले के आरोपी पिंटू बैस के जमानत आवेदन को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शरद जयसवाल ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दिया। फरियादी देव सिंह ने शिकायती आवेदन देकर बताया था कि अप्रेल 2024 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाट्सअप ग्रुप C 57 एक्सेल स्टूडेंट में जोड़ने के बाद उस ग्रुप में शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के नाम पर ठगी की थी। था।

## 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक लगातार 139 कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां दी... बना वर्ल्ड रिकॉर्ड





**भोपाल।** मध्यप्रदेश ने एक और इतिहास रच दिया है। 51वें खजुराहो डांस फेस्टिवल में शास्त्रीय नृत्य मैराथन में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक लगातार 139 कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे।

## होली के पहले रंग, गुलाल और मिठाइयों की होगी जांच-पड़ताल, टीमें लेगी सैंपल

### मिठाइयों पर एक्सपायरी डेट चस्पा नहीं करने वालों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

होली की मिठास को सुरक्षित करने के लिए खाद्य विभाग रंग, गुलाल और बाजार में बेची जा रही मिठाईयों की जांच करेगा।

जिसके लिए अलग-अलग टीमों को शहर में भेजकर सैंपलिंग कराई जाएगी। हालांकि सैंपल की रिपोर्ट कब आएगी, यह किसी को नहीं पता। इधर मिठाईयों की सैंपलिंग भी की जाएगी। दरअसल होली के मौके पर शहर में भारी मात्रा में मिठाईयां बेची जाती है। इस दौरान कई व्यापारी मिलावटी मावा सहित अन्य पदार्थों से मिठाईयां तयार करते है, जिसको लेकर जांच टीमों को भेजकर संपलिंग कराई जाएगी। इधर मिठाइयों पर एक्सपायरी डेट की जानकारी देने संबंधी आदेश हवा हवाई हो चुका है। कॉलोनियों व शहर की छोटी दुकानों में से किसी पर भी मिठाइयों की एक्सपायरी डेट से संबंधित जानकारी चस्पा नहीं की जा रही है। जिला खाद्य सुरक्षा विभाग भी एफएसएसएआई के आदेशों का पालन कराने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है। नतीजा यह है कि दुकानदार आम आदमी के सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि होली को देखते हुए सभी इंस्पेक्टर अपने अपने क्षेत्र में सैंपलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भोपाल में छाए बादल, भिंड-मुरैना में हल्की बारिश

## आखिरी सप्ताह में फिर गिरेगा पारा, रात और दिन होंगे ठंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मियों का मौसम शुरु होने के बाद भी सर्दी का एक दौर आने वाला है। अगले 24 घंटे यानी, 21 फरवरी से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान है। इससे पहले गुरुवार को भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन, रायसेन, विदिशा, सीहोर में दिन में गर्मी का असर देखा गया।

वर्तमान में दक्षिण पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम सक्रिय है। वहीं, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय बना हुआ है। इस वजह से प्रदेश में भी मौसम बदला है। भिंड और मुरैना में गुरवार सुबह मुरैना में बूंदाबांदी देखने को मिली। बदलते मौसम से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर फिर बढ़ सकता है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि 24 फरवरी को उत्तर-पश्चिम भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसका असर प्रदेश में देखने को मिल सकता है।



#### बादल छाए, फिर भी नहीं गिरा पारा

बुधवार के साथ गुरुवार को भोपाल में बादलों की लुकाछिपी जा रही, लेकिन पारा नहीं लुढ़का। यहां दिन का तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी में 27.3 डिग्री, रायसेन में 29 डिग्री, नरसिंहपुर में 29.2 डिग्री रहा। कई शहरों में दिन के तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, रात में पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930